# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शुक्रवार, 27 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 57, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## शेयर बाजार स्थिर रुख के साथ बंद

वैश्विक संकेतों के बीच उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। } 14

## ग्रेड आधारित ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली लाने की तैयारी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और जिम्मेदारी से वाहन चलाने को बढ़ावा देने के लिए ग्रेड आधारित ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली लागू करने की योजना बना रही है। } 16



## 48 घंटे में हवाई टिकट रद्द करने पर नहीं लगेगा शुल्क

### बुकिंग के 24 घंटों के भीतर नाम पर सुधार के लिए नहीं लेना चाहिए कोई अतिरिक्त शुल्क

एजेंसी

नयी दिल्ली। विमान यात्री अब बुकिंग के 48 घंटों के भीतर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के हवाई टिकट रद्द करा सकते हैं या उसमें बदलाव कर सकते हैं। हालांकि, यह कुछ शर्तों पर निर्भर करेगा।

डीजीसीए ने नियमों में संशोधन करते हुए यह भी कहा कि यदि यात्री, बुकिंग के 24 घंटों के भीतर नाम में किसी प्रकार की गलती को बताता है और टिकट सीधे एयरलाइन की वेबसाइट के माध्यम से बुक किया गया है, तो एयरलाइन कंपनियों को उसी व्यक्ति के नाम पर सुधार के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लेना चाहिए। डीजीसीए ने कहा कि ट्रैवल एजेंटापोर्टल के माध्यम से टिकट खरीदने की स्थिति में, पैसे वापसी की जिम्मेदारी एयरलाइन कंपनियों की होगी क्योंकि एजेंट उनके नियुक्त प्रतिनिधि होते हैं। एयरलाइन कंपनियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि पैसे वापस करने की प्रक्रिया 14 कार्य दिवसों के भीतर पूरी हो जाए। इसके अलावा, चिकित्सा आपात स्थिति के कारण यात्रियों के टिकट रद्द करने के नियमों में भी बदलाव किये गये हैं। समय पर रिफंड न मिलने की यात्रियों की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए हवाई टिकट वापसी के लिए नागर विमानन आवश्यकताओं (सीएआर) में संशोधन किये गये हैं। दिसंबर, 2025 में इंडिगो की ...शेष पृष्ठ 14 पर




## मानवता को कभी संघर्ष का शिकार नहीं बनना चाहिए : मोदी

### भारत और इजराइल ने अपने संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया

एजेंसी

यरुशलम। भारत और इजराइल ने बृहस्पतिवार को समय की कसौटी पर खरे साबित हुए संबंधों को एक विशेष रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक आगे बढ़ाया और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने पर सहमति व्यक्त की।

इजराइल का दौरा कर रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गाजा शांति पहल का जोरदार समर्थन करते हुए कहा कि मानवता को कभी संघर्ष का शिकार नहीं बनना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी और उनके इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू के बीच हुई वार्ता के बाद, दोनों पक्षों ने व्यापार, कृषि, ऊर्जा, साइबरस्पेस और डिजिटल भुगतान के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। भारत और इजराइल ने प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के ढांचे के तहत सैन्य उपकरणों के संयुक्त विकास और संयुक्त उत्पादन की दिशा में काम करके अपनी पहले से ही घनिष्ठ रक्षा साझेदारी का विस्तार करने का भी संकल्प लिया। अपने मीडिया बयान में मोदी ने कहा कि भारत का सुरक्षा हित पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता से जुड़ा है, और उन्होंने कहा कि नयी दिल्ली गाजा शांति पहल का पूरी तरह से समर्थन करती है। उन्होंने कहा, भारत का रुख स्पष्ट है: मानवता को कभी भी संघर्ष का शिकार नहीं बनना चाहिए। गाजा शांति योजना के माध्यम से शांति का मार्ग प्रशस्त हुआ है। भारत ने इन प्रयासों का पूर्ण समर्थन किया है। उन्होंने कहा, भविष्य में भी हम सभी देशों के साथ संवाद और सहयोग जारी रखेंगे। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर इजराइल पहुंचे। नौ वर्षों में यह उनका इजराइल का दूसरा दौरा है। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और इजराइल का यह एक साझा मत है कि दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है और दोनों पक्ष आतंकवाद तथा उसके समर्थकों का मुकाबला करने में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उन्होंने कहा, हमारा रिश्ता गहरे विश्वास, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवीय संवेदनशीलता की मजबूत नींव पर टिका है। हमारा बंधन समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। उन्होंने कहा, आज हमने अपनी समय की कसौटी पर ...शेष पृष्ठ 14 पर



## संक्षेप

### कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को तीन दिन की पुलिस हिरासत

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान कमीज उतार कर प्रदर्शन करने के सिलसिले में शिमला से गिरफ्तार कर यहां लाये गए भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के तीन आरोपी कार्यकर्ताओं को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मृदुल गुप्ता ने दिल्ली पुलिस की उस याचिका पर आदेश पारित किया जिसमें तीनों आरोपियों से पांच दिन के लिए हिरासत में पूछताछ का अनुरोध किया गया था। मजिस्ट्रेट ने कहा कि तीनों आरोपियों को एक मार्च को पुलिस हिरासत पूरी होने पर अदालत में पेश किया जाना चाहिए। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आरोपियों को अदालत में पेश किया गया।

### वाराणसी में जिला एवं सत्र न्यायालय भवन को बम से उड़ाने की धमकी

वाराणसी (उप्र)। वाराणसी में जिला एवं सत्र न्यायालय के भवन को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद बृहस्पतिवार को पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया। अधिवक्ता श्रीनाथ ने बताया कि उन्हें बुधवार देर रात उनके मोबाइल फोन पर जिला एवं सत्र न्यायालय भवन को उड़ाने की धमकी वाला एक संदेश प्राप्त हुआ था। श्रीनाथ ने बताया कि उन्होंने इस बारे में जिला न्यायाधीश को सूचित किया जिसके बाद पुलिस ने आज अदालत परिसर में तलाशी का अभियान शुरू किया।

# योगी का सिंगापुर-जापान दौरा सफल, 1.5 लाख करोड़ के हुए एमओयू

## यूपी सरकार का ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक पर ऐतिहासिक समझौता, 2.5 लाख करोड़ के निवेश से यूपी में 5 लाख बढ़ेंगे रोजगार

विशेष संवाददाता

यामानाशी/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सिंगापुर और जापान दौरा निवेश, तकनीक और वैश्विक साझेदारी के लिहाज से बेहद सफल रहा।

इस यात्रा के दौरान प्रदेश सरकार को 1.5 लाख करोड़ रुपये के एमओयू तथा 2.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यूपी सरकार ने जापान के यामानाशी प्रांत के साथ ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक को लेकर ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत भारतीय छात्रों को जापान में उच्चस्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन निवेश प्रस्तावों के धरातल पर उतरने से 5 लाख से अधिक युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे और यह उत्तर प्रदेश को वर्ष 2029-30 तक वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में एक निर्णायक कदम सिद्ध होगा।




मीडियाकर्मियों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि जापान में 90,000 करोड़ रुपये के एमओयू और लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल को प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार सिंगापुर में 60,000 करोड़ रुपये के एमओयू और लगभग 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इन प्रस्तावों को आगे बढ़ाने का कार्य इन्वेस्ट यूपी और राज्य के अन्य संबंधित विभाग समयबद्ध ढंग से करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पूरी यात्रा के दौरान यह स्पष्ट रूप से देखने को मिला कि कानून-व्यवस्था (लॉ एंड ऑर्डर) और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर प्रधानमंत्री मोदी का प्रारंभ से रहा फोकस अब परिणाम दे रहा है। टेक्नोलॉजी के व्यापक उपयोग और प्रशासनिक पारदर्शिता से वैश्विक निवेशकों का विश्वास अर्जित होता है और यही विश्वास दोनों देशों में उत्तर प्रदेश के प्रति दिखाई दिया। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तर प्रदेश को अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित किया गया है तथा रूल ऑफ लॉ के अनुरूप बेहतर कानून-व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिसका सकारात्मक प्रभाव निवेश के माहौल पर पड़ा है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि यामानाशी के गवर्नर अगस्त माह में लगभग 200 जापानी सीईओ के प्रतिनिधिमंडल के साथ उत्तर प्रदेश आने वाले हैं, जो संभावित निवेश को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। इसी प्रकार सिंगापुर से भी एक बड़ा बिजनेस डेलिगेशन उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आने को उत्सुक है। सीएम योगी ने कहा कि इस यात्रा के दौरान भारतीय समुदाय के साथ संवाद का अवसर भी मिला। सिंगापुर, टोक्यो और यामानाशी, तीनों स्थानों पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

### रणनीतिक साझेदारी का नया इतिहास रचेंगे यूपी व जापान

**यामानाशी(जापान)/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश और यामानाशी (जापान) के मध्य रणनीतिक साझेदारी का नया अध्याय रचा जा रहा है। गुरुवार को सीएम योगी के साथ वार्ता में जापान के यामानाशी प्रांत के गवर्नर कोटारो नागासाकी ने आगामी अगस्त माह में 200 जापानी सीईओ के साथ यूपी का दौरा करने का प्रस्ताव दिया, जिसका सीएम ने हार्दिक स्वागत किया।

यामानाशी व यूपी सरकार के बीच उद्योग, पर्यटन और व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। दोनों पक्षों के बीच इस संबंध में एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू में ग्रीन हाइड्रोजन, स्वच्छ ऊर्जा नवाचार और तकनीकी आदान-प्रदान को विशेष प्राथमिकता दी गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में आईआईटी कानपुर को ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह पहल ऊर्जा आत्मनिर्भरता को मजबूत करेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाएगी। अगस्त माह में 200 जापानी सीईओ के साथ यामानाशी के गवर्नर का प्रस्तावित यूपी दौरा राज्य में औद्योगिक निवेश और साझेदारी को नई गति देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज स्केल, स्किल और स्पीड के मॉडल पर आगे बढ़ रहा है। राज्य में मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश अनुकूल वातावरण और इन्वेस्ट यूपी की जापान डेस्क के माध्यम से निवेशकों को सहज सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही, यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) क्षेत्र में प्रस्तावित जापान इंडस्ट्रियल टाउनशिप जापानी कंपनियों के लिए विशेष अवसर प्रदान करेगी। यामानाशी में हुए इस समझौते को मुख्यमंत्री ने नई ...शेष पृष्ठ 14 पर

## धन शोधन मामले में ईडी के समक्ष पेश हुए अनिल अंबानी

एजेंसी

नयी दिल्ली। रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के मामले में दूसरे दौर की पूछताछ के लिए बृहस्पतिवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। अंबानी (66) पूर्वाह्न करीब साढ़े 10 बजे मध्य दिल्ली स्थित संघीय जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। इससे पहले उनसे अगस्त 2025 में पूछताछ की गई थी। एजेंसी के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत उनका बयान दर्ज किया है। यह जांच उनकी समूह कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस द्वारा कथित रूप से 40,000 ...शेष पृष्ठ 14 पर



## पूरी तरह से डिजिटल तरीके से होगी जनगणना 2027

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में वर्ष 2027 की जनगणना पूरी तरह से डिजिटल तरीके से की जाएगी। देश में हर 10 वर्ष में जनगणना होती है। 2027 की जनगणना के केंद्र में जनगणना प्रबंधन और निगरानी प्रणाली (सीएमएमएस) होगी जो एक विशिष्ट डिजिटल पोर्टल है। इसे दुनिया के सबसे बड़ी प्रशासनिक प्रक्रियाओं में से एक को व्यवस्थित तरीके से संचालित करने के लिए डिजाइन किया गया है। कागज आधारित जनगणना प्रणाली से अलग जनगणना के डिजिटल स्वरूप में कर्मी हाथ में क्लिपबोर्ड और कार्बन कॉपी लेकर नहीं, बल्कि पोर्टल के तहत हस्तचालित उपकरणों, जियोटैग किए गए मानचित्रण उपकरणों और एक केंद्रीकृत वेब-आधारित कमान मंच का उपयोग करते नजर आएंगे, जो भारत की पहली पूरी तरह से डिजिटल जनगणना होगी। इसके सॉफ्टवेयर को विशेष रूप से ...शेष पृष्ठ 14 पर




## विरासत से विकास की यात्रा का बीबीडी विश्वविद्यालय एक गौरवशाली उदाहरण : विराज सागर दास, बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप में उत्कर्ष-2026 का शानदार आगाज

# बीबीडी यूनिवर्सिटी के छात्र डिग्री होल्डर ही नहीं फ्यूचर लीडर भी हैं : नीरज सिंह

विशेष संवाददाता

लखनऊ। बाबू बनारसी दास एजुकेशनल ग्रुप के तत्वावधान में हो रहे तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव उत्कर्ष-2026 का गुरुवार को शानदार आगाज लखनऊ कैम्पस में हुआ। उत्कर्ष-2026 की थीम विरासत से विकास तक है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि नीरज सिंह, चेयरमैन, फिक्की-लीडर्स फोरम, यूपी चैप्टर एवं चैयरमैन, यूपी योगा एसोसिएशन और बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं बीबीडी यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर विराज सागर दास ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास और अखिलेश दास गुप्ता स्कूल की डायरेक्टर देवांशी दास, बीबीडी के मुख्य अधिशाषी निदेशक आरके अग्रवाल, बीबीडी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. एसके श्रीवास्तव, प्रो वाइस चांसलर डॉ एससी शर्मा, रजिस्ट्रार डॉ सुधर्मा सिंह और उत्कर्ष के मुख्य संयोजक डॉ. एसएमके रिजवी, सभी निदेशक, डीन, फैकल्टी, स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि नीरज सिंह द्वारा उत्कर्ष-2026 के प्रारम्भ की घोषणा की गयी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नीरज सिंह ने अपने संबोधन में छात्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुति देखकर सभी की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि बीबीडी का नाम न केवल लखनऊ में, बल्कि पूरे भारत में अपनी विरासत के कारण जाना जाता है। यहां के छात्र डिग्री होल्डर ही नहीं बल्कि फ्यूचर लीडर भी है। यहां संभावनाओं की कमी नहीं है। विरासत से विकास तक की थीम प्रभावी संदेश देता है। उन्होंनें कहा कि जिसकी नींव मजबूत होती है, उस पर बनी इमारत सशक्त होती है। विरासत की बात जब की जाती है तब भारत का नाम सबसे पहले आता है। शिक्षा वह धुरी होती है, जिसमें संस्कारों का समावेश हो। आज बड़े स्टार्टअप का नाम लेने पर भारत का ही नाम अग्रणी देशों में गिना जाता है। उन्होंने कई भारतीय मूल एवं भारतीय दिग्गजों जैसे ओला के भाविश अग्रवाल, गूगल के सुदंर पिचाई, माइक्रोसॉफ्ट के सत्या नडेला आदि का नाम लिया। बीबीडी की विरासत की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस ओर ...शेष पृष्ठ 14 पर

- बीबीडी यूनिवर्सिटी के छात्रों द्वारा टेक एक्सपो-2026 में 100 से अधिक बनाये नई तकनीक एआई
- सीसीएमएल पर आधारित मॉडलों को देख सम्मानित अतिथियों ने छात्रों का किया उत्साहवर्धन















फोटो: समीर भटनागर

# ग्रीन हाइड्रोजन भविष्य की ऊर्जा का आधार : सीएम

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यामानाशी (जापान) स्थित अत्याधुनिक हाइड्रोजन संयंत्र का दौरा किया

विशेष संवाददाता (vol)

**यामानाशी (जापान)/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने जापान दौरे में गुरुवार को यामानाशी प्रांत स्थित अत्याधुनिक हाइड्रोजन ऊर्जा संयंत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने वहां संचालित पावर-टू-गैस प्रणाली को करीब से देखा और विशेषज्ञों से इसकी कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। यह प्रणाली सौर और पवन जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से उत्पन्न बिजली को हाइड्रोजन में परिवर्तित करती है। इस हाइड्रोजन का उपयोग ईंधन, ऊर्जा भंडारण और स्वच्छ परिवहन के लिए किया जाता है। इससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आती है और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है।

- **स्वच्छ ऊर्जा मॉडल से प्रभावित हुए सीएम, पावर-टू-गैस प्रणाली को देखा**

मुख्यमंत्री ने यामानाशी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन भविष्य की ऊर्जा का महत्वपूर्ण आधार बन सकता है। यह स्वच्छ ऊर्जा और हरित विकास की दिशा में एक प्रभावी मॉडल है। उत्तर प्रदेश सरकार भी ग्रीन हाइड्रोजन, सौर ऊर्जा और अन्य स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठा रही है। राज्य में औद्योगिक निवेश, अनुसंधान और नई तकनीकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि उत्तर प्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार राज्य बन सके। मुख्यमंत्री का यह दौरा जापान के साथ तकनीकी सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे उत्तर प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा और ग्रीन मोबिलिटी परियोजनाओं को नई गति मिलने की उम्मीद है।

# रिएक्टिव नहीं प्रोएक्टिव नीतियों से बदला उत्तर प्रदेश : सीएम

**यामानाशी(जापान)/लखनऊ।** जापान दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। यूपी सरकार ने जापान के यामानाशी प्रांत के साथ ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक को लेकर ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत भारतीय छात्रों को जापान में उच्चस्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा। मुख्यमंत्री ने यामानाशी में आयोजित यूपी इन्वेस्टमेंट रोड शो में प्रदेश की नई विकास नीति और निवेश संभावनाओं को वैश्विक उद्योग जगत के सामने प्रमुखता से प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने संबोधन में स्पष्ट कहा कि उत्तर प्रदेश ने शासन की कार्यशैली को रिएक्टिव से बदलकर प्रोएक्टिव बनाया है और यही परिवर्तन आज प्रदेश की तेज आर्थिक प्रगति का आधार बना है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश व यामानाशी के बीच ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक को लेकर ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए हैं। इसके तहत उत्तर प्रदेश के उच्च तकनीकी संस्थानों के छात्र



- **जापान में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे प्रदेश के तकनीकी संस्थानों के छात्र**

जापान में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और इस तकनीक को प्रदेश की इंडस्ट्री, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और ऊर्जा क्षेत्र में लागू किया जाएगा। यह पहल प्रधानमंत्री मोदी के नेट जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे प्रतिनिधिमंडल ने टोक्यो में कई जी2जी (गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट) और जी2बी (गवर्नमेंट टू बिजनेस) स्तर की बैठकों में भाग लिया, जहां भारतीय दूतावास के सहयोग से जापानी उद्योग समूहों से व्यापक संवाद हुआ। उन्होंने यामानाशी प्रशासन को सक्रिय पहल कर निवेश संवाद को आगे बढ़ाने के लिए विशेष धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने रोबोटिक्स को भविष्य की प्रमुख तकनीक बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने बजट में रोबोटिक्स के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शासन व्यवस्था में आए परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले समस्याओं पर प्रतिक्रिया देने वाली व्यवस्था थी, जबकि अब उत्तर प्रदेश ने प्रोएक्टिव गवर्नेंस मॉडल अपनाया है। निवेश आकर्षित करने, उद्योगों को सुविधा देने, नई तकनीक अपनाने और वैश्विक साझेदारी बढ़ाने की दिशा में सरकार लगातार पहल कर रही है। इसी सोच के साथ उत्तर प्रदेश का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल जापान की यात्रा पर आया है ताकि संभावनाओं को अवसर में बदला जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यामानाशी प्रांत के राज्यपाल एवं उनकी टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जापान सरकार और यामानाशी प्रशासन ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल को उनके विशिष्ट क्षेत्रों को नजदीक से समझने और उद्योग जगत से सीधे संवाद का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया है। इस अवसर पर यामानाशी प्रांत के राज्यपाल कोटारो नागासाकी, उपराज्यपाल जुनिचि इशिदरा, उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, जापान में भारत की राजदूत नगमा मलिक समेत यूपी सरकार के प्रतिनिधिमंडल के अधिकारीगण, यामानाशी के इंडस्ट्री लीडर्स तथा भारतीय समुदाय से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

# हर जिले में मॉडल के रूप में विकसित होंगे 100 तालाब



घनश्याम कुमार

**गोरखपुर।** प्रदेश की योगी सरकार ने तालाबों के पर्यावरणीय व सामाजिक महत्व को नए सिरे से स्थापित करने का निर्णय लिया है। पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण समुदाय के स्वास्थ्य के लिए विशेष पहल करते हुए सरकार प्रदेश के सभी जिलों में 100-100 तालाबों को मॉडल तालाब के रूप में विकसित करने जा रही है। ये मॉडल तालाब ग्रे वाटर और प्लास्टिक से मुक्त होंगे। इससे जल की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा मच्छरजनित रोगों में कमी आएगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब केवल जल संग्रहण के साधन ही नहीं हैं बल्कि ग्राउंड वाटर (भू-जल) रिचार्ज, सिंचाई, जैव विविधता संरक्षण और सामाजिक जीवन के महत्वपूर्ण केंद्र भी रहे हैं। गांवों में प्लास्टिक अपशिष्ट तथा ग्रे वाटर (स्नान, रसोई और कपड़े धोने से निकलने वाला जल) बिना शोधन या उपचार के सीधे तालाब में प्रवाहित कर देने से ग्रामीण समुदाय के स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ऐसे में तालाबों को प्लास्टिक अपशिष्ट और ग्रे वाटर मुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत पंचायती राज विभाग ने मॉडल तालाब विकसित करने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। इस कार्ययोजना के मुताबिक हर जिले के 100 तालाब ह्यमेरा तालाब मेरी जिम्मेदारीह्न अभियान से जोड़कर मॉडल स्वरूप में निखारे जाएंगे। अभियान को लेकर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के निदेशक की तरफ से सभी जिला पंचायत राज अधिकारियों को सर्कुलर जारी किया गया है।

मॉडल तालाब विकसित करने के क्रम में प्रथम चरण का अभियान 5000 से अधिक आबादी वाले गांवों में चलेगा। ऐसे गांव में तालाब का चयन कर यह देखा जाएगा कि कितने

- **ग्रे वाटर और प्लास्टिक से मुक्त होंगे तालाब, जल की गुणवत्ता में होगा सुधार**

परिवारों का ग्रे वाटर तालाब में गिर रहा है। कितनी नालियों से पानी तालाब में प्रवाहित किया जा रहा है। प्रतिदिन औसतन कितना प्लास्टिक अपशिष्ट तालाब में डाला जा रहा है। जिस तालाब का चयन किया जाएगा, उसका बीओडी (बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड या जैविक ऑक्सीजन मांग) भी चेक किया जाएगा ताकि तालाब को मॉडल स्वरूप में विकसित करने के बाद तुलनात्मक सुधार का पता लगाया जा सके।

जिला पंचायतराज अधिकारी नीलेश प्रताप सिंह बताते हैं कि मॉडल तालाब विकसित करने के लिए चयनित तालाब के चारों ओर नो प्लास्टिक जोन घोषित किया जाएगा। साथ ही संबंधित ग्राम पंचायत से तालाब में प्लास्टिक अपशिष्ट न फेकने का प्रस्ताव पारित कराया जाएगा। तालाब में गिरने वाली नालियों पर प्लास्टिक ट्रैप वाली जाली, फिल्टर चैंबर लगाया जाएगा। इससे प्लास्टिक और गंदगी तालाब में जाने से पहले ही रुक जाएगी। इसी तरह ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी जिससे ग्रे वाटर का प्रवाह सीधे तालाब में न हो। इसके लिए नाली के अंत में बायो फिल्टर सिस्टम लगाया जाएगा। इसमें कंकड़, रेत के इस्तेमाल के अलावा केली और केना (एक किस्म का खरपतवार) के पौधे लगाए जाएंगे। इस उपचार से पानी प्राकृतिक रूप से शुद्ध होकर तालाब में जाएगा। प्लास्टिक और ग्रे वाटर से जुड़े रोकथाम की निगरानी समुदाय स्तर पर की जाएगी। मॉडल तालाब विकसित होने से तालाब प्लास्टिक मुक्त हो जाएगा, ग्रे वाटर का स्थायी समाधान होगा। जल के स्वच्छ और सुरक्षित होने से ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पर्यावरण में आशातीत सुधार होगा।

# होली पर किसानों को फिर मिलेगा कृषि यंत्रों का तोहफा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार होली पर किसानों के जीवन में समृद्धि का रंग घोलेगी। उप्र कृषि विभाग द्वारा त्योहार पर किसानों को कृषि यंत्र का तोहफा देने की पहल की गई है। अनुदान पर मिलने वाले कृषि यंत्रों के लिए बुकिंग प्रारंभ हो गई है, जो चार मार्च तक चलेगी। किसानों को विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

कृषि विभाग की ओर से संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत फार्म मशीनरी बैंक, कृषि ड्रोन, अन्य एकल कृषि यंत्र तथा प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू योजना के अंतर्गत फसल अवशेष प्रबंधन के अन्य एकल कृषि यंत्र एवं अन्य योजनाओं के कृषि यंत्र/कृषि रक्षा उपकरण के आवेदन चार मार्च तक किए जा सकते हैं। त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के तहत बैच ड्रायर एवं मेज सेलर के लिए आवेदन कर सकते हैं। कृषि यंत्रों की बुकिंग या आवेदन विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन करनी होगी। इस लिंक पर किसान कॉर्नर के अंतर्गत यंत्र बुकिंग प्रारंभ पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। यंत्रों से जुड़ी समस्त जानकारी व अनुदान प्रक्रिया पर इस वेबसाइट पर उपलब्ध है। लाभार्थियों का चयन/बुकिंग टोकन कन्फर्म होने की तिथि से कृषि यंत्र खरीद कर उसकी रसीद व फोटो 10 दिन के भीतर अपलोड करना होगा। 2017-18 से 2025 तक उत्तर प्रदेश में लगभग तीन लाख कृषि यंत्रों का वितरण किया गया। इसमें 2.31 लाख एकल कृषि यंत्र, 8405 कस्टम हायरिंग सेंटर, 7351 फॉर्म मशीनरी बैंक आदि प्रमुख हैं।

# 22 एक्सप्रेस-वे से यूपी में बनेगा देश का सबसे बड़ा नेटवर्क

## औद्योगिक माल ढुलाई को मिलेगी गति, लॉजिस्टिक लागत में आएगी कमी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है, जिसके पास सबसे बड़ा एक्सप्रेस-वे का नेटवर्क होगा। फरवरी 2026 तक प्रदेश में कुल 22 एक्सप्रेस-वे का नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। इनमें सात एक्सप्रेस-वे पूरी तरह संचालित हैं, तीन निमार्णाधीन हैं और 12 विभिन्न चरणों में प्रस्तावित या स्वीकृत हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद प्रदेश के लगभग सभी जिलों को उच्च गुणवत्ता वाली कनेक्टिविटी से जोड़ा जा सकेगा। इससे औद्योगिक और आर्थिक गतिविधियों को अभूतपूर्व गति मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने जापान दौरे पर प्रदेश में एक्सप्रेस-वे के किनारे 27 इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने को लेकर कार्यवाही प्रारंभ करने की बात कही। साथ ही उन्होंने इंडस्ट्री लीडर्स से प्रदेश में निवेश का आह्वान किया।

वर्तमान में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे, आगरा-



लखनऊ एक्सप्रेस-वे, यमुना एक्सप्रेस-वे, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे, नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पूरी तरह चालू हैं। ये एक्सप्रेस-वे न केवल प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों को जोड़ रहे हैं, बल्कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से सीधी और तेज कनेक्टिविटी भी सुनिश्चित कर रहे हैं। निमार्णाधीन परियोजनाओं में गंगा एक्सप्रेस-वे को सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना माना जा रहा है। लगभग 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस-वे मेरठ से प्रयागराज को जोड़ेगा। इसके अलावा लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे समेत अन्य परियोजनाएं भी निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं। प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे में विंध्य एक्सप्रेस-वे, जिसकी लंबाई लगभग 320 किलोमीटर है और जो प्रयागराज से सोनभद्र को जोड़ेगा, विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस-वे सहित अन्य लिंक परियोजनाएं प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों को मुख्य औद्योगिक धारा से जोड़ने का माध्यम बनेंगी। विस्तृत एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, औद्योगिकरण को नई दिशा देगा। बेहतर सड़कों और तेज परिवहन से औद्योगिक माल ढुलाई की लागत में कमी आएगी और समय की बचत होगी। इससे विनिर्माण इकाइयों, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स पार्कों के विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। एक्सप्रेस-वे के किनारे औद्योगिक कॉरिडोर, औद्योगिक पार्क और निवेश क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं, जिससे निवेशकों को भूमि, परिवहन और बाजार तक त्वरित पहुंच उपलब्ध हो सके। लॉजिस्टिक दक्षता में सुधार से प्रदेश की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी। निर्यात उन्मुख उद्योगों को सीधा लाभ मिलेगा और छोटे व मध्यम उद्यमों के लिए भी नए अवसर खुलेंगे। बुंदेलखंड और पूर्वांचल जैसे अपेक्षाकृत पिछड़े क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ने से क्षेत्रीय असंतुलन को कम करने में मदद मिलेगी। एक्सप्रेस-वे आधारित विकास मॉडल से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और रोजगार सृजन में भी बढ़ोतरी होगी। निर्माण कार्यों से प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं, जबकि औद्योगिक निवेश से दीर्घकालिक रोजगार सृजन की उम्मीद है।

# नयार वैली साहसिक पर्यटन का सशक्त केन्द्र बनकर उभरी : धामी

## नयार वैली फेस्टिवल में पैराग्लाइडिंग सहित दस रोमांचकारी खेल होंगे एक साथ उपलब्ध

प्रमुख संवाददाता

**पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखंड)।** बिलखेत की सुरम्य वादियों में आयोजित नयार वैली फेस्टिवल ने यह स्पष्ट संकेत दे दिया है कि नयार घाटी अब केवल प्राकृतिक सौंदर्य का प्रतीक नहीं, बल्कि साहसिक पर्यटन का सशक्त केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। हरित पर्वतमालाओं और कल-कल बहती नयार नदी के बीच आयोजित इस महोत्सव ने रोमांच और संभावनाओं की नई कहानी लिखी।

उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक विविधता एडवेंचर टूरिज्म के लिए वरदान है। उन्होंने कहा कि यदि इन प्राकृतिक संसाधनों को सुव्यवस्थित योजना के साथ विकसित किया जाए, तो पहाड़ के युवाओं को अपने घर-गांव में ही रोजगार और स्वरोजगार के व्यापक अवसर मिल सकते हैं। उन्होंने यह भी रेखांकित



किया कि सरकार पर्यटन को ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोड़ते हुए होमस्टे, स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प और परिवहन सेवाओं को प्रोत्साहन दे रही है।

जिलाधिकारी स्वाति भदौरिया के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने इस आयोजन को विशिष्ट स्वरूप दिया। पहली बार एक ही मंच से दस साहसिक गतिविधियों का सफल संचालन किया गया, जिनमें पैराग्लाइडिंग, पैरामोटरिंग, हॉट एयर बैलून, माउंटेन बाइकिंग, कयाकिंग, एंगलिंग, जिपलाइन, बर्मा ब्रिज और रिवर्स बंजी शामिल रहे।

मुख्यमंत्री धामी ने इन गतिविधियों को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास उत्तराखंड को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एडवेंचर टूरिज्म मानचित्र पर सशक्त पहचान दिलाएंगे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आधुनिक विकास के साथ राज्य की सांस्कृतिक अस्मिता और लोक परंपराओं का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उत्तराखंड की पहचान उसकी सांस्कृतिक धरोहर और सामुदायिक मूल्यों में निहित है, जिन्हें सुरक्षित रखते हुए ही पर्यटन को आगे बढ़ाया जाएगा। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि इस तरह के संरचित आयोजन निवेशकों को आकर्षित करेंगे और साहसिक पर्यटन को संगठित उद्योग का रूप देंगे। विधायक राजकुमार पोरी ने इसे क्षेत्र के समग्र विकास के लिए ऐतिहासिक पहल बताया।

कार्यक्रम में उत्तराखण्ड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष पं. राजेंद्र अणथ्वाल, जिला पंचायत अध्यक्षा रचना बुटोला, मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# जर्मनी में रेल अवसंरचना, रक्षा निवेश और वैश्विक साझेदारी पर फोकस

## डिप्टी सीएम की उन्नत रेल तकनीक व रक्षा क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर सार्थक पहल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को जर्मनी प्रवास के दौरान विभिन्न औद्योगिक एवं निवेश संबंधी कार्यक्रमों में सहभागिता कर प्रदेश में वैश्विक निवेश आकर्षित करने और तकनीकी सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की।

उप मुख्यमंत्री ने जर्मनी में रेलोन जीएमबीएचके सीईओ निशांत मित्तल से भेंट कर उनके अत्याधुनिक विनिर्माण संयंत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्नत रेलवे ट्रैक प्रणालियों एवं कंक्रीट स्लीपर निर्माण की आधुनिक तकनीकों का अवलोकन किया गया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में तीव्र गति से विकसित हो रही रेल एवं आधारभूत संरचना परियोजनाओं



में इस प्रकार की अत्याधुनिक तकनीकों का सहयोग अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। यह दौरा प्रदेश में आधुनिक अवसंरचना विकास एवं अंतरराष्ट्रीय औद्योगिक साझेदारी को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

प्रवास के दौरान उप मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा एवं प्रतिनिधिमण्डल के साथ जर्मनी के ऐतिहासिक नूर्नबर्ग कैसलतथा संग्रहालय का भ्रमण किया।

यह किला शक्ति, ऐतिहासिक महत्व एवं समृद्ध विरासत का प्रतीक है। यहां पूर्व में शाही सभाएं एवं साम्राज्यीय अधिवेशन आयोजित होते थे। समय के साथ इसके आसपास विकसित हुआ न्यूरेम्बर्ग शहर आज एक प्रमुख व्यापारिक एवं वित्तीय केंद्र के रूप में स्थापित है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने न्यूरेम्बर्ग में आयोजित डिफेंस इन्वेस्टर्स कॉन्क्लेव एवं भारतीय प्रवासी सम्मेलन को भी संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने उत्तर प्रदेश के बदलते आर्थिक परिदृश्य और उभरते विकास मॉडल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रदेश आज निवेश-अनुकूल नीतियों, पारदर्शी शासन व्यवस्था और वैश्विक प्रतिस्पर्धा से युक्त औद्योगिक ढांचे के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया के निवेशक भारत की क्षमता और संभावनाओं को समझ रहे हैं और उसकी सराहना भी कर रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि हम सभी को देशहित, विकास एवं मानवता के कल्याण के लिए मिलकर कार्य करना होगा।

# आईटीबी बर्लिन में दिखेगी उत्तर प्रदेश पर्यटन की सशक्त मौजूदगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विश्व पर्यटन उद्योग के सबसे प्रतिष्ठित मंच आईटीबी बर्लिन-2026 में उत्तर प्रदेश अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक पर्यटन संभावनाओं के साथ अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने को तैयार है। आगामी 03 से 05 मार्च तक आयोजित 'इंटरनेशनल टूरिज्म-बोर्से

रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:17 | 5:05 | 6:07 | 5:15 |

- **03 से 05 मार्च तक बर्लिन में मनेगो 60 वर्षों की गौरवशाली विरासत का उत्सव**
- **थीम 'डिस्कवर द स्टोरीज बिहाइंड 60 इयर्स ऑफ लेगेसी' होगी**

बर्लिन' में पर्यटन विशेषज्ञों, निवेशकों और नीति-निमार्ताओं के समक्ष उत्तर प्रदेश अपने विविध पर्यटन स्थलों, टूरिज्म सर्किट्स, वेलनेस और एडवेंचर टूरिज्म की झलक पेश करेगा।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'आईटीबी बर्लिन-2026' का आयोजन बर्लिन एक्सपो सेंटर सिटी, मेसे डैम 22 में किया जाएगा। वर्ष 1966 से आईटीबी बर्लिन वैश्विक यात्रा एवं पर्यटन उद्योग के लिए एक अग्रणी मंच के रूप में स्थापित है। इस वर्ष यह अपने 60 वर्षों की गौरवशाली विरासत का उत्सव मनाने जा रहा है। उत्तर प्रदेश पर्यटन अपने विजन के साथ दुनिया से संवाद करेगा।' 'इंटरनेशनल टूरिज्म-बोर्से बर्लिन (आईटीबी बर्लिन-2026)' इस बार अपने 60 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का उत्सव मनाने जा रहा है। इसी ऐतिहासिक उपलब्धि को रेखांकित करते हुए आईटीबी बर्लिन-2026 की थीम 'डिस्कवर द स्टोरीज बिहाइंड 60 इयर्स ऑफ लेगेसी' रखी गई है। यह वैश्विक पर्यटन उद्योग के विकास, नवाचार, साझेदारी सहित अन्य प्रेरक प्रसंगों को एक मंच पर सामने लाएगी। यह थीम अतीत की विरासत को सम्मान देते हुए भविष्य की रूपरेखा तय करता है। आईटीबी बर्लिन-2026 में प्रदर्शनी के माध्यम से पर्यटन जगत की बदलती प्राथमिकताओं और उभरते रुझानों को प्रस्तुत किया जाएगा।

प्रदर्शनी को भौगोलिक सीमाओं तक सीमित न रखकर एडवेंचर टूरिज्म, बिजनेस ट्रैवल, एलजीबीटीक्यू+ ट्रैवल, लग्जरी ट्रैवल, मेडिकल टूरिज्म तथा ट्रैवल टेक्नोलॉजी जैसे विविध बाजार खंडों में विभाजित किया गया है। इसका उद्देश्य हर प्रकार के यात्रियों और उद्योग से जुड़े हितधारकों को उनकी रुचि और जरूरत के अनुरूप अनुभव मिल सके। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'जर्मनी की राजधानी बर्लिन में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय आयोजन में यूपी टूरिज्म भव्य पवेलियन के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध पर्यटन संभावनाओं को प्रदर्शित करेगा। पवेलियन में साइनेज एवं डिस्प्ले अंग्रेजी एवं स्थानीय भाषा में होंगे। इसके अलावा, वीवीआईपी लाउंज, रचनात्मक सेटअप, हस्तशिल्प, कलाकृतियां एवं ओडीओपी (एक जनपद, एक उत्पाद) को प्रदर्शित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन की वेबसाइट्स एवं मोबाइल एप्लीकेशन को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे प्रदेश की पर्यटन क्षमता को वैश्विक मानचित्र पर नई मजबूती मिलेगी।

# अब ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पताल, और स्टेडियम निर्माण को मिली रफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जिला पंचायतों की आय बढ़ाने की दिशा में योगी सरकार लगातार प्रयासरत है। अब ग्रामीण और अर्द्धशहरी क्षेत्रों में भवन निर्माण के लिए मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया को सख्ती और पारदर्शिता के साथ लागू किया जा रहा है, जिससे जिला पंचायतों की राजस्व प्राप्ति में वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष 2025 से जनवरी माह 2026 तक जिला पंचायत द्वारा 2883 मानचित्र किए स्वीकृत, 57.42 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। सरकार के निर्देश पर जिला पंचायतों ने अपने-अपने क्षेत्रों में भवन निर्माण के लिए मानचित्र स्वीकृति को अनिवार्य किया है। पहले जहां बड़ी संख्या में लोग बिना स्वीकृति के निर्माण कर लेते थे, वहीं अब ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। इससे न केवल अवैध निर्माण पर रोक लगी है, बल्कि पंचायतों की आय में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण परियोजनाएँ जनमानस की सुविधा के लिए बड़े अस्पताल, शॉपिंग माल और स्टेडियम स्थापित किए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में मानचित्र स्वीकृति के माध्यम से जिला पंचायतों द्वारा एक महत्वपूर्ण आय अर्जित हो रही है जिससे विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। मानचित्र स्वीकृति शुल्क, विकास शुल्क और अन्य संबंधित प्रभारों के माध्यम से जिला पंचायतों को नियमित आय प्राप्त हो रही है। यह अतिरिक्त राजस्व सड़कों के निर्माण, नाली व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं पर खर्च किया जा रहा है। डिजिटल प्रक्रिया अपनाने से स्वीकृति में लगने वाला समय कम हुआ है और भ्रष्टाचार की शिकायतों में भी कमी आई है।

# आगरा जिले के गांव नगला बहरावती का नाम बदलेगी योगी सरकार

**लखनऊ।** पंचायत चुनाव से पहले आगरा के एक गांव का नाम बदलने की तैयारी है। प्रदेश सरकार ने सोशल मीडिया एक्स के सीएमओ ऑफिस हैंडल पर जानकारी देते हुए सीएम ने बताया कि आगरा जिले के गांव नगला बहरावती का नाम बदलने का फैसला किया गया है। किरावली तहसील में आने वाले इस गांव को अब नगला बहरावती की जगह पृथ्वीपुरा के नाम से जाना जाएगा। जल्द ही इस संबंध में आदेश जारी कर दिए जाएंगे। मालूम हो कि 25 मई 2022 को ग्राम पंचायत स्तर से केंद्र सरकार को नगला बहरावती गांव का नाम बदलने का प्रस्ताव भेजा गया था। प्रस्ताव में कहा गया था कि गांव को पृथ्वी सिंह नाम के व्यक्ति ने बसाया था और इस नाम का तहसील में कोई गांव भी नहीं है। इसलिए इसका नाम पृथ्वीपुरा कर दिया जाए।

बीती 31 जनवरी को सीएम योगी ने हरदोई और फिरोजाबाद जिले की दो ग्राम पंचायतों का नाम बदलने का फैसला लिया था। सीएम योगी ने बताया था कि हरदोई और फिरोजाबाद जिले की दोनों ग्राम पंचायतों के नाम बदलने को

- **पंचायत चुनाव से पहले सीएम योगी का फैसला, पृथ्वीपुरा होगा नया नाम**

लेकर प्रस्ताव आया था, जिसे मंजूरी दे दी गई थी। यूपी सरकार ने आफीशियल सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट डालकर इसकी जानकारी दी थी। पोस्ट में लिखा था, जनपद फिरोजाबाद की तहसील व विकासखंड शिकोहाबाद स्थित ग्राम पंचायत वासुदेवमई के अन्तर्गत ग्राम उरमुरा किरार का नाम परिवर्तित कर हरिनगर और हरदोई के जिले के विकास खंड भरावन की ग्राम पंचायत हाजीपुर का नाम सियारामपुर करने का फैसला लिया है। एक साल पहले अप्रैल में हरदोई जिले की हाजीपुर का नाम बदलने का प्रस्ताव रखा गया था। जिला पंचायत की बैठक में हाजीपुर ग्राम पंचायत का नाम सियारामपुर किए जाने के लिए जिला पंचायत ने अनुमोदन किया था।

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से ग्राम पंचायत के नाम परिवर्तन के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई थी।

संक्षेप

## धोखाधड़ी से जमीन का करा लिया बैनामा

प्रतापगढ़। फजीर्वाडा करते हुए महिला की जमीन का बैनामा करा लेने को लेकर पीड़िता ने एसडीएम से न्याय की गुहार लगायी है। लालगंज कोतवाली के जैनपुर वार्ड की पीड़िता स्व0 राजाराम की पत्नी फूलकली ने एसडीएम को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि बीती छः अगस्त 2025 को उसके एक रिश्तेदार ने घर आकर उसकी जमीन में से 0.017 हे0 का बैनामा तय किया। इसके लिए पीड़िता के खाते में धनराशि भी भेज दी गयी। पीडित महिला का आरोप है कि उसके अनपढ़ होने का फायदा उठाते हुए रिश्तेदार ने 0.017 हेक्टेयर जमीन की जगह 0.079 हे0 जमीन का बैनामा करवा लिया। मामले को लेकर रजिस्ट्री कार्यालय के जिम्मेदारों पर भी सवाल उठ रहे हैं। पीड़िता ने वाद दायर कर एसडीएम से न्याय की गुहार की है। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा का कहना है कि मामला संज्ञान मे है जांच के आदेश दिये गये हैं। पीड़ित महिला को न्याय दिलाया जाएगा।

## सार्वजनिक नाली के विवाद में हुई मारपीट, केस दर्ज

प्रतापगढ़। सार्वजनिक नाली के विवाद में हुई मारपीट की घटना को लेकर पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। उदयपुर थानान्तर्गत सेमरा गांव की नीलम सरोज पत्नी महेश सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पचीस फरवरी को सुबह करीब साढ़े सात बजे गांव के ही कुछ लोगों ने सार्वजनिक नाली बंद किये जाने के विवाद मे उसे मारापीटा। बचाव में पहुंची पीड़िता की देवरानी पिंकी, मनीता व सावित्री को भी आरोपियों ने मारापीटा। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट धमकी को लेकर दर्ज हुआ केस

प्रतापगढ़। मारपीट व धमकी की घटना को लेकर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के खण्डवा गांव की ममता यादव पत्नी स्व0 गुडडू यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती तेईस फरवरी की रात करीब आठ बजे शराब के नशे में उसके देवर अन्तेश यादव अपने पिता राम अंजोर यादव को मारने पीटने लगा। बचाव में पहुंची पीडिता को आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## युवती के अपहरण का केस

प्रतापगढ़। युवती के अपहरण को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बाइस फरवरी की शाम करीब पांच बजे उसकी बीस वर्षीया पुत्री अपने जीजा के साथ उसके घर गयी थी। आरोप है कि वहां शाम को वह शौच के लिए निकली तो घर नहीं लौटी। पीड़िता ने अमेठी जनपद के नरैनी अयोध्या सिंह का पुरवा निवासी रामलाल वर्मा पुत्र कल्लूराम वर्मा पर अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## बच्चों के विवाद में हुई मारपीट, केस दर्ज

प्रतापगढ़। मारपीट गालीगलौज व धमकी को लेकर पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे चोप सिंह रामपुर बावली गांव की कविता सरोज पत्नी बबलू सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चौबीस फरवरी की शाम करीब चार बजे बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर उसकी जेठानी रेखा देवी पत्नी मुकेश सरोज गालीगलौज करने लगी। विरोध करने पर पीड़िता को मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी रेखा देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# संस्कार और शारीरिक दक्षता का माध्यम है खेल

## महामाया महाविद्यालय का वार्षिक क्रीड़ा समारोह संपन्न



जिला संवाददाता

श्रावस्ती। जनपद के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान महामाया राजकीय महाविद्यालय, श्रावस्ती में दिनांक 26 फरवरी 2026 को अपराह्न 2 बजे से वार्षिक क्रीड़ा समारोह का भव्य, गरिमामय एवं उल्लासपूर्ण समापन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ माजिद हुसैन, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, गैसड़ी, बलरामपुर तथा श्री भानु प्रकाश जी की विशिष्ट उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को बहुगुणित कर दिया।

समारोह का शुभारंभ वैदिक परंपरा के अनुरूप मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत प्राचार्य डॉ धर्मेन्द्र गुप्त ने मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र एवं बैज अलंकरण कर आत्मीय स्वागत किया। महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं ने गणेश वन्दना, सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत तथा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने वाचिक स्वागत भाषण एवं आभार ज्ञापन में प्राचार्य डॉ धर्मेन्द्र गुप्त ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि क्रीड़ा केवल शारीरिक दक्षता का माध्यम नहीं, अपितु अनुशासन, नेतृत्व और संघर्षशीलता का संस्कार भी प्रदान करती है। प्रतियोगिताओं के परिणाम अत्यंत रोमांचक रहे। 1600 मीटर बालक वर्ग की दौड़ में मृकुण्ड देव ने प्रथम, अभिषेक मणि त्रिपाठी ने द्वितीय तथा सर्वजीत ने तृतीय स्थान अर्जित किया। ऊंची कूद बालक वर्ग में विपिन यादव प्रथम, अंकित मौर्य द्वितीय एवं आकाश वर्मा तृतीय रहे। बालिका वर्ग की ऊंची कूद में शालिनी शुक्ला ने प्रथम, ऊषा शुक्ला ने द्वितीय तथा सन्ध्या पाण्डेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

400 मीटर बालिका वर्ग की दौड़ में सन्ध्या पाण्डेय ने स्वर्णिम प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, मानसी शुक्ला द्वितीय तथा लक्ष्मी शुक्ला तृतीय रहीं। लंबी कूद बालिका वर्ग में आरती चौधरी प्रथम, सन्ध्या पाण्डेय द्वितीय तथा ऊषा शुक्ला तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं लंबी कूद बालक वर्ग में आनन्द तिवारी ने प्रथम, सर्वजीत चौहान ने द्वितीय एवं दिवाकर द्विवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समग्र उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बालक वर्ग में मृकुण्ड देव तथा बालिका वर्ग में सन्ध्या पाण्डेय को चैम्पियन घोषित किया गया।

इसके अतिरिक्त निबंध, स्लोगन, वाद-विवाद, पेंटिंग प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी विजेताओं को सम्मानित किया गया। समारोह में डॉ नीलम चौरसिया, नरेश कुमार, सन्तोष यादव, सर्वजीत कैराती, डॉ श्याम नारायण वर्मा, समाजसेविका अर्चना बाजपेयी, पुरा छात्र मुशीर, शुभम् ओझा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की ससम्मान उपस्थिति रही।

अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन क्रीड़ा प्रभारी डॉ उपेन्द्र कुमार सोनी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का सुव्यवस्थित एवं प्रभावी संचालन डॉ आशुतोष मिश्र ने किया, जबकि खेल प्रतियोगिताओं के सफल संपादन का दायित्व डॉ सत्य प्रकाश वर्मा ने कुशलतापूर्वक निभाया। आयोजन में दीनानाथ, माधवराज शर्मा, बुचनु, महेश आनन्द, अंजलि, सन्ध्या, साक्षी, शिवानी आदि का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

राष्ट्रगान की सामूहिक गूंज के साथ समारोह का समापन हुआ, जो विद्यार्थियों के उत्साह, अनुशासन और प्रतिभा का अविस्मरणीय उत्सव बन गया।

## छेड़खानी का विरोध करने पर नाबालिग बहनों पर हमला

- सिर आई में गंभीर छोटे, पीडिता के पिता ने एसओ पर तहरीर बदलवाने का लगाया आरोप

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर जनपद के गोल्हौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत के एक गांव में बुधवार रात छेड़खानी का विरोध करने पर दो नाबालिग बहनों के साथ मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। घटना में बड़ी बहन के सिर में गंभीर चोट आई है। दोनों को परिजनों ने रात में ही संयुक्त चिकित्सालय बांसी में भर्ती कराया, जहां उनकी



हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पीड़िता के पिता के अनुसार बुधवार रात करीब 8 बजे उनकी लगभग 11 वर्षीय बेटी घर के बरामदे में अकेली बैठी थी। उसी दौरान गांव का युवक विक्रम पुत्र रामनरायन वहां पहुंचा और उसका दुपट्टा खीचने के साथ छेड़खानी करने लगा। शोर सुनकर बड़ी बहन मौके पर पहुंची और विरोध किया। आरोप है कि इस पर युवक ने दोनों बहनों को लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। शोरगुल सुनकर पड़ोसी पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कराया। पीड़िता के पिता योगिन्दर का कहना है कि गुरुवार सुबह जब वह तहरीर देने थाने पहुंचे तो थानाध्यक्ष गोल्हौरा ने कहा कि छेड़कानी की तहरीर पर मुकदमा नही लिखूगा दूसरी फिर दूसरी वही वैठा कर लिखवाए मेरी तहरीर पर मुकदमा नही लिखा गया , थानाध्यक्ष गोल्हौरा रामदेव ने के अनुसार थूकने को लेकर दोनों पक्षो में विवाद हुआ था प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बासी भेजा गया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

## अधिवक्ताओं की सुरक्षा और अधिकार के लिए संघर्ष होगा तेज

### रूरल बार एसोसिएसन ने सुरक्षा यात्रा के सहयोगियों को किया सम्मानित



लखनऊ। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक की मुहिम को प्रदेश की राजधानी में लगातार धार देने का सिलसिला गुरूवार को भी जारी दिखा। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व महासचिव अनिल कुमार तिवारी के नेतृत्व में अवध बार एसोसिएसन के पूर्व महासचिव आरएस त्रिपाठी की अगुवाई में साथियों की सुरक्षा और अधिकार को लेकर सिंहनाद किया गया। वहीं एस ब्लाक में अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा में प्रखर भूमिका निभाने वाले अधिवक्ताओं को पूर्व महासचिव आरएस त्रिपाठी ने एसोसिएसन की ओर से सम्मान पत्र सौंपा। कार्यक्रम में महिला अधिवक्ताओं की उपस्थिति भी आयोजको का मनोबल बढ़ा गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व महासचिव आरएस त्रिपाठी व संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीश मिश्र ने किया। सम्मानित होने वाले अधिवक्ताओं में पवन शुक्ला, श्रद्धा चतुवेर्दी, भावना जायसवाल, कीर्ति आर्या, सौम्या दीक्षित, भूमिका बाजपेई, गीता मिश्रा, कंचन विश्वकर्मा, गुंजन पाण्डेय, पवन शुक्ला, जूली रस्तोगी, हर्षिता शर्मा, वंदना सिंह, धर्मेन्द्र यादव है। कार्यक्रम का संयोजन मण्डलीय अध्यक्ष आनन्द त्रिपाठी तथा वरिष्ठ अधिवक्ता विजय पाल ने किया। आभार प्रदर्शन अधिवक्ता आयुष त्रिपाठी द्वारा किया गया।

## भारत-मैक्सिको संसदीय मैत्री समूह का नेतृत्व करेंगे प्रमोद

- प्रमोद के चयनित होने पर बढ़ा प्रतापगढ़ का मान



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी को देश के वैश्विक सम्बन्धों को मजबूत बनाने में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर एक और नई अहम संसदीय जिम्मेदारी मिली है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के द्वारा गठित किए गए चौसठ राष्ट्रों के भारत के साथ वैश्विक सम्बन्धों को धार देने के लिए वरिष्ठ सांसद प्रमोद तिवारी का भी चयन किया गया है। नई जिम्मेदारी के तहत प्रमोद तिवारी इस संसदीय मैत्री समूह के जरिए देश की संसद के विश्व की विभिन्न संसदों के साथ प्रत्यक्ष और नियमित संवाद बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका में दिखेंगे। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी इन देशों के साथ पारंपरिक राजनय व संसदीय स्तर पर भी मजबूत सम्बन्ध स्थापित करने में देश की ओर से सार्थक भूमिका निभायेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी इस गठित संसदीय मैत्री समूह में छः अन्य सांसदो के साथ भारत-मैक्सिको ग्रुप का लीडर बनाया गया है। इससे प्रतापगढ़ जिले का अब देश व दुनिया में प्रमोद तिवारी के नेतृत्व क्षमता के चलते और मान बढ़ा है। उपलब्धि की जानकारी मिलने पर प्रमोद तिवारी के समर्थकों व कार्यकताओं में गुरूवार को प्रसन्नता भी झलक उठी दिखी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस का सांसद होते हुए भी प्रमोद तिवारी के संसदीय अनुभव, वरिष्ठता, संसदीय मर्मज्ञता, तार्किक क्षमता को देखते हुए मैक्सिको के साथ भारत के मधुर रिश्ते और प्रगाढ़ बनाने की जिम्मेदारी सौपी है। सांसद प्रमोद तिवारी संसदीय समूह के नेता के तौर पर मैक्सिको समेत दुनिया के चौसठ राष्ट्रों में भी अपने समकक्षीय से सीधे संवाद के लिए अधिकृत हुए हैं। वरिष्ठ सांसद प्रमोद तिवारी यूपी विधानसभा में कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता के तौर पर विधानसभा की ओर से कॉमन वेल्थ राष्ट्रों का दौरा करने की भी उपलब्धि रखते हैं। प्रमोद तिवारी के राजनीति तथा राजनय के क्षेत्र में बेहतर संवाद शैली भी उनके संसदीय नेतृत्व क्षमता को बयां किया करती है। गौरतलब है कि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता के तौर पर जिले के सांसद प्रमोद तिवारी कई राष्ट्रो के संसदीय दल के भारत दौरे मे देश का प्रतिनिधित्व भी प्रायः किया करते हैं। सांसद प्रमोद तिवारी के ग्रुप लीडर के चयन की जानकारी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जारी विज्ञप्ति में दी है।

## सड़क हादसे में 7 यात्री घायल



श्रावस्ती। जनपद के नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 730 स्थित कटरा बाईपास पर हाजी बाबा के पास गुरुवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। बलरामपुर से सवारी लेकर इकौना की ओर आ रही रोडवेज बस ने ओवरटेक करने के प्रयास में गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी, जिससे कई यात्री घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस चालक ने आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली को पार करने का प्रयास किया, तभी तेज रफ्तार के कारण बस अनियंत्रित हो गई और ट्रॉली से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग सहायता के लिए दौड़ पड़े। दुर्घटना में बस सवार लगभग सात यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल इकौना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घायलों में आशीष वर्मा (35 वर्ष) पुत्र विष्णु वर्मा निवासी बक्शीपुर, बहराइच; पुष्पा प्रजापति (30 वर्ष) पत्नी पूजा राम निवासी टीचर कॉलोनी, इकौना; रजनीश श्रीवास्तव (24 वर्ष) पुत्र कमलेश श्रीवास्तव निवासी बड़ी हाट, बहराइच; सम्मान तिवारी पुत्र शैलेश तिवारी निवासी रघुवर पूरवा, विशेश्वरगंज, बहराइच; रामदुलारी जायसवाल (60 वर्ष) पत्नी नानबाबू जायसवाल निवासी इकौना सहित अन्य यात्री शामिल हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और यातायात को सुचारु कराया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है तथा दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

## सस्टेंड कंट्रीब्यूशन इन फिजियो अवार्ड' से सम्मानित हुए डॉ.अवनीश वर्मा

- सिद्धार्थनगर जनपद के डुमरियागंज के रहने वाले है सुप्रसिद्ध फिजियोथैरेपिस्ट अवनीश वर्मा



डुमरियागंज -सिद्धार्थगर । गोरखपुर में 22 फरवरी 2026 रविवार को आयोजित एक भव्य फिजियोथेरेपी सम्मेलन में डुमरियागंज (सिद्धार्थनगर)के प्रसिद्ध युवा फिजियोथेरेपिस्ट डॉ.अवनीश वर्मा को उनके उल्लेखनीय योगदान व फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए डॉ. अवनीश वर्मा को प्रतिष्ठित सस्टेंड कंट्रीब्यूशन इन फिजियो अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें वर्षों से मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार, समाज में फिजियोथेरेपी के प्रति जागरूकता फैलाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रदान किया गया। डॉ. वर्मा ने अपने क्लिनिक 'रिलैक्स फिजियोथेरेपी सेन्टर डुमरियागंज' के माध्यम से सैकड़ों मरीजों को बिना सर्जरी के सफल उपचार प्रदान किया है।

सम्मान समारोह में उपस्थित विशेषज्ञों ने बताया कि डॉ. वर्मा का कार्य न केवल चिकित्सकीय दृष्टि से उत्कृष्ट है, बल्कि समाज सेवा की भावना से भी प्रेरित है। वे समय-समय पर सेमिनार एवं कॉन्फ्रेंस में भाग लेकर नई तकनीकों को सीखते और अपनाते हैं, जिससे मरीजों को आधुनिक एवं प्रभावी उपचार मिल सके। डॉ. वर्मा ने इस सम्मान को अपने मरीजों, परिवार एवं सहयोगियों को समर्पित करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य भविष्य में भी समाज की सेवा करना और फिजियोथेरेपी के क्षेत्र को आगे बढ़ाना है। क्षेत्र के लोगों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। डॉ वर्मा हाल ही एक महीने पूर्व बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के फिजियोथेरेपी कॉन्फ्रेंस में इसी अवॉर्ड के नाम से सम्मानित हुए थे। जो इस अवॉर्ड से वो दो बार सम्मानित हो चुके। सम्मेलन में देश -प्रदेश के विभिन्नराज्यों सहित अलग अलग जनपदों से आए फिजियोथेरेपिस्टों एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान आधुनिक फिजियोथेरेपी तकनीकों, नवीन उपचार पद्धतियों तथा शोध विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी अवसर पर डॉ. वर्मा को फिजियोथेरेपी क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा, मरीजों के प्रति समर्पण तथा समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।जिससे क्षेत्र का गौरव बढ़ा।

यह सम्मान पत्र एवं अवार्ड उन्हें गोरखपुर के पूर्वोत्तर रेलवे प्रेक्षाग्रह में आयोजित टीम ने दी।

## देवी तरकुलहां की ग्रामसभा भूमि पर अवैध निर्माण का प्रयास

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के मौजा देवी तरकुलहाँ स्थित ग्रामसभा की भूमि पर अवैध कब्जा एवं निर्माण के प्रयास का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित भूमि के संबंध में न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी, चौरीचौरा द्वारा 17 फरवरी 2023 को स्थगन आदेश पारित किया गया था। आरोप है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा बिना किसी वैध अधिकार के उक्त भूमि पर दुकानों का निर्माण कर कब्जा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे न्यायालय के आदेश की अवमानना होने तथा स्थल की वर्तमान स्थिति में परिवर्तन की आशंका उत्पन्न हो गई है।बताया जा रहा है कि 26 फरवरी को कुछ व्यक्तियों द्वारा निर्माण हेतु गड्ढा खोदने एवं नींव डालने का प्रयास किया गया।

## नौनिहालों की बेहतर शिक्षा को लेकर शुरू हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम



प्रतापगढ़। बीआरसी केंद्र लालगंज पर गुरूवार से ब्लाक स्तरीय दो दिवसीय वंडर बाक्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। बतौर मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नौनिहालों को खेल खेल में पढ़ाने को लेकर वंडर बाक्स के बारे में विस्तार से जानकारियां दी गयी। बतौर प्रशिक्षक एआरपी ऋषि द्विवेदी, विकास सिंह व शैलेष गुप्ता ने आंगनबाडी कार्यकत्रियों व शिक्षकों को वंडर बाक्स की विभिन्न विधाओं जैसे अक्षर ज्ञान, प्यासा कौन, पैग बोर्ड आदि के बारे में प्रशिक्षित किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने नौनिहालों की शिक्षा की मजबूती पर जोर दिया। उन्होने कहा कि नौनिहालों की मजबूत नींव से ही उनका भविष्य उज्ज्वल हो सकेगा। इस मौके पर उमा तिवारी, कांती मिश्रा, धर्मा देवी, हरिश्चंद्र यादव, कुसुम मिश्रा, रेखा त्रिपाठी, मोहित कौशल आदि मौजूद रहे।

## चकबंदी को लेकर चौपाल का हुआ आयोजन



प्रतापगढ़। तहसील लालगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत पूरे वीरबल के पूरे निर्मल गिरधर में गुरूवार को चकबंदी प्रक्रिया को लेकर जनचौपाल लगायी गयी। इसमें सीओ चकबंदी अविनाश पाण्डेय व एसओसी अरविंद कुमार द्विवेदी ने ग्रामीणों से चकबंदी के बाबत समस्याओं को लेकर सीधे संवाद किया। सीओ ने ग्रामीणों को समस्याओं का पारदर्शिता से निस्तारण होने का आश्वासन दिया। चौपाल का संयोजन प्रधान रज्जन मिश्र ने किया। इस मौके पर संतोष मिश्र, कमलेश दुबे, सत्य नारायण दुबे, सोहनलाल, लक्ष्मण, कृष्णकांत द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## विवाहिता ने की आत्महत्या



कटरा श्रावस्ती। गुरुवार प्रातः क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक विवाहिता ने कथित रूप से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस तथा फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए आवश्यक साक्ष्य संकलित किए। प्रारंभिक जानकारी में घरेलू स्तर पर हुई मामूली कहासुनी को घटना का संभावित कारण बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर गंभीरता से जांच कर रही है। प्राप्त विवरण के अनुसार नवीन मॉडर्न पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम अमारेभरिया के मजरा मलपुरवा निवासी हरिओम जायसवाल की पत्नी राधा जायसवाल (27) ने अपने कमरे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। राधा का विवाह लगभग 16 वर्ष पूर्व जनपद बहराइच के पयागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जमुनहा में हुआ था। पति हरिओम जायसवाल कटरा बाजार में खाद-बीज की दुकान संचालित करते हैं, जबकि परिवार गांव में निवास करता है। बताया जाता है कि गुरुवार सुबह परिवार के अन्य सदस्य रोजमर्रा के कार्यों से दुकान पर चले गए थे और बच्चे विद्यालय गए हुए थे। इसी दौरान राधा घर में अकेली थीं। कुछ समय बाद जब परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोला तो वह फंदे से लटकी मिलीं। आनन-फानन में उन्हें नीचे उतारकर स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी लाल साहब सिंह पुलिस बल एवं फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक विधिक औपचारिकताएं पूरी करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी और यदि किसी प्रकार की संलिप्तता सामने आती है तो कठोर कदम उठाए जाएंगे। मृतका अपने पीछे दो पुत्र एवं एक पुत्री को छोड़ गई है। घटना के पश्चात परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक एवं स्तब्धता का वातावरण व्याप्त है। पुलिस मामले की प्रत्येक बिंदु पर गहनता से जांच कर रही है।

## होली-रमजान पर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

श्रावस्ती। जनपद में होली एवं रमजान त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी की अध्यक्षता में केन्द्रीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित की गई, जिसमें दोनों समुदायों के संभ्रांत नागरिकों एवं अधिकारियों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष होली और जुम्मे की नमाज एक ही दिन पड़ रही है, इसलिए सभी लोग आपसी भाईचारे और समन्वय के साथ त्योहार मनाएं। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी शांति एवं सद्भाव की परंपरा कायम रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमन-चैन से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बिना अनुमति कोई जुलूस नहीं निकलेगा तथा सार्वजनिक स्थलों पर मादक पदार्थों का सेवन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी उपजिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक कर संभावित समस्याओं का समाधान पहले ही सुनिश्चित करें। होलिका दहन स्थलों का सत्यापन कर लिया जाए ताकि किसी विवादित स्थल पर आयोजन न हो। साथ ही होलिका में जबरन अवांछित वस्तुएं न डाली जाएं और समयावधि में विशेष सतर्कता बरती जाए। त्योहारों के दौरान निर्बाध विद्युत एवं जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। जिला पंचायत राज अधिकारी तथा नगर पालिका भिनगा एवं नगर पंचायत इकौना के अधिशासी अधिकारियों को साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराने को कहा गया। खाद्य सुरक्षा एवं चिकित्सा विभाग को भी आवश्यक तैयारियां पूर्ण रखने के निर्देश दिए गए। संवेदनशीलता को देखते हुए जोनल, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा संबंधित पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने कहा कि त्योहारों के दौरान गुड पुलिसिंग की व्यवस्था रहेगी और सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। यदि कोई व्यक्ति भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट करता पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बुजुर्गों एवं संभ्रांत नागरिकों से अपील की कि कोई नई परंपरा शुरू न की जाए जिससे कानून-व्यवस्था प्रभावित हो।

## बार एसोसिएशन चौरीचौरा के लिए दाखिल पर्चा की जांच आज व पर्चा वापसी कल

चौरीचौरा,गोरखपुर। बार एसोसिएशन चौरीचौरा के के लिए तमाम पदों के लिए पर्चा दाखिल किया गया है। सभी पर्चों की जांच कार्यवाही 27 फरवरी को किया जाएगा। तथा पर्चा वापसी अगले दिन 28फरवरी को किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी एल्डर कमेटी के चेयरमैन एडवोकेट रामजीत यादव ने दी है। बताते चलें कि बार एसोसिएशन चौरीचौरा सत्र 2026 के चुनाव हेतु एल्डर्स कमेटी की देखरेख में 25 व 26 फरवरी को पर्चा दाखिला की कार्रवाई पूर्ण हुई। अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट अजीत कुमार,उदय सिंह यादव, रामनयन यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए अनवारु हक,पल्टू प्रसाद,, मंत्री पद के लिए शत्रुध्न पटेल, भगवान दास, अमिताभ बच्चन, उपाध्यक्ष पद के लिए नन्दलाल, अरविंद राव संजय कुमार, राजेन्द्र यादव, संयुक्त मंत्री प्रकासन पर अभिमन्यु पासवान आदि मौजूद रहे।

# पंचायत भवन का निर्माण अधूरा, भुगतान हुआ पूरा

## चरगांवा ब्लाक के जंगल तिकोनिया नंबर-2 गांव का मामला

**ओमप्रकाश श्रीवास्तव**



चरगांवा, गोरखपुर। विकास खण्ड चरगांवा के ग्राम पंचायत जंगल तिकोनिया नंबर-2 टोला सिखुवनिया स्थित कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय के बगल में ग्राम पंचायत सचिवालय (पंचायत भवन) का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है। लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता एवं लापरवाह रवैये के कारण अधूरे निर्माण के बावजूद कार्यदायी संस्था को अनुमानित लागत की धनराशि भुगतान लगभग पूरा हो चुका है। बताते चले कि, ग्राम पंचायत जंगल तिकोनिया नंबर-2 में वित्तीय वर्ष 2022-23 में पंचम राज आयोग व 15वें केंद्रीय वित्त आयोग व मनरेगा से 13 लाख 20 हजार की अनुमानित लागत से ग्राम पंचायत सचिवालय (पंचायत भवन) का निर्माण प्रस्तावित था। जिसमें मनरेगा से पांच लाख व 15वें केंद्रीय वित्त आयोग व पंचम राज आयोग से 5 लाख 20 हजार व्यय होने थे। निर्माण पूरा करने का लक्ष्य मार्च 2024 रखा गया था। निर्माण पूरा करने के तय समय से काफी विलम्ब होने के बावजूद अभी तक पंचायत भवन का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है। जबकि वर्ष 2025 तक पंचायत भवन के निर्माण पर लगभग 10 लाख की धनराशि व्यय किया जा चुका है। बता दें, 10 लाख से अधिक व्यय होने बाद भी न इंडिया मार्का हैंड पंप पर बना फर्श, नहीं पंचायत भवन के अंदर फर्श का हुआ प्लास्टर, न ही जंगलों पर लग हैं दरवाजा, न ही शुद्ध पेय जल आपूर्ति व शौचालय की सुविधा हुए सुलभ परिसर के मुख्य चहारदीवारी पर भी गेट नहीं मौके पर दोयम दर्जे के ईट अवशेष हैं। ब्लाक के नवागत सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सतीश चतुर्वेदी ने अधूरे निर्माण को लेकर जिलाधिकारी को आख्या भेजकर अवगत कराया। जिस पर जिलाधिकारी कार्यालय से तत्कालिक ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान जंगल तिकोनिया नंबर-2 से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जबकि तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव ने निर्माण कार्य का एमबी कराकर जिलाधिकारी कार्यालय से मांगे गए स्पष्टीकरण का जवाब भेज दिया है। तो वहीं निर्माण कार्य का एमबी करने वाले अवर अभियंता (ग्रामीण अभियंत्रण सेवा) बीपी मिश्रा ने सवाल पर सवालिया अंदाज में कहा क्यो अभी तक निर्माण पूरा नही हुआ क्या...... ? स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत भवन में कोई बुनियादी सुविधा नही है। ग्रामीणों ने अधूरे निर्माण पर नाराजगी व्यक्त किया है।

*इस प्रकरण बोले जिम्मेदार*

*इस बाबत ग्राम पंचायत प्रधान प्रतिनिधि जंगल तिकोनिया नंबर-2 राजकुमार ने बताया कि निमार्णाधीन पंचायत भवन का फर्श, जंगलों में फाटक तथा कुछ अन्य छोटे-मोटे कार्य शेष है। फर्श कराने के लिए गिट्टी तोड़ी जा रही है। पंचायत भवन का शेष निर्माण कार्य शुरू हो गया है।*

*इस बाबत उप **निदेशक पंचायत गोरखपुर मंडल हिमांशु शेखर ठाकुर** का कहना हैं, कि प्रकरण आप द्वारा संज्ञान में लाया गया जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।*

## कचहरी वटवृक्ष मंदिर होली मिलन समारोह आज



इटावा। कचहरी परिसर में बटवृक्ष धाम मंदिर पर होली मिलन समारोह कल यानी आज संपन्न होगां। उक्त जानकारी पूर्व उपाध्यक्ष मीडिया प्रभारी मनोज कुमार दीक्षित ने देते हुए बताया वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश चंद्र दुबे ने समस्त अधिवक्ता जनो, न्याय अधिकारियों, समस्त पत्रकार साथियों बा दकारियों तथा कचहरी आने वाले समस्त लोगों से आग्रह है कि बह दोपहर 1 बजे अबश्य पधारे होली मिलन समारोह में अवीर, गुलाल, पुष्प बर्षा के साथ सुल्पा हार की भी ब्यवस्था की गई है ! उक्त कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार में रहे पूर्व मंत्री उमेश दीक्षित पूर्व शासकीय अधिवक्ता अवधेश तिवारी शासकीय अधिवक्ता शिवकुमार शुक्ला पूर्व प्रत्याशी अध्यक्ष पद एवं मौजूदा प्रत्याशी अध्यक्ष पद प्रवल प्रताप सिंह खास तौर से उपस्थित रहेंगे ! अधिवक्ता महेश चंद, मनोज कुमार दुबे, राजीव तिवारी, संजय दुबे, असित कुमार, सोरभ यादव के अलावा हाकिम सिंह राजपूत, आदि तमाम लोगो ने उक्त होली मिलन कार्यक्रम सफल बनाने की अपील की है।

## जमीनी विवाद को लेकर महिला को पीटा केस दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। गुलरिहा थाना अन्तर्गत सरहरी चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा बिस्टौली में जमीनी बिवाद को लेकर महिला को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया पिड़िता के तहरीर पर गुलरिहा पुलिस सुसंगत धाराओ में मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है सरहरी चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा बिस्टौली में बुधवार को नाद गाड़ने को लेकर मनबढ़ों ने महिला को मार पीट कर घायल कर दिया।

## छात्र की ईंट-पत्थर से किया घायल, मौत

- **मृतक छात्र सेंट मेरिस इण्टर कॉलेज स्टर्नपुर पादरी बाजार गोरखपुर का इंटरमीडिएट जीव विज्ञान वर्ग का था छात्र**



चरगांवा, गोरखपुर। शाहपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम जंगल तिकोनिया नंबर -एक सरदार पटेल नगर के रहने वाले छात्र की दूसरे छात्र गुटों ने पीटकर हत्या कर दी। परीक्षा देकर लौटने के दौरान छात्र गुटों में किसी बात को लेकर भीषण मारपीट हुई थी। एक छात्र गुट के लोगों ने परीक्षा देकर लौट रहे छात्र अंकुश सिंह को ईंट-पत्थर से पीटकर बुरी तरह पिटाई कर दिया था। घायल छात्र की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसको लेकर लोगों में काफी उबाल है और आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के मुताबिक, कुशीनगर जनपद मूल के जनार्दन सिंह शाहपुर इलाके के ग्राम जंगल तिकोनिया नंबर एक सरदार पटेल नगर में परिवार के साथ रहते है। उनका बेटा अंकुश सिंह

सेंट मेरिस इण्टर कालेज स्टर्नपुर पादरी बाजार में इंटरमीडिएट का छात्र था। बीते बुधवार को छात्र अंकुश कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले डीवी इन्टर कॉलेज पर परीक्षा देने गया था। परीक्षा केंद्र पर प्रवेश करते समय नीना थापा इंटर कॉलेज कूड़ाघाट गोरखपुर के छात्र सत्यम कुमार गौड़ से किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। जिस पर सत्यम ने परीक्षा बाद देख लेने की धमकी दी। अकुंश परीक्षा देने चला गया। मृतक छात्र अंकुश के पिता जनार्दन के द्वारा कोतवाली थाना में दी गई तहरीर के मुताबिक सत्यम गौड़ अपने अज्ञात सात से आठ साथियों के साथ अंकुश सिर पर पीछे से ईट पत्थर से हमला कर दिया जिससे छात्र अंकुश गंभारी रूप से घायल हो गया घायल अवस्था में अंकुश के मित्र अंकुश को इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले गए जहां से रेफर कर दिया गया वहां से रेफर करने के बाद वेदांता लखनऊ ले गए इलाज के दौरान छात्र अंकुश की मौत हो गई। अंकुश की बड़ी बहन कानपुर से बी टेक, व बड़े भाई देहरादून से बी टेक करते हैं। घटना को लेकर लोगो में काफी आक्रोश व्याप्त है। पड़ोसी केंद्र व्यवस्थापक पर भी नाराजगी जाहिर कर रहे है। उनका कहना हैं छात्र के घायल होने के बाद केंद्र व्यवस्थापक द्वारा एम्बुलेंस की व्यवस्था नहीं कराई गई अंकुश के साथी मेडिकल कॉलेज मोटर साइकिल से ले जाकर भर्ती कराए।

## गाजे-बाजे व धूम धड़ाके के साथ निकली निशान पदयात्रा

### श्री श्याम रंग रंगीला फाल्गुन महोत्सव का हुआ आयोजन



चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा के मुण्डेरा बाजार स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर (मारवाड़ी मंदिर) से श्री श्याम बाबा की विधि विधान से पूजा अर्चना व दीप प्रज्जवलित कर गाजे-बाजे ढोल नगाड़े के साथ निशान पद यात्रा निकाली गई। जो नगर पंचायत के प्रमुख मार्गों तथा चौराहों से होता हुआ पुनः नगर पंचायत स्थित श्री श्याम मनोकामना सिद्धि मंदिर पर पहुंचा। जहां विधि विधान से पूजा अर्चना कर निशान अर्पण किया गया।

निशान पदयात्रा का शुभारंभ श्याम परिवार के अतुल अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा गांजे बाजे ढोल नगाड़े के साथ निकाली गई निशान पदयात्रा में खाटू श्याम बाबा की शीश का दिव्य व मनोरम झांकी लोगों को मंत्रमुग्ध कर रही थी। श्रद्धालुओं को श्याम बाबा के गीतों पर झूमते नाचते देखा गया।हाथी घोड़े निशान पदयात्रा की शोभा बढ़ा रही थी। बाबा की जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था।उक्त अवसर पर विधायक ई सरवन निषाद, नगर अध्यक्ष सन्नी जायसवाल, पूर्व चेयर मैन जेपी गुप्ता, सुनीता गुप्ता, श्वेता जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष तारकेश्वर जायसवाल, श्याम परिवार के पंकज लाठ, अतुल अग्रवाल, अजय लाठ, आनन्द खेतान, बब्बल लाठ, मनीष सिधानिया, राधाकृष्ण अग्रवाल, प्रमोद सुरेका, मुकेश खेतान, राजन जायसवाल, संजय जायसवाल, अनुप खेतान, राजेश

जायसवाल, चेतना अग्रवाल किरन सुरेका, मंजु सुरेका, ममता लाठ, आशा रानी लाठ, निशा लाठ, एकता लाठ, वनिता खेतान, मीना देवी लाठ, अभय लाभ, पंकज खेतान, सन्तोष अग्रवाल, गोविंद वर्मा, संजय वर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री द्वारा मुलायम सिंह की चर्चा न करने पर सपाइयों में रोष




इटावा। पार्टी कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू बबलू ने प्रेस वार्ता ने कहा कि सैफई आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस के अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा सैफई आने पर इटावा मे इष्टिकापुरी नाम के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, महाकवि, कवि, आदिवासी मसीहा आदि को याद करना उनका जो कद उसके साथ ही उनकी आभा को प्रदर्शित करता है। लेकिन सैफई की मातृभूमि मे जन्मे उस क्षेत्र से कई वार विधायक, सांसद होने के साथ देश के रक्षामंत्री रहने के साथ ही तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहने के साथ ही सैफई आयुर्विज्ञान संस्थान की नींव रखने वाले नेताजी मुलायम सिंह का नाम अपनी जुबान पर न लाना उनकी कुंठा को दशार्ता है और राजनीतिक द्वेष को भी उजागर करता है नेताजी को भारत सरकार द्वारा पदम विभूषण सम्मान से सम्मानित भी किया जा चुका है। संस्थान के अधिकारियों द्वारा संस्थान मे नेताजी मुलायम सिंह यादव के कर कमलो द्वारा शिलान्यास और उद्घाटन के शिला पट को ढकना निन्दनीय है। शिला पट को ढकने से नेताजी के कद को कम नही किया जा सकता है। उप मुख्यमंत्री के नेताजी के प्रति असम्मान प्रकट करना इसके लिए पूरे जनपद की समाजवादी पार्टी घोर निंदा करती है। प्रेसवार्ता में जिलामहासचिव वीरभान सिंह भदोरिया वीरू, एसआईआर प्रभारी उदयभान सिंह यादव, सदर प्रत्याशी रहे सर्वेश शाक्य, लाखन सिंह जाटव, जिलाउपाध्यक्ष अनवार हुसैन, जिलाप्रवक्ता विक्की गुप्ता, जिलासचिव प्रवीण कुशवाहा, जिलासचिव दीपी सिंह, जिला सचिव संतोष राठौर, संतोष राजपूत, गौरव यादव, अरविंद यादव, विवेक यादव, बृजेश यादव लाला, दीपू यादव, विक्की यादव, राजेश कुमार यादव उपस्थित रहे।

## मुआवजा न मिलने पर किसानों ने यूपीडा लखनऊ में शिकायत की



ऊसराहार, इटावा। लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण में प्रशासन और किसानो के बीच में मुआवजे की राशि को लेकर तालमेल नही बन पा रहा है। किसानो ने 24 लाख रूपए हैक्टेयर जमीन के कम भाव मिलने की शिकायत अब यूपीडा कार्यालय लखनऊ मे की है। वही चित्रपुरा गांव मे किसानो से बैनामा देने की सहमति के लिए चैपाल लगाई परंतु किसान तैयार नही हुए गंगा एक्सप्रेसवे को आगरा लखनऊ एक्स्प्रेस वे पर जोडने के लिए 91 किलोमीटर लंबे लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण होना है। यह एक्सप्रेसवे ताखा के कुदरैल मे आगरा लखनऊ एक्स्प्रेस व बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के किलोमीटर 133 पर जुड़ेगा। एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए किसानो से जमीन खरीदने की प्रकिया ताखा मे एक माह से चल रही है कुदरैल और पुरैला के किसानो से 60 हैक्टेयर जमीन खरीदी जानी है। लेकिन अभी तक लगभग नौ हैक्टेयर जमीन ही खरीदी जा सकी है। पुरैला मे तो अभी तक एक बीघा जमीन भी नही खरीदी गई है। यंहा के किसान सर्किल रेट बढाने की मांग को लेकर हाईकोर्ट चले गए हैं।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा पासपोर्ट नं. वाई4068609 गोला खीरी से लखनऊ जाते समय कहीं खो गया है। **जसकमल सिंह पुत्र सतनाम सिंह नि.- पड़रिया पो. पिपरिया धनी थाना- मोहम्मदी जनपद खीरी। पिन कोड-262804, मो.- 8953141623, 7985164624**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र के शैक्षिक प्रमाण-पत्रों एवं आधार कार्ड में त्रुटिवश मोहम्मद अब्बास आब्दी (MOHAMMAD ABBAS ABDI) दर्ज है जबकि उसका सही नाम मोहम्मद अब्बास आब्दी (MOHAMMAD ABBAS ABIDI) है। उसके सभी दस्तावेजों में उसका सही नाम ही दर्ज किया जाये। **शान आब्दी पुत्र अंसार हुसैन नि.- 235/30 गली शाहछड़ा, चौक, लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित करना है कि मैने अपने पुत्र शद्दाम को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नही होगा। **अजीमुल्ला पुत्र मोहय्याद्दीन निवासी-ग्राम मुशकीनगर, पोस्ट व थाना सफदरगंज, बाराबंकी।**

## तहसीलदार के खिलाफ एकजुट हुए जनप्रतिनिधि, कमिश्नर और डीएम को सौंपा पत्र

गोरखपुर। मंडल मुख्यालय पर गुरुवार को सहजनवा तहसील में व्याप्त प्रशासनिक अव्यवस्था और जाति प्रमाण पत्र जारी करने में हो रही अनावश्यक विलम्ब को लेकर जनप्रतिनिधियों और आदिवासी संगठनों ने हुंकार भरी। सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मंडलायुक्त और जिलाधिकारी गोरखपुर से मुलाकात कर तहसीलदार की कार्यप्रणाली पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को बताया कि सहजनवा तहसील में जाति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को जानबूझकर जटिल बनाया जा रहा है।

## मामूली विवाद में तड़तड़ाई गोलियां, केस दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना अन्तर्गत मजनू चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा मैनाभागर में मामूली विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को निशाना कर कई राउंड फायर कर दहशत फैला दिया। वो तो गनीमत रहा कि गोली किसी को नही लगी, नही तो बड़ा हादसा हो जाता। दीपक सिंह पक्ष की तहरीर पर मुकामी पुलिस ने बीएनएस की धारा 109, 19 (2), 191(3), 190, 115(2), 352, 351(3) व 3(5) के तहत मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, एक पक्ष के पीड़ित दीपक सिंह पुत्र मुनीब सिंह ने बताया कि बीते बुधवार को अपने गांव की बारात में पीपीगंज थाना क्षेत्र के जंगल कौड़िया गया था। वही पर पुराने विवाद को लेकर गांव के ही कुछ मनबढो ने बारात में विवाद किया, कुछ लोगों के हस्तक्षेप पर वहां मामला शांत हो गया। लेकिन बारात से घर वापस जाते समय गांव में ही घात लगाकर बैठे उन मनबढों ने गाली देते हुए उनको निशाना कर की राउंड फायर किया। पीड़ित दीपक की सूचना पर हरकत में आई चिलुआताल पुलिस ने घटना में आरोपित मनबढो उत्तम सिंह, प्रदीप सिंह, अवधेश सिंह, अजीत सिंह, राहुल सिंह, दुर्गीबिजय सिंह व धरमदेव को गिरफ्तार कर उनके पास से घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद कर लिया। इनकी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी सूरज सिंह मय हमराह शामिल रहे।

# प्रदूषण और अवैध खनन की भेंट चढ़ी 10 एकड़ भूमि

## पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर लगाई न्याय की गुहार

**यजुगेन्द्र श्रीवास्तव**

गीडा, गोरखपुर। सहजनवां तहसील के ग्राम नगवा में कानून को ताक पर रखकर प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और निजी भूमि पर कब्जे का एक गंभीर मामला सामने आया है। यहाँ न केवल एक पीड़ित की 10 एकड़ निजी कृषि भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है, बल्कि बिना किसी अनुमति के बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी खनन कर ईंट भट्ठे का संचालन किया जा रहा है, जिससे क्षेत्रीय पर्यावरण को भी भारी क्षति पहुँच रही है।

गुरुवार को शाहमारूफ निवासी मधुप कुमार ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी पैतृक भूमि खसरा संख्या 197 पर मेसर्स आर.पी. ब्रिक्स फील्ड (स्टोन मार्का) के निदेशकों ने जबरन कब्जा कर रखा है। बिना किसी लिखित अनुबंध या सहमति के, उपजाऊ कृषि भूमि को अवैध खनन का अड्डा बना दिया है। ईंटों के निर्माण के लिए धड़ल्ले से मिट्टी निकाली जा रही है, जिससे शासन को मिलने वाली लाखों रुपये की रॉयल्टी की चोरी हो रही है। आरोप है कि यह ईंट भट्ठा बिना किसी वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र और खनन विभाग की अनुमति के संचालित हो रहा है।

घनी आबादी के बीच जहरीला धुआं और धूल पर्यावरण और जनस्वास्थ्य के लिए खतरा बन गई है। अब देखना यह है कि रसूखदार ईंट भट्ठा संचालकों पर प्रशासन कब शिकंजा कसता है या फिर यह अवैध काला खेल इसी तरह बेखौफ जारी रहेगा। *मामला मेरे संज्ञान में आया है। प्रदूषण मानकों और अनुमति की गंभीरता से जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमों के तहत सख्त विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।* **-आशुतोष चौहान, क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड गोरखपुर।**

*अवैध मिट्टी खनन के मामले की जांच की जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही होगी।* **-अमित सिंह, खनन निरीक्षक गोरखपुर।**

# मैनेजर सहित तीन लोगों की पिटाई

बकेवर, इटावा। दुग्ध केंद्र से गाड़ी हटाने को लेकर गाड़ी चालक ने मैनेजर सहित तीनो लोगो को जबरन रोकर गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडो से रघुवीर वाटिका के पास मारपीट करते हुए घायल कर उनके वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। प्लांट मैनेजर के शिकायती पत्र पर पुलिस ने दो नामजद सहित अज्ञात लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। मैनेजर हर्वेन्द्र सिंह निवासी गगन दुग्ध अवसीतन केंद्र सराय निरोतंम ने बकेवर थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि वह दुग्ध केंद्र में मैनेजर पद पर कार्यरत है उनके केंद्र में गांव गांव से दूध उठाने के लिया कई पिकअप वाहन लगे हुए है 23 फरवरी को वह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में दूध गांवो से उठवा रहे थे कि तभी उन्हे सूचना मिली कि क्षेत्र के एक पिकअप वाहन चालक शराब के नशे में है सूचना पर ग्राम पहाड़पुरा पहुँचे।

## पुलिस ने बैंकों व संस्थानों का निरीक्षण किया

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना प्रभारी, थानाध्यक्ष एवं चैकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बैंक परिसर के अंदर एवं बाहर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों की कार्यशीलता को चेक किया। संबंधित बैंक प्रबंधकों एवं कर्मियों को सुरक्षा मानकों की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही, बैंक कर्मचारियों एवं आमजन को सतर्क रहते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**GS-01 वर्ष 2026**

निम्नलिखित कार्यो के लिए मुहरबन्द "खुली निविदा" वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। **नि० सूचना संख्या:– GS-01 वर्ष 2026, कार्य का विवरण:–** 306A (BUW-BUR), 317 A (JBR-BBK), 303 Spl (BUW-CKG), 276 Spl (MIR-CLJ), 261 A (GD-GDK), LC51C (RS), 251 Spl (MOTG) and 315 A (JBR) पर प्रस्तावित ROB के संबंध में सिग्नल केबल शिफ्टिंग कार्य और सर्किट परिवर्तन।, **अनुमानित लागत:–** ₹1,91,89,402.07, **बयाना राशि:–** ₹ 2,46,000.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य –** ₹ 00.00, **कार्य समापन अवधी:–** 09 माह, (1) निविदाओं के बन्द होने की अंतिम तिथि एवं समय:–19.03.2026 को 15.00 बजे।, **नोट:–** इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नही किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।

वमसिदूई / लखनऊ

मुजाधि / सिग्नल–110

ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें

# कॉम्प्लेक्स सहित दो अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर

- **ईमानदार छवि वाले मेडा उपाध्यक्ष अधिकारियों, इंजीनियरों को पढ़ा रहे थे लंबे समय से ईमानदारी का पाठ**

**मुकेश कुमार गुप्ता**



मेरठ। मेरठ विकास प्राधिकरण (मेडा) के उपाध्यक्ष आईएएस अधिकारी संजय कुमार मीणा के सख्त तेवरों के चलते दोनों जोनल अधिकारियों तथा कुछ अवर अभियंता को फटकार लगाने के बाद गुरुवार को मेडा प्रवर्तन खंड डी 4 क्षेत्र के छोटा मवाना खुर्द के पास स्थित कोर्ट परिसर के नजदीक काटी जा रही दोअवैध कॉलोनियों को बाबा के पीले पंजे ने जमींदोज कर दिया जिससे भूमाफियाओं में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मेरठ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संजय कुमार मीणा छुट्टियों पर चल रहे हैं सूत्रों की माने तो लगातार मेरठ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों तथा इंजीनियरों की भ्रष्टाचार को लेकर शिकायतें मेरठ मंडल आयुक्त से लेकर शासन तक पहुंच रही है शासन भी मेडा पर लग रहे लगातार भ्रष्टाचार को लेकर संवेदनशील है। सूत्रों की माने तो बुधवार 25 फरवरी को छुट्टी पर रहते हुए भी मेडा उपाध्यक्ष संजय कुमार मीणा ने ऑनलाइन दोनों जोनल अधिकारी तथा सभी जेई को अवैध कालोनी तथा अवैध निमार्णों को लेकर काफी नाराजगी जाहिर की, सूत्र बताते हैं कि मेडा उपाध्यक्ष ने दोनों जोनल अधिकारियों के अलावा कई जेई को भी आडे हाथों लिया और जमकर फटकार लगाई, वहीं सूत्र यह भी बताते हैं कि दोनों जोनल अधिकारियों को 100 अवैध कॉलोनी को जमींदोज करने के भी निर्देश मेडा उपाध्यक्ष ने दिए हैं मेडा उपाध्यक्ष का इस तरह का रुख पहली बार देखने को मिला है बड़े ही शांत स्वभाव, सरल तथा ईमानदार छवि वाले आईएएस अधिकारी संजय कुमार मीणा लगातार प्राधिकरण के अधिकारियों तथा इंजीनियरों को ईमानदारी से काम करने की नसीहत तथा पाठ पढ़ा रहे थे लेकिन मेडा के अधिकारियों तथा इंजीनियरों ने भी उनकी एक नहीं सुनी लेकिन जब वह बुधवार को इन अधिकारियों पर दहाड़े तो प्रवर्तन खंड के दोनों जोनल तथा अवर अभियंता हरकत में आ गए और कल ही अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई को लेकर रणनीति बनाई गई।जिसके चलते आज करीब आधा दर्जन बुलडोजर के साथ प्राधिकरण की टीम पुलिस बल की मौजूदगी में मवाना खुर्द जा धमकी और देखते ही देखते दो अवैध कालोनी तथा उनमे बने दो बड़े अवैध कंपलेक्स को बाबा के पीले पंजे से धराशाई कर दिया एक कंपलेक्स में ही 40 से 50 दुकान बताई जाती हैं जिनको बेचने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई थी मेडा की कार्रवाई के बाद भूमाफियाओं में हड़कंप मच गया।

**न्यायालय सूचना**

एफ.सी.जे. फार्म नं. 33 भाग 7
न्यायालय उपजिलाधिकारी (न्यायिक)
मोहम्मदी खीरी
तारीख पेशी- 28.02.2026

सुनीता देवी

बनाम

1. कशमीर कौर पत्नी मुख्तयार सिंह
2. मुख्तयार सिंह पुत्र अमरीक सिंह
3. श्रीमती वचन कौर पत्नी बख्शीश सिंह
4. कुलदीप सिंह पुत्र अमरीक सिंह
5. अमनदीप कौर पुत्र गुरूप्रीत सिंह
6. बलविन्दर सिंह पुत्र अमरजीत सिंह
7. दलजीत सिंह पुत्र मुख्तयार सिंह

समस्त निवासीगण- ग्राम बरखेरा परगना अटवा पिपरिया तहसील मोहम्मदी जिला खीरी।

8. राज किशोर मिश्रा पुत्र रमेश चन्द्र मिश्रा
9. अभय मिश्रा पुत्र रमेश चन्द्र मिश्रा

निवासीगण ग्राम अंगरासी, तहसील सदर, जिला सीतापुर।

10. ग्राम पंचायत बरखेरा परगना व थाना पिपरिया तहसील मोहम्मदी खीरी।

चूँकि उपरोक्तनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 28.02.2026 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा व अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दिनांक 25.02.2026 के दिवस को निकाली गयी।

न्यायाधीश

**-सार्वजनिक सूचना-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संस्था सुलतानपुर जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन कार्यालय पता 1229/11 दरियापुर जिला सुलतानपुर पिन कोड 228001 के नाम से नया पंजीयन हेतु डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स अयोध्या मंडल, अयोध्या की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन दिनांक 04/11/25 को किया गया है, जिसमें पुलकित सिंह अध्यक्ष, गिरीश कुमार मिश्रा उपाध्यक्ष, विजय यादव महासचिव, रविन्द्र कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष, सहसचिव अश्वनी शर्मा, कानून सलाहकार बृजेश कुमार, सदस्य अंकित शुक्ला, राज कुमारसरोज, अक्षय कुमारसोनी पद पर चयनित हैं। डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स अयोध्या मंडल, अयोध्या के आवेदन क्रमांक 10119897 दिनांक 04/11/2025 के क्रम में पंजीयन हेतु सूचना प्रकाशित करायी जा रही है। यदि किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति है तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अपनी आपत्ति कार्यालय में दर्ज करा सकता है।

विजय यादव
महासचिव

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं0 | 106-सिग/टेंडर/67/2025-26 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के मंडल नियंत्रण कार्यालय में ऑडियो विजुअल अलार्म के साथ केंद्रीकृत डेटालॉगर मॉनिटरिंग डैशबोर्ड का कार्यान्वयन । |
| अनुमानित लागत | रु. 7535155.92/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 150700/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 240 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 18.03.2026 15.30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in. वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू0सं0–106–सिग / टेंडर / 67 / 2025–26 दिनांक: 25.02.2026 647/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म में गिरफ्तार

**जौनपुर**। थाना सुजानगंज पुलिस ने शादी का झाँसा देकर दुष्कर्म करने व सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने के मामले में एक आरोपी युवक को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार इस मामले को लेकर गुरूवार को थाना सुजानगंज उप निरीक्षक बृजेश मिश्र मय टीम की टीम ने एससीएसटी एक्ट में कल्याण पटेल पुत्र विजय बहादुर निवासी ग्राम नदान थाना सुजानगंज को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद आरोपी युवक को न्यायालय के लिए भेज दिया है।

## रोजगार मेला 28 को

**जौनपुर**। युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 28 फरवरी को राजकीय आईटीआई सिद्दीकपुर परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश-विदेश की 60 बहुप्रतिष्ठित कम्पनियों 1000 से अधिक पदों पर 12 हजार से 35 हजार तक प्रतिमाह वेतन के अवसर के साथ प्रतिभाग कर रही है। मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनियों में साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाना है, अतः अभ्यर्थी उक्त पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन पूर्ण कर मेले में प्रतिभाग करें अभ्यर्थी अपने साथ शौक्षिक अभिलेखों की मूल प्रति और छायाप्रति अवश्य लेकर पहुंचें।

## होली को दिन में बंद रहेंगी मदिरालय

**आजमगढ़**। उप्र आबकारी अधिनियम, 1910 (यथा संशोधित) की धारा-59 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए रवीन्द्र कुमार, जिला मजिस्ट्रेट ने जनपद-आजमगढ़ में शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया है कि होली के पर्व पर 4 मार्च 2026 (रंग के दिन) दिन बुधवार को सायं 5 बजे तक जनपद आजमगढ़ की समस्त देशी शराब, कम्पोजिट शाप, भांग, ताड़ी की फुटकर दुकानें एवं बार व मॉडलशाप तथा समस्त थोक अनुज्ञापन बन्द रखे जायें। इस बन्दी के लिए सम्बन्धित अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा।

## मकान पर कब्जे का आरोप, पीड़िता ने लगायी न्याय की गुहार

**मीरजापुर**। कोतवाली शहर थाना क्षेत्र की परमापुर मोहल्ला निवासिनी नीतू पुत्री मूरत ने अपने भाई भाभी पर मकान कब्जा करने आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि भाई गुलाब और उनकी पत्नी जीरा देवी द्वारा मेरे बैनामा कराए गए भूमि पर स्थित मकान को जबरन कब्जा कर लिया है विपक्षियों द्वारा घर में रखा सामान फेककर मकान पर जबरन कब्जा कर लिया है, उन्होंने बताया कि सदर तहसील क्षेत्र में आराजी संख्या 114 की जमीन का विधिवत बैनामा कराकर खतौनी में अपना नाम दर्ज कराया है उक्त जमीन पर बने पुराने मकान में वह निवास कर जीवनयापन कर रही थी कि विपक्षी भाई भाभी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और उन्हें घर से जबरन बाहर निकाल दिया। साथ ही घरेलू सामान भी बाहर फेंक दिया गया। पीड़िता का कहना है कि आरोपित उन्हें मकान में वापस नहीं जाने दे रहे हैं मकान को कब्जा कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। जिसकी शिकायत पुलिस व एसडीएम सदर से भी की गई एसडीएम ने राजस्व टीम व शहर कोतवाली पुलिस को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने को कहा लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नही हुई पीड़िता न्याय गुहार लगाते हुए दर दर भटकने को मजबूर हैं।

# राज्यपाल ने मां विन्ध्यवासिनी विवि की कार्य प्रगति का किया निरीक्षण

### विवि परिसर में पौधरोपण के बाद कामगार श्रमिकों के बच्चों को बांटे स्कूली बैग व पाठ्य पुस्तक

- विवि में जनप्रतिनिधियों सहित कुलपति व अधिकारियों के साथ की बैठक



**मीरजापुर**। राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने जनपद के मड़िहान तहसील अन्तर्गत ग्राम पंचायत देवरी में निमार्णाधीन मां विन्ध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय का भ्रमण कर प्रगति कार्य व गुणवत्ता का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय का भ्रमण कर एकेडमिक ब्लाक, गर्ल्स हास्टल, प्रशासनिक भवन में भ्रमण कर भूतल व प्रथम तल पर जाकर निर्माण कार्यो के प्रगति व गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने तथा कार्य की पूर्णता के समयबद्ध ढंग से निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। तत्पश्चात महामहिम राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर में हरसिंगार वृक्ष सहित अन्य पौधो का पौधरोपण करते हुए पर्यावरण के संरक्षण का संदेश दिया। तत्पश्चात महामहिम राज्यपाल द्वारा कामगार श्रमिकों के स्कूल में अध्ययनरत छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल बैग व पाठ्य पुस्तक का वितरण कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए बच्चों से बातचीत भी की।

राज्यपाल द्वारा विश्वविद्यालय परिसर के सभागार में मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले व विधायकगण सहित अधिकारियों के साथ बैठक कर कुलपति शोभा गौड़ से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों व सम्बद्ध महाविद्यालयों के बारे में जानकारी ली गई। बैठक में उपस्थित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति प्रतिशत व स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष प्राप्त धनराशि व व्यय धनराशि के बारे में विस्तृत जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि 154.15 करोड़ स्वीकृत लागत के सापेक्ष अब तक कुल प्राप्त 138 करोड़ धनराशि के सापेक्ष 132 करोड़ व्यय करते हुए 68.80 प्रतिशत कार्य प्रगति है। बैठक में उपस्थित मा0 प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले मंत्री श्री आशीष पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर के तीनो जनपदों को मिलाकर 159 महाविद्यालय विश्वविद्यालय से सम्बद्ध है जिसमें जनपद मीरजापुर के 84, जनपद सोनभद्र 54 एवं भदोही के 21 महाविद्यालय शामिल है। महामहिम राज्यपाल ने बैठक में विश्वविद्यालय के निर्माण प्रगति, शैक्षणिक सेवाएं, लाइब्रेरी, अध्यापको व अन्य स्टाफ की उपलब्धता आदि के बारे मे जानकारी लेते हुए कुलपति शोभा गौड़ को निर्देशित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय को सुचारू ढंग से संचालित करने के दृश्टिगतदृष्टिगत सहायक अध्यापको व अन्य स्टाफ की मांग प्रस्ताव बनाकर शासन से कर ली जाए। उन्होंने छात्रों के स्वरोजगार हेतु कौशल विकास केन्द्र की स्थापना एंव इनक्यूबेशन सेन्टर स्थापित करने हेतु निर्देश दिये। जिससे स्टार्टअप के माध्यम से छात्र-छात्राओं को आत्म निर्भर बनाया जा सकें। कुलपति शोभा गौड़ ने छात्र-छात्राओं के लाने ले जाने हेतु बस की मांग पर मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले ने कहा कि बस के लिए एक प्रस्ताव दिया जाए उनके द्वारा एक बस तत्काल उपलब्ध कराया जाएगा।

## पुलिस पर फायर झोंकने के 3 आरोपी गिरफ्तार

**आजमगढ़**। रानी की सराय क्षेत्र में 25 फरवरी 2026 को अभियुक्त द्वारा पुलिस बल पर फायर किया गया। जिसके पास से एक अवैध शस्त्र कारतूस बरामद हुआ था। जिसके संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार की तरफ से थाना स्थानीय पर धारा 109(1)/351(3) बीएनएस बनाम नसीम उर्फ लम्बू पुत्र दिलशेर अहमद निवासी कोटिला थाना रानी की सराय, भुटेली उर्फ करिया पुत्र इल्ताफ व वसीम पुत्र दिलशेर नि. कोटिला थाना रानी की सराय पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त नसीम उर्फ लम्बु उपरोक्त मुठभेड़ में गिरफ्तार होकर जिला जेल आजमगढ़ भेजा गया है। अभियुक्त भुटेली उर्फ करिया व वसीम पुत्र दिलशेर को जिला कारागार आजमगढ़ भेजा जा रहा है। सूचना मिली थी कि अभियुक्त भुटेली उर्फ करिया और वसीम जो कोईलारी खुर्द तालाब के पास मौजूद हैं। अभियुक्तगण भुटेली उर्फ करिया पुत्र इल्ताफ निवासीगण ग्राम कोटिला थाना रानी की सराय जनपद आजमगढ वसीम पुत्र दिलशेर नि0 कोटिला थाना रानी की सराय जनपद आजमगढ को कोइलारी खुर्द तालाब के पास से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त वसीम पुत्र दिलशेर उपरोक्त की जामा तलाशी ली तो एक देशी तमंचा .315 बोर मय 1 कार0.315 बोर बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर धारा 3/25आर्म्स एक्ट बनाम वसीम पुत्र दिलशेर नि. कोटिला थाना रानी की सराय पंजीकृत किया गया।

## लैंगिक समानता के प्रति जागरूक होना जरूरी : सविल जज



**जौनपुर**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीवानी न्यायालय एवं मोहम्मद हसन पी.जी. कॉलेज, जौनपुर के संयुक्त तत्वावधान में लैंगिक समानता, पर जागरूकता संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में विधिक जागरूकता को सुदृढ़ करना, घटते बाल लिंगानुपात के प्रति चेतना विकसित करना तथा महिला एवं बालिका संरक्षण के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना रहा। अध्यक्षता दीवानी बार काउंसिल के अध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव ने की। उन्होंने कहा, ह्लैंगिक समानता केवल सामाजिक आवश्यकता नहीं, बल्कि संवैधानिक दायित्व भी है, जिसे हम सभी को मिलकर सशक्त करना होगा।ह्व मुख्य वक्ता सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर सुशील कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा, ह्राष्ट्रीय लोक अदालत एवं स्थायी लोक अदालत न्याय को सरल, त्वरित और किफायती बनाती हैं, जिससे आमजन को न्याय सुलभ हो पाता है।ह्व उन्होंने पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी देते हुए भ्रूण लिंग परीक्षण को दंडनीय अपराध बताया और समाज से बालिका संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। संयोजक डॉ. अब्दुल कादिर खाँ ने कहा, ह्समाज में जागरूकता और शिक्षा ही लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने का सबसे प्रभावी माध्यम है।ह्व अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने घटते बाल लिंगानुपात पर चिंता व्यक्त करते हुए पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया तथा लोक अदालत की उपयोगिता को समझाया। खेल महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया , छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें देशभक्ति गीत, समूह नृत्य एवं नाटक के माध्यम से सामाजिक संदेश दिया गया।

## स्कूली वाहन के चालकों/परिचालकों में चश्मा वितरित




**आजमगढ़**। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा माह के दौरान नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में परीक्षणोपरान्त चश्मा हेतु योग्य पाये गये 257 स्कूली वाहन के चालकों/परिचालकों को निःशुल्क चश्मा का वितरण किया। जिलाधिकारी ने चालकों/परिचालकों को सम्बोधित करते हुये स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए एवं सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में अति संवेदनशील रहें। उन्होने सभी चालकों/परिचालकों को समय-समय पर नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में छूटे हुए चालकों/परिचालकों का आगे भी शिविर के माध्यम से परीक्षण करवाकर निःशुल्क चश्मे का वितरण किया जायेगा। उन्होने कहा कि यदि आंखों के सर्जरी की आवश्यकता होगी, तो सरकार के निदेर्शानुसार उसकी भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री की विशेष अभिलाषा रहती है कि चालक/परिचालक के आंख की रोशनी कम होने के कारण कोई दुर्घटना न हो। जिलाधिकारी ने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) को आगे भी कैम्प लगाकर नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण कराने हेतु निर्देशित किया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एनआर वर्मा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अतुल कुमार यादव एवं सर्वोदय पब्लिक स्कूल, सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल, जीडी ग्लोबल स्कूल सहित अन्य स्कूलों के चालक/परिचालक उपस्थित रहे।

# आजाद भारत में गुलामी प्रथा नहीं चलेगी : महिला शिक्षक संघ



**मीरजापुर**। टीईटी की अनिवार्यता को लेकर शिक्षकों में ऊबाल आ गया है। विरोध में आक्रोशित शिक्षकों ने नगर में जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष सभा प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। इसमें शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता संबंधी सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले तथा राइट टू एजुकेशन (आरटीई) अधिनियम, 2009 की धारा 23 में 2017 के संशोधन द्वारा थोपी गई व्यवस्था के विरुद्ध कड़ी आपत्ति जताई गई।

वक्ताओं ने कहा यह फैसला आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्य करने के विरुद्ध है, जो संवैधानिक सिद्धांतों एवं पूर्वव्यापी प्रभाव के सामान्य नियमों के प्रतिकूल है। कोई भी कानून और नियम परिवर्तन सामान्यतः भविष्य की तिथियां से लागू नहीं किए जाते हैं। इससे उत्तर प्रदेश में लगभग 2 लाख तथा देशभर में 20 लाख से अधिक शिक्षकों का भविष्य संकटग्रस्त हो गया है। निरंतर मानसिक दबाव से उनकी स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ रही है तथा समाज में नकारात्मक भावना व्याप्त हो रही है। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी, ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी तथा सैकड़ों की संख्या में महिला शिक्षक उपस्थित रहे। इस दौरान उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की ओर से सुष्मिता जायसवाल, जिलाध्यक्ष, नमिता सिंह, जिला महा मंत्री, कनक प्रभा सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गुंजन सिंह जिला कोषाध्यक्ष, मंजुला देवी जिला मीडिया प्रभारी, पूनम सिंह- जिला उपाध्यक्ष, प्रियंका सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष नरायणपुर, अरुणा सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष राजगढ़, शीला शुक्ला ब्लॉक अध्यक्ष नगर, जूली ब्लॉक अध्यक्ष छानबे, कीर्ति ब्लॉक अध्यक्ष पहाड़ी, बीना जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष मडिहान, पुष्पा मौर्या ब्लॉक अध्यक्ष सीखड, विभा सिंह ब्लॉक अध्यक्ष जमालपुर इत्यादि सहित सैकड़ों महिला शिक्षकों ने भी आंदोलन में हुंकार भरी।

## पुलिस की मौजूदगी में मारपीट, पांच पर केस

**जौनपुर** । जफराबाद थाना क्षेत्र के हिसारकोट मुहल्ले में स्थित एक कब्रिस्तान में मुर्दा दफनाने के विवाद को सुलझाने पर बुधवार की देर शाम को पुलिस की मौजूदगी में चेयरमैन पति के साथ मारपीट किया गया ।मामले में देर रात को पांच आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया। कस्बे के शेखवाड़ा मुहल्ले के निवासी जुम्मन 60 वर्ष की बुधवार की सुबह इंतकाल हो गया ।उनको दफन करने के लिए हिसारकोट मुहल्ले में स्थित कब्रिस्तान में गड्ढा खोदते समय आसिफ का उनके ही पड़ोसी शाह आलम से विवाद होने लगा ।आसिफ जमीन को अपनी बताते हुए शव दफन करने से मना करने लगा ।जिसपर दोनों पक्षों में विवाद बढ़ने लगा ।लोगों ने चेयरमैन पति डॉ सरफराज खान को सूचना दिया ।वे तत्काल मौके पर जाकर दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराया ।दोनो पक्ष उनकी बात पर राजी हो गए ।आरोप है उसी समय सुलह समझौता कराने से आक्रोशित शाह शब्बीर पुत्र महमूद,साहिल पुत्र रफीक,हशमत व विलाल पुत्रगण अफसर तथा दाऊद पुत्र महफूज ने गाली गलौज करते हुए चेयरमैन प्रतिनिधि पर ईंट पत्थर से हमला कर दिया ।जिसमें उन्हें चेहरे पर चोट आयी ।वहां मौजूद लोगों ने उन्हें बीचबचाव किया ।चेयरमैन पति ने पुलिस को तहरीर दिया ।पुलिस ने देर रात को आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे पक्ष के पूर्व सभासद शाह नियम आलम ने आरोप लगाया है कि उनका भाई शब्बीर आलम जेसीबी द्वारा कब्र खोदने का विरोध कर रहा था जिसको लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया और मारपीट हो गई पुलिस अधीक्षक जौनपुर को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि मारपीट में उसका मोबाइल टूट गया और उंगली में भी चोट आई है जिनकी तहरीर डॉक्टर सरफराज सहित पांच लोगों के विरुद्ध थाने पर दिया गया था लेकिन पुलिस ने एक तरफा कार्रवाई करते हुए एक पक्ष का मुकदमा पंजीकृत किया है।

## वरासत दर्ज करने के नाम पर लेखपाल का खेल

**जौनपुर**। तहसील सदर के अंतर्गत ग्राम विजय मंदिर उर्फ प्रेमराजपुर में राजस्व विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। पीड़ित निखलेश बिन्द ने जिलाधिकारी को साक्ष्यों के साथ प्रार्थना पत्र सौंपकर लेखपाल पर भ्रष्टाचार और गलत रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाया है। दस्तावेजों के अनुसार, कन्हैया लाल बिन्द के वारिसों के रूप में कमलेश कुमार (31 वर्ष) और निखलेश बिन्द (28 वर्ष) का विवरण ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज किया गया था। यह मामला गाटा संख्या 330मि, 332/2, 332मि और 337मि से जुड़ा है। नियमों के अनुसार, पिता की मृत्यु के बाद बेटों का नाम वरासत के रूप में दर्ज होना एक सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन लेखपाल की रिपोर्ट में जानबूझकर वारिसों के आगे श्असहमत्य दर्ज कर दिया गया है ।निखलेश का आरोप है कि लेखपाल विनय दुबे ने वरासत दर्ज करने के बदले अनुचित लाभ की मांग की थी। मांग पूरी न होने पर लेखपाल ने अपनी जांच आख्या में मामले को विवादित्य श्रेणी में डाल दिया। पोर्टल के स्टेटस में साफ दिख रहा है कि लेखपाल की जांच आख्या में बिना किसी ठोस कारण के इसे विवादित दिखाया गया है, जिससे वारिसों का हक मारा जा रहा है। पीड़ित परिवार ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है कि लेखपाल द्वारा लगाई गई गलत शविवादित्य रिपोर्ट को निरस्त किया जाए ।गाटा संख्या 330, 332 और 337 पर वारिसों के नाम दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी की जाए। पद का दुरुपयोग करने वाले संबंधित लेखपाल के खिलाफ विभागीय जांच कर दंडात्मक कार्रवाई की जाए ।इस मामले ने एक बार फिर राजस्व विभाग में निचले स्तर पर फैले भ्रष्टाचार को उजागर कर दिया है, जहाँ वारिसों को भी अपने हक के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे सरकार की हर योजना



**सोनभद्र**। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को सोनभद्र जनपद के विकास भवन स्थित पंचायत रिसोर्स सेन्टर में विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, किट एवं सामग्री का वितरण किये। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्री-स्कूल किट (200), पोषण अभियान के अंतर्गत पोषण पोटली (200), आयुष्मान कार्ड (500), वनाधिकार पट्टा (50), मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति-पत्र (10), प्रधानमंत्री सूर्य योजना के (10) एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान के अन्तर्गत (10) लाभार्थियों, मोटराइज्ड दोना मशीन (2) सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागी रहे बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। 10 अनाथ बच्चियों को 1100 रुपए का चेक प्रदान किया गया। राज्यपाल I ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि आज 200 आंगनबाड़ियों को किट उपलब्ध कराई गई हैं। प्रत्येक किट में कुर्सी, साइकिल सहित 22 से 23 प्रकार के उपकरण बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु दिए जाते हैं, ताकि गरीब परिवारों के बच्चे भी सुगमता से पढ़ सकें और आगे बढ़ सकें। जिला प्रशासन द्वारा जो वनाधिकार के तहत आज लाभार्थियों को पट्टा दिया जा रहा है, इसके साथ ही वनाधिकार खतौनी का वितरण किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा किये जाने वाला यह कार्य सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा जो भी योजनाएं संचालित होती है, उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक के लोगों को मिले। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जिस कार्य के लिए जो भी बजट की मांग की जाती है, उसका उपभोग समय से करना चाहिए और समय से बजट की मांग भी की जानी चाहिए, बजट को समय से खर्च होने पर समाज के अंतिम व्यक्तियों, गरीब, असहाय, दिव्यांग, आदिवासी वर्ग के लोगों को इस योजना का लाभ समय से मिल जाता है। राजस्व विभाग द्वारा खतौनी से सम्बन्धित जो भी मामले होते हैं, उसका निस्तारण निर्धारित समय अवधि में किया जाना चाहिए, ग्राम स्तर पर चैपाल लगाकर खतौनी से सम्बन्धित मामलों के निस्तारण किये जाने चाहिए, समय से खतौनी से सम्बन्धित मामले के निस्तारण होने से व्यक्ति अपने जमीन का मालिकाना हक प्राप्त होता है और भूमि से सम्बन्धित विवाद की संभावना समाप्त होती है। उन्होंने कहा कि भूमि से सम्बन्धित मामलों जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्परता के साथ कार्यवाही की जानी चाहिए, जिससे कि पीड़ित व्यक्तियों को समय से न्याय मिले, जिससे कि माफिया दबंग द्वारा किसी की भूमि पर गलत तरीके से कब्जा न कर सकें और किसी गरीब का शोषण न कर सकें। इच्छा व्यक्त की कि पूरे प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों तक इस प्रकार की सामग्री पहुँचे, जिससे बच्चों को बैठने और पढ़ने के लिए उपयुक्त वातावरण मिल सके। राज्यपाल जी ने विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छता पर विशेष बल देते हुए कहा कि प्रत्येक 15 दिन में आधा घंटा निकालकर बच्चों के नाखून काटने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। राज्यपाल ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र की बच्चियों द्वारा प्रस्तुत गये सुन्दर व मनमोहक नृत्य की सराहना भी की। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2026 तक देश को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे रोगियों को बेहतर देखभाल एवं पोषक आहार की आवश्यकता है। प्रदेश में टीबी मुक्त अभियान व्यापक स्तर पर चल रहा है। डॉक्टर यह न घोषित करें कि रोगी पूर्णतः टीबी मुक्त हो गया है, तब तक पोषण पोटली निरंतर दी जानी चाहिए। टीबी रोगियों के साथ अछूत जैसा व्यवहार न किया जाय। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री द्वारा संचालित आयुष्मान कार्ड योजना की सराहना करते हुए कहा कि इसका लाभ जन-जन तक पहुँचना चाहिए।

## शोधार्थी के लिए नवाचार सबसे बड़ी पूंजी : कुलपति



जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में गुरुवार को इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट (आईपीआर) सेल की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय ह्बौद्धिक संपदा अधिकार रू उभरती प्रवृत्तियाँ और चुनौतियाँह्व रहा। इस अवसर पर अपने आशीर्वचन में कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि ह्इन्वेंशन ही एसेट हैह्व। किसी भी संस्थान अथवा शोधकर्ता के लिए नवाचार उसकी सबसे बड़ी पूंजी होती है। यदि नए विचारों, शोध कार्यों और आविष्कारों को सही दिशा में संरक्षित किया जाए तो वही आर्थिक उन्नति और सामाजिक विकास का मजबूत आधार बनते हैं। साथ ही डिजिटल युग की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज कॉपीराइट उल्लंघन, डेटा सुरक्षा और ऑनलाइन सामग्री की सुरक्षा गंभीर विषय बन चुके हैं। विशिष्ट अतिथि सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक सहगल ने कहा कि डिजिटल युग में बौद्धिक संपदा अधिकार अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। भारतीय पेटेंट कार्यालय, नई दिल्ली के सहायक नियंत्रक आलोक मिश्रा ने कहा कि नवाचार को संरक्षित करना राष्ट्र की प्रगति के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि देश को विकसित करने के लिए आईपीआर सेक्टर को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने पेटेंट आवेदन की प्रक्रिया, परीक्षा प्रणाली तथा स्टार्टअप एवं शैक्षणिक संस्थानों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान सुल्तानपुर के एसोसिएट प्रोफेसर प्रो. प्रदीप कुमार ,इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विधि संकाय के डॉ. अभिषेक कुमार , टी.डी. लॉ कॉलेज के डॉ. यशवंत सिंह ने ने भी सम्बो?धत किया। संचालन डॉ. रसिकेश और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. प्रदीप कुमार ने किया।

## एसपी दफ्तर पहुंचकर सिपाही पति पर लगाया आरोप

**आजमगढ़**। जनपद के रौनापार थाना क्षेत्र के बनहरा, चॉदपट्टी गांव निवासी सरोज यादव ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ को प्रार्थना पत्र देकर अपने पति सिपाही कृष्ण चन्द गुप्ता पर मारपीट, मानसिक उत्पीड़न और 10 माह के बच्चे को जबरन छीनने का आरोप लगाया है। प्रार्थिनी के अनुसार, वर्ष 2023 में वह आजमगढ़ स्थित मॉ प्रभावती देवी महिला महाविद्यालय में परीक्षा देने जाती थीं। इसी दौरान उनकी मुलाकात मुबारकपुर थाने में तैनात सिपाही कृष्ण चन्द गुप्ता, निवासी गेंहमौनी, पोस्ट-सिल्लो, थाना-लालगंज, जनपद-बस्ती से हुई। बातचीत के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। महिला का आरोप है कि शादी का प्रस्ताव रखने पर 16 नवम्बर 2023 को नोटेरियल कोर्ट मैरिज की गई। इसके बाद 26 मई 2024 को मुबारकपुर स्थित ताज पैलेस में हिंदू रीति-रिवाज से विधिवत विवाह संपन्न हुआ। विवाह के बाद वह ससुराल जनपद बस्ती गईं, जहां सास, ससुर, जेठ और जेठानी द्वारा जाति को लेकर ताने दिए गए और मानसिक उत्पीड़न किया गया। पीड़िता का कहना है कि पति उसे मुबारकपुर में किराए के मकान में लेकर रहने लगे। इसी दौरान वह गर्भवती हुईं। आरोप है कि पति ने गर्भपात का दबाव बनाया, मना करने पर मारपीट और प्रताड़ना शुरू कर दी। महिला का दावा है कि पूर्व में थाने में शिकायत देने पर समझौता कराया गया, लेकिन कोई लिखित कार्रवाई नहीं हुई। बच्चे के जन्म के बाद भी उत्पीड़न जारी रहा। सास द्वारा बच्चे को पति का न बताते हुए विवाद खड़ा किया गया, जिसके बाद कथित रूप से पति ने मारपीट कर 10 माह के बच्चे को अपने पास रख लिया और महिला को घर से निकाल दिया। पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि बच्चे को तत्काल दिलाया जाए तथा पति व ससुराल पक्ष के विरुद्ध उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए। पीड़िता के अनुसार पुलिस द्वारा उसे कोर्ट में जाने की सलाह दी गई।

# आधुनिकता की दौड़ में विलुप्त हो रही पारम्परिक होली गायन की परम्परा

**सोनभद्र**। आधुनिकता ने त्यौहारों की पुरानी परम्परा को काफी पीछे छोड़ दिया हैं। अब होली में वो पुरानी उल्लास नजर नहीं आती। ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो होली एक दिन का औपचारिकता पूरी करने वाला त्योहार बनकर रह गया है ।पहले बसंत पंचमी से ही ढोल मजीरा एवं मानर बजना शुरू हो जाया करता था। बड़ी संख्या में लोग फाग गीत गाने जुटा करते थे। चारों ओर फाग गवैयों का मस्ती भरा शोर पारंपरिक लोकगीत के माध्यम से त्योहार के उत्साह को दोगुना कर देता था। अब समय के साथ फाग गीतों की परंपरा ही विलुप्त होती जा रही है।

होली आपसी भाईचारे वाला त्यौहार हुआ करता था, वर्तमान समय मे हुड़दंग अश्लीलता और नशे ने अपनी जगह बना ली है। लोक परंपरा और त्योहारों को संजोने का उत्तरदायित्व हम सभी का है। भविष्य में होली जैसे त्योहार इतिहास बनकर रह जाएंगे। खोती फाग की फनकार और मानर एवं नगाड़े की थाप को लेकर हमने बीआरडी राजकीय पीजी कॉलेज दुद्धी के प्राचार्यध्समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ रामसेवक सिंह यादव से इस विषय पर बातचीत की तो उन्होंने विलुप्त होती होली गायन की परम्परा को लेकर चिंता जाहिर करते हुए बताया कि बसंतपंचमी से शुरू होता था फाग गायन। पहले बसंत पंचमी के दिन से फाग गायन का दौर शुरू हो जाता था ।लोग अपने सभी द्वेषों को मिटाकर एक जगह बैठ फाग गीत गया करते थे। इससे आपसी भाईचारा मजूबत होता था। टोलिया बना कर जगह-जगह मानर और नगाड़े की थाप पर होली गीत गाते लोग दिख जाया करते थे। आज के बदलते दौर में अब वो दृश्य कहीं देखने को नही मिलता। लोग अपनी परंपरा को भुलाते जा रहे है। होली को महज गिनती के दिन ही बचे हुए है, लेकिन बिल्कुल भी नहीं लग रहा कि होली का त्योहार नजदीक है। उन्होंने कहा कि लोक त्योहार और गीतों को खत्म होने से बचाने के लिए सरकार को भी इस ओर ध्यान देना चाहिए। अगर बात करे फाग गीतों की तो इसकी प्रतियोगता करवा बढ़वा दिया जा सकता है बीआरडी राजकीय पीजी कॉलेज के प्राचार्य ध्समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ.रामसेवक सिंह यादव का कहना है कि प्रचीन परंपरा विलुप्त होती जा रही है। इसका मुख्य कारण तेजी से बदलता समाजिक परिवेश एवं लोगों की हाईटेक होती रहन -सहन है हालांकि ग्रामीण इलाकों में होली गीत गायन का बहुत ज्यादा महत्व हुआ करता था, लेकिन वहां भी अब डीजे और फिल्मी गानों ने अपनी जगह बना ली है जो चिंतनीय है।

## ट्रेलर के धक्के से बाइक सवार घायल जिला अस्पताल रेफर, मौत

**बभनी(सोनभद्र)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के बभनी-अम्बिकापुर मार्ग पर वृहस्पतिवार को सुबह नवाटोला मोड़ के पास ट्रैलर ने टीवीएस मोपेड पर सवार व्यक्ति को धक्का मार दिया। धक्के से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना तत्काल 112 को दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायल को ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनी में भर्ती कराया ।हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ामनाथ 45 पुत्र मोहरशाय निवासी नवाटोला पोखरा की सड़क हादसे में मौत हो गई ।मृतक के भतीजे बलवंत ने बताया कि यह सोलर पंप लगवाने के लिए मिस्त्री लेने आसनडीह जा रहे थे ।वह जैसे ही कटरोड से मेनरोड पर आये अम्बिकापुर की तरफ से आ रहे ट्रेलर से धक्का लग गया ।वह वहीं गिर गये और छटपटाने लगे। इतने में आसपास के ग्रामीणों की भीड़ लग गई। लोगों ने घटना की सूचना तत्काल 112 और बभनी पुलिस कोदी।

संक्षेप

## जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड व थायराइड जांच ठप, मरीज परेशान

अयोध्या। जिला अस्पताल में इन दिनों अल्ट्रासाउंड और थायराइड जांच सेवाएं ठप होने से मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जांच न होने के कारण मरीजों को निजी पैथोलॉजी और डायग्नोस्टिक सेंटरों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे उनकी जेब पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार अल्ट्रासाउंड सेवा अस्थायी रूप से बंद है। सीएमएस डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि अल्ट्रासाउंड करने वाले डॉ. अजय चैधरी 27 फरवरी तक एक सेमिनार में शामिल होने गए हैं। उनके वापस लौटने के बाद ही नियमित रूप से जांच शुरू हो सकेगी। वहीं थायराइड जांच भी फिलहाल बंद है। बताया गया कि हार्मोन जांच करने वाली मशीन खराब हो गई है। मशीन को ठीक कराने के लिए टेक्नीशियन को बुलाया गया है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि एक-दो दिन के भीतर मशीन दुरुस्त कर थायराइड जांच दोबारा शुरू कर दी जाएगी।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर प्रभात सिंह द्वारा गुरुवार को जिला कारागार देवरिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद कुशीनगर से सम्बन्धित कुल 828 बन्दी निरुद्ध पाए गए। इनमें 89 सिद्धदोष बन्दी (85 पुरुष एवं 04 महिला), 726 विचाराधीन बन्दी (669 पुरुष एवं 26 महिला), 31 अल्पवयस्क बन्दी, राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अन्तर्गत 05 पुरुष बन्दी, 06 सिविल बन्दी तथा 02 विदेशी बन्दी शामिल हैं। जेल में निरुद्ध महिला बन्दियों के साथ 03 बच्चे भी निवासरत पाए गए।निरीक्षण के दौरान कारागार की बैरकों, पाकशाला, चिकित्सालय एवं महिला बैरक का गहन निरीक्षण किया गया। बन्दियों के भोजन, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था एवं उपलब्ध कराई जा रही विधिक सहायता की स्थिति की समीक्षा करते हुए जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि जेल मैनुअल के अनुरूप बन्दियों को भोजन, नाश्ता एवं अन्य सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं। सचिव द्वारा बन्दियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई, जिस पर बन्दियों ने किसी प्रकार की समस्या न होने की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि जिन बन्दियों के पास अधिवक्ता नहीं है, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान विचाराधीन बन्दियों से मिलकर उनके प्रकरणों की स्थिति जानी गई तथा जो बन्दी रिहाई के पात्र पाए गए, उनके संबंध में आवश्यक कार्यवाही प्रारम्भ की गई। कारागार स्थित लीगल एड क्लिनिक का भी निरीक्षण किया गया तथा वहां कार्यरत पीएलवी को निर्देशित किया गया कि बन्दियों को समय से विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। यदि किसी बन्दी को निःशुल्क अधिवक्ता, जेल अपील अथवा अन्य किसी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो उनके प्रार्थना-पत्र तैयार कर जेल अधीक्षक के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर को प्रेषित किए जाएं। निरीक्षण के दौरान आशीष रंजन (जेल अधीक्षक), राजकुमार (कारापाल), डॉ. राहुल त्रिपाठी एवं डॉ. हरिपाल विश्वकर्मा (चिकित्साधिकारी), ज्ञानप्रकाश पाल, श्रीमती गीता रानी, अम्बरीश कुमार, शिवनाथ पाण्डेय एवं सुरेन्द्र प्रताप (उप कारापाल) उपस्थित रहे।

## आगामी त्योहारों को लेकर केंद्रीय शांति समिति की हुई बैठक

अयोध्या। रमजान, ईद, होली, रामनवमी और नवरात्र जैसे आगामी पर्वों के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने केंद्रीय शांति समिति की बैठक आयोजित की। पुलिस लाइन स्थित आरटीसी सभागार में आयोजित इस बैठक में सभी धर्मों के धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने की, जबकि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अयोध्या की गंगा-जमुनी तहजीब को अक्षुण्ण बनाए रखते हुए सभी त्योहारों को भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की।

जिलाधिकारी ने कहा कि अयोध्या की पहचान आपसी सद्भाव और सामाजिक समरसता से है। पिछले वर्षों की तरह इस बार भी सभी पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हों, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। बैठक में मौजूद लोगों से फीडबैक लिया गया ।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने किया रुद्रपुर थाने का वार्षिक निरीक्षण



**देवरिया।** अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आनन्द कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को थाना रुद्रपुर का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, कार्यालय अभिलेखों के रख-रखाव, मालखाना प्रबंधन तथा हवालात की सुरक्षा व्यवस्था का गहन अवलोकन किया गया। उन्होंने अपराध पंजिका, विभिन्न रजिस्टरों और लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की। पुराने मुकदमाती माल व जब्त सामान के निस्तारण की स्थिति पर जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को विधिक प्रावधानों के अनुरूप समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। हवालात में बंदियों की सुरक्षा, स्वच्छता, प्रकाश और पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। मेस, बैरक और शस्त्रागार का निरीक्षण कर शस्त्रों के रख-रखाव और नियमित परीक्षण पर बल दिया गया।सीसीटीएनएस कार्यालय की समीक्षा करते हुए अपराध संबंधी सूचनाओं की ऑनलाइन प्रविष्टि और डेटा अपडेट की स्थिति जांची गई। इस दौरान क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर हरिराम यादव व प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह सागर मौजूद रहे।

## नागरिक सुरक्षा कोर में स्वयंसेवकों की होगी नियुक्ति, 10 मार्च तक करें आवेदन

**देवरिया ।** अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी, नागरिक सुरक्षा कोर ने बताया है कि जनपद देवरिया के नगरीय क्षेत्रों में नागरिक सुरक्षा कोर के अवैतनिक स्वयंसेवकों/सदस्यों की नियुक्ति की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।उन्होंने बताया कि नागरिक सुरक्षा अधिनियम, 1968 के अंतर्गत नागरिक सुरक्षा संगठन के कार्य निर्धारित हैं।इसमें प्रशिक्षण, अभ्यास एवं प्रदर्शन, हवाई हमले अथवा आपातकालीन परिस्थितियों में जन-धन की सुरक्षा, शांतिकाल में नागरिकों को भावी युद्ध एवं उससे उत्पन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार करना, आपदा के समय त्वरित नागरिक सुरक्षा उपाय लागू करना तथा नगर एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा योजनाएं तैयार करना शामिल है। नियुक्ति के लिए निर्धारित अर्हताओं के अनुसार आवेदक की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए।महिला एवं पुरुष दोनों आवेदन कर सकते हैं। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी का भारतीय नागरिक, अराजनैतिक एवं उत्तम चरित्र का होना अनिवार्य है। आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, अग्निशमन अथवा सुरक्षा कार्यों का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।आवेदन प्रपत्र नियंत्रक, जिलाधिकारी/नागरिक सुरक्षा कोर कार्यालय, देवरिया से किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र 24 फरवरी 2026 से 10 मार्च 2026 तक कार्यालय में सायं 4:30 बजे तक जमा किए जाएंगे।

## भरहे चौरा पीएचसी में निःशुल्क कैंसर जांच और प्रशिक्षण शिविर आज

**भटनी (देवरिया)।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी, देवरिया के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरहे चौरा के प्रांगण में 27 फरवरी दिन शुक्रवार को प्रातः 10:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक निःशुल्क कैंसर की प्राथमिक जांच एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

यह शिविर हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल एवं शोध संस्थान, गीता वाटिका, गोरखपुर के तत्वावधान में आयोजित होगा।

शिविर में कैंसर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. नरेन्द्र बिरबिया द्वारा कैंसर जैसे गंभीर रोग के संबंध में लोगों की प्राथमिक जांच की जाएगी तथा कैंसर के लक्षण, बचाव, शुरूआती पहचान और उपचार के विषय में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया जाएगा।

प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. दिनेश सिंह ने बताया कि यह शिविर भरहे चौरा, मोतीपुर भुअल, नोनापार, उसका, सिंघी डीह, मोतीपुर टिकैत, सॉरेजी, कुरमौता, दानुर, बेहरा दबेर, खैरात, चंदौली, बांस घाटी, मदन चक, पिपरा सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए कैंसर की प्राथमिक जांच कराने और इसके बारे में जागरूकता प्राप्त करने का एक अच्छा अवसर है।

इससे लोगों को कैंसर की शुरूआती पहचान और समय पर उपचार के प्रति जागरूक होने में मदद मिलेगी।उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर निःशुल्क परामर्श, जांच एवं प्रशिक्षण का लाभ उठाएं।

# डॉ. अंजली सिंह को मिला यूनिवर्सिटी रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** पं. दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर के सभागार में डा अंजली सिंह के शोध पत्र जर्नल्स के लिए यूनिवर्सिटी रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड- 2025 में के लिए सम्मानित किया गया।बीते रविवार को

> ● कालानामक धान में आकारिकी एवं उपज लक्षणों का विश्लेषण पर आधारित हैं

विश्विद्यालय के सभागार में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति और महामना मदन मोहन मालवीय टेक्निकल विश्विद्यालय के प्रोफेसर रहे जेपी सैनी और कुलपति प्रो पूनम टंडन ने डा अंजली सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रदेश सरकार में बीज वितरण विकास निगम के उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह और श्रीमती शशि प्रभा सिंह की पुत्री शुरू से ही मेधावी रहीं। उन्होंने हाई स्कूल, इंटर पड़रौना हनुमान इंटरमीडिएट कॉलेज और स्नातकोत्तर गोरखपुर विश्वविद्यालय से किया हैं। डॉ राजवीर सिंह चौहान के मार्ग दर्शन में डा अंजली का शोध पत्र गामा-किरणों से विकिरणित कालानामक धान में आकारिकी एवं उपज लक्षणों का विश्लेषणः एम4 और एम 5 पीढ़ियों के अवलोकनों पर आधारित है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता श्रीमती सिंह-पिता श्री सिंह, बड़े भइया भाजपा नेता नीरज सिंह बिट्टू के आशीर्वाद, स्नेह, प्रोत्साहन एवं निरंतर मार्गदर्शन और पति इंजीनियर अनुराग सिंह के सतत सहयोग और समर्थन के कारण ही मैं इस मुकाम तक पहुँच सकी हूँ। यह पुरस्कार मेरे लिए एक उपलब्धि नहीं बल्कि और अधिक समर्पण एवं उत्कृष्ट शोध की दिशा में आगे बढने की प्रेरणा है। सफलता पर भाभी आभा सिंह, भाई ई निरंजन सिंह, भाभी दिव्या सिंह, नीतिश सिंह, शुभम, राज्यसभा सांसद कुमार आरपीएन सिंह, सांसद विजय कुमार दुबे, भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गेश राय, जिला उपाध्यक्ष अवधेश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश शाही, लल्लन मिश्रा, विधायक मनीष जायसवाल, विधायक पीएम पाठक, विधायक विनय गॉड, विधायक मोहन वर्मा, विधायक कुशवाहा, विधायक असीम राय, विधायक विवेकानंद पांडेय, यादव, राजन जायसवाल, संजय सिंह मुन्ना, पिवआ सदस्य फूल बदन अध्यक्ष नपा अध्यक्ष विनय जायसवाल, नपा अध्यक्ष कुशीनगर किरन राकेश जायसवाल, राजेंद्र जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख विंध्यवासिनी श्रीवास्तव सहित गणमान्य जनों ने शुभकामनाएं दी है।



## जिला एकीकरण समिति की बैठक आज

**देवरिया ।** मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2025-26 की जिला एकीकरण समिति की बैठक 27 फरवरी 2026 को दोपहर 12:00 बजे गांधी सभागार, विकास भवन, देवरिया में आयोजित की जाएगी। बैठक में जिला एकीकरण समिति से संबंधित जनपद के मा० सदस्यों द्वारा स्थानीय समाज में आपसी एकता की भावना को सुदृढ़ करने, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने संबंधी विषयों पर सुझाव प्रस्तुत किए जाएंगे तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा।

# रोवर्स एवं रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के तृतीय दिवस में हुआ कैंप निरीक्षण

भटनी (देवरिया) ।रामगुलाम राय पीजी कॉलेज, बनकटाशिव सल्लहपुर के बी.एड विभाग द्वारा आयोजित रोवर्स एवं रेंजर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय दिवस पर प्रशिक्षुओं को स्काउट और गाइड से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक सूरज चंद तथा सहायक प्रशिक्षक शिवा कुमार एवं नंदिनी सैनी के सामूहिक नेतृत्व में बी.एड चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं को सामाजिक सेवा, अनुशासन तथा नेतृत्व से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान दोपहर में कैंप निरीक्षण के लिए सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त, गोरखपुर मंडल मोहित कुमार चौधरी का आगमन हुआ। उनके स्वागत में महाविद्यालय सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश्वर शाही तथा बी.एड विभागाध्यक्ष डॉ. मनमोहन सिंह ने उन्हें मोमेंटो एवं पटका भेंट कर सम्मानित किया। गाइड दल की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथि का अभिनंदन किया।

अपने संबोधन में मोहित कुमार चौधरी ने कहा कि स्काउट-गाइड किसी भी प्रकार के मूल, नस्ल या धर्म के भेदभाव के बिना सभी के लिए खुला है। उन्होंने रेलवे में आरक्षण, सामाजिक गतिविधियों तथा शैक्षिक क्षेत्र में स्काउट एवं गाइड प्रमाणपत्रों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

वहीं बी.एड विभागाध्यक्ष डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा कि रोवर्स एवं रेंजर्स तथा स्काउट-गाइड का उद्देश्य युवाओं के शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास में योगदान देना है, ताकि वे जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका निभा सकें।

सायंकाल आयोजित कैंप फायर कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। अभिनव, अनुराग, आदर्श, आशीष, दीपक, गिरीश, मुकेश, नवीन, संदीप, परमेश्वर, उज्जवल, दिनेश, कुंदन, धनंजय और कैफ द्वारा नाटक मंचन प्रस्तुत किया गया। वहीं गाइड दल की छात्राओं गौरंगी, अस्मिता, आलिया, आस्था, बेबी यादव, महिमा यादव, तनु, मन्नू, पूजा, सुमन, प्रीति कुशवाहा, रानी, सानिया खान, सिमरन गुप्ता तथा स्मिता सिंह ने गीत-संगीत एवं नाटक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आदर्श कुशवाहा द्वारा प्रस्तुत बांसुरी वादन कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केन्द्र रहाइस अवसर पर बी.एड विभागाध्यक्ष डॉ. मनमोहन सिंह, डॉ. शिक्षकों एवं प्रशिक्षुओ की उपस्थिति रही।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 161 जोड़ों का विवाह सम्पन्न

**देवरिया।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत राजकीय आईटीआई/केंद्रीय विद्यालय परिसर, देवरिया में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में कुल 161 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया, जिनमें 154 हिंदू जोड़ों का वैदिक रीति-रिवाज से विवाह एवं 07 मुस्लिम जोड़ों का निकाह विधिवत संपन्न हुआ।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में देवरिया सदर के विधायक शलभ मणि त्रिपाठी उपस्थित रहे। उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी देवरिया सदर, राजू मणि (एमएलसी प्रतिनिधि), अवधेश सिंह (एमएलसी प्रतिनिधि), पवन कुमार गुप्ता (प्रमुख, देवरिया सदर), सरिता प्रकाश (चेयरमैन, नगर पंचायत बैतालपुर), जिला समाज कल्याण अधिकारी, खंड विकास अधिकारी देवरिया सदर एवं बैतालपुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।इसके अतिरिक्त दिनेश त्रिपाठी (जिलाध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षक संघ) तथा राजेश सिंह श्रीनेत (जिलाध्यक्ष, अखिल भारतीय क्षेत्रीय महासंघ) सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम में सहभागिता की और नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दी ।

## एसपी ने बनकटा थाने का किया निरीक्षण



**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने गुरुवार को थाना बनकटा का वार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान थाना परिसर, अभिलेख, मालखाना, हवालात, आरक्षी बैरक, भोजनालय, शस्त्रागार, महिला सहायता कक्ष, बीट सूचना रजिस्टर व मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने लंबित विवेचनाओं, वारंटों, शांति भंग की कार्रवाई और जनशिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विवेचना के निर्देश दिए। उन्होंने महिला सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और जनता से पारदर्शी व्यवहार बनाए रखने पर जोर दिया।

कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए नियमित गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी और ग्राम चौपालों के माध्यम से जनसंवाद बढ़ाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी अंशुमन श्रीवास्तव व थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मौर्य उपस्थित र

# एमआरपी पर डाका, सिगरेट- तंबाकू डिस्ट्रीब्यूटर सिंडिकेट का काला खेल

## गोदाम में माल दबा, बाजार में महंगाई एमआरपी से ऊपर बिक रही सिगरेट और तंबाकू



जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जनपद के पड़रौना नगर सहित आसपास के शहरो व कस्बों में डिस्ट्रीब्यूटरो के मनबढई के

> ● दो से पांच रुपये की चोट, लाखों की कमाईः एमआरपी कानून को ठेंगा

वजह खुलेआम उपभोक्ताओं की जेब पर डाका डाला जा रहा है, पांच व दस रुपये एमआरपी अंकित कमला पसंद, रजनीगंधा सहित विभिन्न कंपनियों के सिगरेट आदि को खुलेआम ब्लैक दामो में बेच रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि कंपनी द्वारा पैकेट पर अभी भी पुरानी दर छपी है, लेकिन ग्राहकों से दो से लगायत पांच रुपये अधिक वसूले जा रहे हैं। सवाल यह है कि जब पैकेट पर स्पष्ट एमआरपी अंकित है तो फिर अतिरिक्त रकम किस आधार पर ली जा रही है ?पडरौना नगर सहित जिले के कसया, हाटा, तमकुहीरोड, सेवरही आदि शहर और कस्बों की कई दुकानों पर यह खेल धड़ल्ले से चल रहा है। बताया जाता है कि ग्राहक जब विरोध करता है तो जवाब मिलता है ह्लरेट बढ़ गया हैह्व या ह्लसप्लाई महंगी आ रही है ।ह्व लेकिन जानकर बताते है कि कानून साफ कहता है कि किसी भी उत्पाद को अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य एमआरपी से अधिक पर बेचना अवैध है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग व प्रशासन के जिम्मेदार अफसर चुप्पी साधे हुए हैं।उपभोक्ता संरक्षण नियमों के तहत एमआरपी से अधिक वसूली दंडनीय अपराध है। यदि कमला पसंद, रजनीगंधा व सिगरेट की कंपनियों ने कीमत नहीं बढ़ाई और पैकेट पर पुराना दर ही अंकित है, तो दो रुपये से पांच रुपये की अतिरिक्त वसूली सीधी-सीधी उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी है। यह सिर्फ दो से पांच रुपये का मामला नहीं, बल्कि प्रतिदिन हजारों पैकेट बिकने पर बड़ी रकम का खेल बन जाता है।

### उपभोक्ता बोले

स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि छोटे-छोटे उत्पादों पर इस तरह की वसूली आम हो चुकी है। प्रशासनिक अमला यदि निष्पक्ष व सख्ती से बाजार की जांच करे तो ऐसे कई मामलों का खुलासा हो सकता है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा बाट-माप विभाग की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस खुलेआम हो रही एमआरपी लूट पर कब कार्रवाई करते हैं, या फिर दो से पांच रुपये की यह ह्यछोटी लूटह्ण यूं ही बड़े खेल में बदलती रहेगी।

### डिस्ट्रीब्यूटर कर रहे है लूट का खेल

सूत्रों का दावा है कि असली खेल डिस्ट्रीब्यूटर स्तर पर रचा जा रहा है। आरोप है कि कुछ डिस्ट्रीब्यूटर अपने गोदामों में माल रोककर बैठे हैं। बाजार में सीमित सप्लाई छोड़कर कृत्रिम किल्लत पैदा की जाती है, जिससे खुदरा दुकानदारों को ऊंचे दाम पर माल उठाना पड़ता है। नतीजतन एमआरपी पांच या दस रुपये छपा उत्पाद 2 से 5 रुपये ज्यादा में बिकता है।

यह दो-चार रुपये की मामूली बढ़ोतरी नहीं, बल्कि सुनियोजित मुनाफाखोरी का मॉडल बन चुका है। रोजाना हजारों पैकेट बिकते हैं। यदि हर पैकेट पर औसतन तीन रुपये अतिरिक्त वसूले जाएं तो महीने के अंत तक यह रकम लाखों में पहुंच जाती है। सवाल है—यह अतिरिक्त पैसा किसकी जेब में जा रहा है ?

### करोना काल मे भी खेला गया था खेल

बाजार के जानकार बताते हैं कि यह खेल नया नहीं है। कोरोना काल में भी इसी रणनीति का इस्तेमाल हुआ था। लॉकडाउन और परिवहन बाधित होने का हवाला देकर माल गोदामों में रोका गया, जब मांग बढ़ी तो ऊंचे रेट पर बाजार में उतारा गया। सूत्रों के मुताबिक उस दौरान डिस्ट्रीब्यूटरों ने लाखों रुपये का अतिरिक्त मुनाफा कमाया। अब वही पैटर्न फिर दिखाई दे रहा है—बस परिस्थितियों का नाम बदल गया है।

### क्या कहता है कानून

एमआरपी से अधिक वसूली दंडनीय अपराध है। लीगल मेट्रोलॉजी और उपभोक्ता संरक्षण कानून के तहत जुमार्ना, लाइसेंस निरस्तीकरण और आपराधिक कार्रवाई तक का प्रावधान है। यदि जानबूझकर स्टॉक रोककर कृत्रिम कमी पैदा की जा रही है तो यह जमाखोरी की श्रेणी में आ सकता है।इसके बावजूद प्रशासनिक सख्ती नदारद है। क्या कभी डिस्ट्रीब्यूटर गोदामों की औचक जांच हुई? क्या स्टॉक रजिस्टर और बिक्री बिलों का मिलान किया गया? क्या खुदरा दुकानों पर एमआरपी से अधिक वसूली पर तत्काल चालान काटा गया?आम उपभोक्ता दो-तीन रुपये के लिए बहस नहीं करता, लेकिन यही चुप्पी इस ह्यसिंडिकेटह्ण की ताकत है। एमआरपी कानून की धज्जियां उड़ रही हैं और जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बने हुए हैं।

## पीडीए की अवधारणा से ओतप्रोत हैं दीनानाथ कुशवाहा: चंद्रभूषण सिंह यादव

**देवरिया ।** सदर विधानसभा से लगातार 02 बार विधायक रहे दीनानाथ कुशवाहा का जिन्होंने नेताजी मुलायम सिंह यादव की सरकार को बिना शर्त समर्थन दिया था, समाजवादी पार्टी में सम्मिलित होने पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर पूरे गर्मजोशी के साथ सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव के नेतृत्व में सपाइयों द्वारा स्वागत किया गया।

सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा को माला पहनाने के साथ अंगवस्त्र एवं बीपी मंडल का चित्र देकर स्वागत करते हुए कहा कि देवरिया में रामनरेश कुशवाहा, हरिकेवाल प्रसाद, हरिवंश सहाय के न रहने के बाद दीनानाथ कुशवाहा ही एकमात्र ऐसी पर्सनालिटी हैं जो पीडीए की अवधारणा से ओतप्रोत हैं। एक विधायक के रूप में सदन से लेकर क्षेत्र में दीनानाथ कुशवाहा का जो योगदान है वह एक सुयोग्य राजनैतिक कार्यकर्ता का है।दीनानाथ कुशवाहा के सपा में सम्मिलित होने से पीडीए समाज की आवाज बुलंद होगी पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा ने सपा में सम्मिलित होने के बाद जिले भर में जगह -जगह हो रहे स्वागत से अभिभूत हो कहा कि जिस तरीके से निःस्वार्थ भाव से मैने नेताजी की सरकार बनवाई थी वैसे ही मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि मैं अपने तन, मन, धन को समर्पित रखते हुए जनप्रिय पीडीए जननायक अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनवा सकूं। पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा ने कहा कि देश गहरे खंदक की तरफ अग्रसर है। बेरोजगारी, मंहगाई, अराजकता ने देश का बहुत नुकसान किया है लेकिन सत्ता में बैठे लोग चैन की बांसुड़ी बजाते हुए देश में धार्मिक संकीर्णता पैदा करवा रहे हैं जो मानवता के रास्ते का बाधक है।एकमेव अखिलेश यादव ही देश को सही दिशा दे सकते हैं इसलिए उन्हें मुख्यमंत्री बनाना ही मेरा अंतिम लक्ष्य है। उक्त अवसर पर उपस्थित सुनैना कुशवाहा, तेजप्रकाश जायसवाल, ऋषिकेश यादव, मुनेश्वर कुशवाहा, योगेंद्र यादव, योगेंद्र कुशवाहा, छेदीलाल यादव, रामऔतार कुशवाहा, जयराम यादव, बाबूलाल कुशवाहा, मुरलीधर, अशोक यादव, रामप्यारे यादव, व्यास यादव, गोविंद यादव, मोतीलाल सिंह, कमला यादव, संजय यादव, अमला यादव, सुरेश नारायण सिंह, राम अशीष यादव, कांता यादव आदि ने उपस्थित रह दीनानाथ कुशवाहा का पूरे गर्मजोशी से स्वागत किया।

संक्षेप

## भौंरट बांध के विस्थापितों ने मांगा मुआवजा

**ललितपुर।** भौंरट बांध डूब क्षेत्र के विस्थापित ग्रामीणों ने प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी को प्रार्थना पत्र देकर उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। बदलते हुए सर्किल रेट से मुआवजा राशि कम हो गई है जबकि पूर्व के सर्किल रेट में ग्रामीणों को अधिक मुआवजा दिया गया था।

भौंरट बांध के प्रभावित ग्रामीण सिंचाई मंत्री, मुख्यमंत्री दरबार में गुहार लगाने के बाद आज प्रभारी मंत्री से मिले और अपना दुखड़ा सुनाया।

उन्होंने बताया कि सतलींगा, भौंरट, गुमची, बम्हौरीघाट भैरा, छपरट, महरौनी, सकरौनी के साथ गुगरवारा, बानौनी, भारौनी, गंगचारी, दैलवारा सभी ग्रामों का सर्किल रेट 2014 तक एक समान रहा (वर्ष 2015 से लगातार दैलवारा, गुगरवारा, बानौनी, भारौनी एवं गंगचारी का सर्किल रेट हर वर्ष बढ़ता गया, जबकि सतलींगा, भौंरट, गुमची, बम्हौरी घाट, भैरा, छपरट, महरौनी, सकरौनी का सर्किल रेट लगातार घटता गया।

इसे किसानों ने अपने विरुद्ध अन्याय बताकर कहा कि वर्तमान में कृषि भूमि का बाजार मूल्य 15 लाख रुपए प्रति एकड़ है और उन्हें 8 लाख रुपए प्रति एकड़ दिया जा रहा है जिसके चलते वह अपनी मुआवजा राशि से आधी भूमि नहीं खरीद पाएंगे। उनकी मांग है कि 2022-23 में बढ़े हुए सर्किल रेट लागू किए जाएं। ज्ञापन देते समय पूर्व जिला मंत्री जगदीश सिंह निरंजन, प्रधान किसरदा हाकिम सिंह, प्रधान प्रतिनिधि छपरट रामस्वरूप, ज्ञासीराम, धर्मेंद्र कुमार, पन्नालाल, दयाराम, कैलाश, सचिन रहे।

## तुलसी राम औषधि पार्क पर कब्जे का आरोप

**ललितपुर।** नगर के सिविल लाइन स्थित चर्च के पीछे स्थित नगर पालिका संचालित तुलसी राम औषधि पार्क को लेकर स्थानीय लोगों ने गंभीर शिकायत दर्ज कराई है। लोगों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर पार्क को आम जनता के लिए खुलवाने और अनियमितताओं की जांच कराने की मांग की है। डीएम के आदेश पर अधिशाषी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने नपा अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ तुलसीराम पार्क पहुंचकर वहां का निरीक्षण किया और नगर पालिका का ताला डालते हुये कहा कि पार्क को नियमानुसार आम लोगों के लिए खोला जाये।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि पार्क पर अधिकांश समय ताला लगा रहता है, जिससे आम लोगों को इसका उपयोग नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्क का निजी उपयोग किया जा रहा है और यहां लगाए गए विभिन्न प्रजातियों के औषधीय पौधों को उखाड़कर उनकी जगह फूलदार पौधे लगा दिए गए हैं। प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि पार्क परिसर में निजी सोफे रख दिए गए हैं तथा टीन शेड लगाकर इसे मनोरंजन स्थल में तब्दील कर दिया गया है। स्थानीय लोगों ने इसे विकास के नाम पर अवैध उगाही किए जाने की भी बात कही गई है। देर रात तक लाउडस्पीकर पर फिल्मी गीत बजने से आसपास के मोहल्ले, विद्यालय और चिकित्सालय प्रभावित हो रहे हैं। लोगों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पार्क में पुनः औषधीय पौधों का रोपण कराया जाए, पार्क को आम जनता के लिए नियमित रूप से खोला जाए तथा पूरे प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्यता पर जताया विरोध

जिला संवाददाता

**उन्नाव (वीओएल)।** टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चन्द्र शर्मा के आवाह्न पर टीएफआई उन्नाव के तत्वावधान में विभिन्न शिक्षक संगठनों के संयुक्त मंच द्वारा 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) अनिवार्यता

**● शिक्षकों का विशाल धरना-प्रदर्शन**

के विरोध में बीएसए कार्यालय पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया गया। संयुक्त मंच में उ.प्र. प्राथमिक शिक्षक संघ, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, महिला शिक्षक संघ, सीनियर बेसिक शिक्षक संघ तथा एससी-एसटी बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन सहित कई संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल रहे। धरने में हजारों शिक्षकों ने भाग लिया और करीब तीन घंटे तक जोरदार नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। धरने को संबोधित करते हुए प्रांतीय मंत्री एवं जिलाध्यक्ष उन्नाव बृजेश पाण्डेय ने कहा कि शिक्षक समाज के उत्पीड़न की चरम सीमा पार हो चुकी है। उन्होंने सरकार से इस निर्णय को ह्लकाला कानूनह्व बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि संशोधन नहीं किया गया तो मार्च के तीसरे सप्ताह दिल्ली के रामलीला मैदान में देशभर के बेसिक शिक्षक एकत्र होकर बड़ा आंदोलन करेंगे और शिक्षक एकता की आवाज पूरे देश में गूंजेगी।

जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्र एवं महामंत्री रामजनम सिंह ने कहा कि शिक्षक एकता से टकराने का फैसला सरकार के लिए आत्मघाती सिद्ध होगा। यदि यह निर्णय वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन और व्यापक होगा। महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष मंजू कनौजिया ने कहा कि महिला शिक्षकों की सेवा शर्तों में लगातार कटौती की जा रही है। सीसीएल जैसे अवकाश नियमों में बार-बार नए प्रावधान लागू किए जा रहे हैं और अब नौकरी पर संकट लाकर शिक्षकों के साथ अन्याय किया जा रहा है। एससी/एसटी बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश ने कहा कि शिक्षकों में फूट डालकर निजीकरण का रास्ता प्रशस्त करने की कोशिशें सफल नहीं होंगी। सरकार को यह निर्णय तत्काल वापस लेना चाहिए। इसके अतिरिक्त धरने को संजय सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विनोद तिवारी कोषाध्यक्ष, अजय कटियार संयुक्त मंत्री, सूर्यकांत सिंह जिला उपाध्यक्ष, विश्वनाथ सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, संदीप द्विवेदी, शशांक भूषण तिवारी, विनोद सिंह, अभिषेक मिश्र, विकास सिंह, अविनाश तिवारी, रज्जू प्रसाद, सुदीप सचान, जयदीप शुक्ल तहसील प्रभारी, देवेंद्र, महेंद्र सिंह, संदीप शुक्ल, शिवम, निधि मिश्रा महामंत्री, महिला शिक्षक संघ, विकास मिश्र जिलाध्यक्ष, सीनियर बेसिक शिक्षक संघ, वीरेंद्र मिश्र, मदन पाण्डेय मीडिया प्रभारी सहित अनेक पदाधिकारियों ने संबोधित किया।




### काला कानून वापस लो के नारे शिक्षकों ने लगाए

उन्नाव। उ.प्र. प्राथमिक शिक्षक संघ के महामंत्री गजेन्द्र वर्मा ने कहा कि पुरानी पेंशन, प्रतिकर अवकाश जैसे मुद्दों पर शिक्षक लगातार संघर्ष करते रहे हैं, लेकिन अब उनकी नौकरी पर ही संकट खड़ा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज किसी भी कीमत पर अपने अधिकारों से समझौता नहीं करेगा।

धरना समाप्त होने के बाद हजारों शिक्षकों का समूह जुलूस की शक्ल में ह्लकाला कानून वापस लोह्व के नारे लगाते हुए जिलाधिकारी कार्यालय की ओर कूच कर गया, जिससे शहर का यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित रहा। शिक्षक नेताओं के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को प्रधानमंत्री, भारत सरकार के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपकर 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता लागू करने के निर्णय को वापस लेने की मांग की। धरना-प्रदर्शन में उमड़ी भारी भीड़ और शिक्षकों के आक्रोश को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया।

## युवा कांग्रेस नेता की गिरफ्तारी पर भड़का आक्रोश

**ललितपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी ने युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव ऋतिक शुक्ला की गिरफ्तारी को फर्जी और दुर्भावना पूर्ण करार देते हुए इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। गुरूवार को कांग्रेस कार्यकताओं ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा, जिसमें मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच और ऋतिक शुक्ला की तत्काल रिहाई की मांग की गई है।कांग्रेस कमेटी द्वारा सौंपे गए पत्र के अनुसार, पुलिस ने ऋतिक शुक्ला को बीएनएसएस की धारा 35(3) के तहत नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था। आरोप है कि बिना किसी पर्याप्त आधार और निष्पक्ष जांच के उन्हें हिरासत में ले लिया गया। कांग्रेस का दावा है कि यह गिरफ्तारी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते एक फर्जी मुकदमे के आधार पर की गई है।

ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्रवाई व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन है। राजनीतिक कार्यकताओं को झूठे मुकदमों में फंसाना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। इस प्रकार की कार्रवाई से जनता का व्यवस्था पर से विश्वास कम होता है। जिला कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपति से इस प्रकरण में हस्तक्षेप की अपील करते हुए मांगें रखी हैं कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए, ऋतिक शुक्ला को तत्काल रिहा किया जाए। न्याय सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक संवैधानिक संरक्षण प्रदान किया जाए। इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष, मनरेगा बचाओ संघर्ष समिति के जिला प्रभारी, शशिकान्त दीक्षित, रामनरेश दुबे, मकरंद किलेदार विक्की के अलावा अनेकों पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गैंगेस्टर के लंबित मामलों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित कराने के निर्देश

अयोध्या। कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी नगर योगानंद पाण्डेय एवं अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमित कुमार भट्ट की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित निस्तारित, लंबित एवं नव पंजीकृत अभियोजन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई।

विशेष रूप से गैंगेस्टर अधिनियम के लंबित मामलों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करते हुए उन्हें शीघ्र निस्तारित कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने निर्देशित किया कि न्यायालयों में लंबित मामलों की सुनवाई में तेजी लाई जाए तथा प्रत्येक प्रकरण में समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।ा साक्ष्य प्रस्तुत करने एवं केस डायरी की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए।

## एटीएस की कार्रवाईः बांग्लादेशी नागरिक फर्जी आधार के सहारे कर रहा था मजदूरी, गिरफ्तार



जिला संवाददाता

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश एटीएस की लखनऊ यूनिट ने दही औद्योगिक क्षेत्र में छापेमारी कर एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी फर्जी भारतीय दस्तावेजों के आधार पर स्लाटर हाउस में मजदूरी कर रहा था। ऐसे में बडा सवाल यह भी खडा हो रहा है कि स्थानीय स्तर पर सुरक्षा से जुडी एजेंसी आखिर क्या कर रही थी। और स्लाटर हाउस में अगर वह मजदूरी कर रहा था तो वैरीफिकेशन नही कराया गया था। इस तरह के तमाम सवाल कही न कही स्थानीय प्रशासन पर खडे हो रहे है। पूर्व में भी इस तरह की छापेमारी हो चुकी है। उल्लेखनीय हो कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सैफुल पुत्र फरीदुल आलम निवासी बंदरबन (बांग्लादेश) के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि वह करीब पांच-छह वर्ष पहले अवैध रूप से भारत में दाखिल हुआ था। पहले मुंबई में काम करने के बाद उन्नाव आ गया था। तब से युवक यही पर फर्जी दस्तावेज के सहारे काम करता रहा। इस गिरफ्तारी ने कई सवाल खडे कर दिए है। गौरतलब हो कि 25 फरवरी की रात शिवनगर मोड़ से पकड़े गए आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन और उसके नाम से बना जाली आधार कार्ड बरामद हुआ। जांच में उसके परिजनों के बांग्लादेशी दस्तावेजों की तस्वीरें भी मिलीं। पूछताछ में उसने बताया कि एक दलाल के माध्यम से फर्जी आधार कार्ड बनवाया था। वह पहले दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित नूर इंटरप्राइजेज में काम करता था, बाद में जेएस स्लाटर हाउस में काम कर रहा था। चर्चा यह भी सुनने को मिल रही है कि जेएस स्लाटर को अब किसी दूसरी संस्था ने ले लिया है। हालांकि यह मामला जांच का विषय है। दही थाना में आरोपी के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं तथा आप्रवासन एवं विदेशी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है और उससे जुड़े नेटवर्क की जांच कर रही है।

## पीस कमेटी की बैठक में त्योहार शांति से मनाने की अपील



**असोहा, उन्नाव (वीओएल)।** गुरुवार असोहा थाना परिसर में दोपहर 3 बजे से आगामी त्योहार होली, रमजान, ईद, नवरात्रि, रामनवमी को देखते हुए थाना प्रभारी फूल सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई।

थाना प्रभारी ने बताया कि आगे आने वाले त्योहार होली में हुड़दंग करने वालो पर विशेष नजर रहेगी। जो भी इस रंगों के त्योहार के रंग में भंग करेगा उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। बैठक में प्रधान प्रतिनिधि सतीश त्रिपाठी, प्रधान सुनील लोधी, प्रधान भगवान बक्स लोधी, प्रधान प्रतिनिधि, नागेन्द्र सिंह, हिमांशू गौतम, प्रधान कुलदीप शुक्ला, मो० रफीक, इमामुल हक, पिंकू बाजपेई, अप्पू, समाजसेवी राजेश अग्निहोत्री सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## चौपाल लगाकर किसानों की समस्या सुनी



**पाटन, उन्नाव।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत मलौना में चल रही चकबंदी के तहत विभाग द्वारा गांव में चैपाल लगाकर किसानों की समस्याएं सुनी। सी ओ चकबंदी ने पैमाइश, अतिक्रमण, वरासत आदि के मामलों पर किसानों से चर्चा की। मलौना में चैपाल की अध्यक्षता करते हुए चकबंदी अधिकारी कुंवर विजयेंद्र प्रताप सिंह ने किसानों को चकबंदी संबंधी विस्तृत जानकारी दी। ग्राम पंचायत मलौना के मजरा बसंत खेड़ा निवासी अमरनाथ बसंत खेड़ा, बबली सिंह मलौना, अंबर लाल, करुणा शंकर पांडेपुर आदि ने होलिका दहन को लेकर समस्या बताई। रामकुमार ने भी चक संबंधी समस्या बताई। चैपाल में सहायक चकबंदी अधिकारी दिवाकर पांडे, कानून गो शरद कुमार त्रिपाठी, चकबंदी लेखपाल पारस मिश्रा, चकबंदी पेशकार अरुण कुमार सहित कृषक मौजूद रहे।

# वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का हुआ भूमि पूजन



**फतेहपुर।** कुसुंभी गांव में लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल फाउंडेशन के तत्वावधान में पावर ग्रिड पावर प्लांट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भूमिपूजन प्रभारी मंत्री अजित सिंह पाल के हाथों संपन्न हुआ। भाजपा नेता दिवाकर शास्त्री के बेटे विराज शास्त्री ने बताया कि यह प्लांट एक महीने के भीतर शुभारंभ हो जाएगा, जिससे ग्रामीणों को प्रतिदिन 5000 लीटर शुद्ध पानी पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध होगा।विराज शास्त्री ने कहा कि उनका लक्ष्य फतेहपुर के विभिन्न स्थानों पर ऐसे आरओ प्लांट स्थापित कर ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही जिले में हेल्थ कैंप आयोजित कर अच्छे चिकित्सकों की सलाह से लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह फाउंडेशन फतेहपुर को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।दिवाकर शास्त्री का संकल्पभाजपा नेता दिवाकर शास्त्री ने कहा कि उनका बेटा विराज शास्त्री अब पूरी तरह फतेहपुर के विकास के लिए समर्पित हो गया है। पानीजनित बीमारियों से ग्रामीणों को निजात दिलाने हेतु विभिन्न स्थानों पर ऐसे प्लांट लगवाए जा रहे हैं। उन्होंने इस प्रयास को सामाजिक कल्याण का बड़ा कदम बताया।प्रमुख उपस्थितजनकार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अनु श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान शिव ठाकुर, अंकित मिश्रा, नीतू संजय श्रीवास्तव, सानू सिंह, संदीप श्रीवास्तव, चुन्नू प्रसाद तिवारी, सुनील सोनी, राम करण कोटेदार, वीरू ठाकुर, शिवम राजपूत, गुड्डू दुबे, जूली सिंह, रामप्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जनेऊ संस्कार संपन्न, 72 लोगों ने धारण किया यज्ञोपवीत



**फतेहपुर।** थाना गाजीपुर के ग्राम सभा चुरियानी स्थित सिद्ध पीठ श्री रुरेश्वर महादेव मंदिर में आज सामूहिक यज्ञोपवीत जनेऊ संस्कार का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 132 लोगों का रजिस्ट्रेशन हुआ था, जिसमें से 72 उपस्थित होकर जनेऊ धारण कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।आयोजन समिति ने बताया कि पिछले कई वर्षों से यह सामूहिक उपनयन संस्कार लगातार आयोजित होता आ रहा है। समस्त भक्त चुरियानी, समियाना, फुलवा, मऊ समाजसेवी बम लहरी, जमुना शुक्ला, पूर्व प्रधान आशुतोष शुक्ला, अनुराग तिवारी, पप्पू शुक्ला, विद्याभूषण शुक्ला आदि ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सभी को भंडारे का प्रसाद भी वितरित किया गया।कार्यक्रम में स्वामी 1008 विरक्तता नंद महाराज रुरेश्वर अनुज चुरियानी, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, राजकुमार द्विवेदी, राम प्रताप पाल, मल्लू द्विवेदी, राहुल गुप्ता, अनुराग तिवारी, कमल तिवारी, सौजन्य सिंह, सानू सिंह, राजू गुप्ता, राकेश साहू, धीरेंद्र दास, विजय तिवारी, रज्जन बाबा सहित आचार्यगण बेनी माधव, प्रेम बाबू द्विवेदी, मानव महाराज, अनिल त्रिपाठी, वी पी पांडे, प्रेम शंकर मिश्रा, सुधीर त्रिपाठी, चुंना बाबा, डॉक्टर नोबी, शिवप्रसाद त्रिपाठी, अनिल शुक्ला, रुद्रपाल सिंह, राजू अध्यक्ष आदि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।जिला पंचायत पद के प्रत्याशी समियाना निवासी राम प्रताप पाल वार्ड नंबर 32 खेसहन) ने भी सहयोग प्रदान किया।

## अपना दर्द समझकर इलाज की परेशानी को अंकित परिहार ने दूर की



**पाटन, उन्नाव।** अंकित सिंह परिहार भगवंतनगर को अपना परिवार मानते हैं और ये बात कोई चुनावी जुमला नहीं है, अंकित सिंह परिहार ने स्वयं परिवार के बेटे के रूप में परिवार की सेवा करके जो साबित कर दिया है वो किसी के लिए भी आसान नहीं है। जिस दौर में लोग चुनाव के लिए ह्लचुनावी सीजनह्व में समाज सेवा करते हैं उस दौर में चुनाव हारते हुए भी लगातार पीड़ित परिवारजनों की सेवा का संकल्प पूरा कर रहे हैं। चुनाव हारने के बाद पिछले कई दशकों से अंकित सिंह द्वारा अपने परिवार जनों की जीवन रक्षा की मुहिम से हजारों की संख्या में जरूरतमंद परिवारजनों को सही इलाज दिलाने में सहयोग कर रहे है जिससे लोगो को बेहतर इलाज मिल रहा है। कुछ इस तरह की चचाएं स्थानीय क्षेत्र में लोगो के बीच सुनने को मिलती है। इसी क्रम में तहसील क्षेत्र के गांव पकरा बुजुर्ग की कैंसर पीड़ित अनीता देवी कुरील के इलाज में आ रही आर्थिक परेशानी की जानकारी होने पर अंकित सिंह ने अपने स्तर से आर्थिक प्रबंध करके धनराशि उनके अस्पताल में जमा करके रसीद स्वयं उनके घर जा कर सौंप दी है और शीघ्र ही पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की शुभकामना की है। वहीं लालगंज गांव निवासी महेश चंद्र के ऑपरेशन के खर्च का इंतजाम करके सकुशल ऑपरेशन संपन्न करवाया है।

# पीस कमेटी की बैठक में होली व ईद पर्व को लेकर शांति व्यवस्था के निर्देश



हिलौली, उन्नाव (वीओएल)। जनपद के मौरावां थाना परिसर में आगामी त्योहारों होली एवं ईद को दृष्टिगत रखते हुए पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक क्षेत्राधिकारी पुरवा एवं थाना प्रभारी मौरावां कुंवर बहादुर सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, सभासदों एवं संभ्रांत नागरिकों ने भाग लिया।बैठक में क्षेत्राधिकारी ने उपस्थित ग्राम प्रधानों से विस्तार से जानकारी ली और विशेष रूप से उन स्थानों के संबंध में पूछा जहां होलिका दहन होता है, वहां किसी प्रकार का विवाद या समस्या तो नहीं है। सभी ग्राम प्रधानों ने आश्वस्त किया कि क्षेत्र में आपसी सौहार्द बना हुआ है। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि त्योहार के दौरान यदि कोई भी व्यक्ति माहौल खराब करने की कोशिश करे तो तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचित किया जाए। साथ ही शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सतर्कता बरतने को कहा गया। त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु शराब की दुकानों को दो दिन पूर्व बंद कराने के निर्देश भी दिए गए। सभासद अली इमाम एवं सुल्तान बेग ने बताया कि क्षेत्र में हिंदू-मुस्लिम समुदाय के बीच हमेशा भाईचारा एवं सौहार्द बना रहता है और किसी प्रकार की समस्या नहीं है। बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी पुरवा ने चैकीदारों के साथ अलग से बैठक कर उन्हें निर्देशित किया कि प्रत्येक गांव में सतर्कता बनाए रखें तथा त्योहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल दें। चैकीदारों को विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नगर पंचायत मौरावां के प्रतिनिधि मधुकर बाबू अपने स्टाफ सहित उपस्थित रहे। इसके अलावा प्रधान शैलेंद्र कुमार यादव (पिंजरा), प्रदीप यादव, पूर्व प्रधान राजेश निर्मल, अरविंद प्रधान, लाल सिंह, अकोहरी कार्ड प्रधान सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना रहा।

## खिरकापुरा कॉलोनी में जल संकट, डीएम से लगाई गुहार

**ललितपुर।** शहर के वार्ड नंबर-2 स्थित खिरकापुरा स्थित काशीराम कॉलोनी के निवासी इन दिनों बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। लंबे समय से चल रही पानी की किल्लत से परेशान होकर दर्जनों मोहल्लावासी गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और शिकायती पत्र सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की।जिलाधिकारी को सौंपे गए पत्र में निवासियों ने बताया कि कॉलोनी में स्थित पानी की टंकी से सप्लाई ठप पड़ी है। स्थिति तब और विकट हो गई जब मोहल्ले में मौजूद एकमात्र सरकारी बोरवेल पर भी कुछ दबंगों या स्थानीय लोगों द्वारा कब्जा करने की बात सामने आई। निवासियों का आरोप है कि उन्हें बोरवेल से पानी नहीं भरने दिया जा रहा है, जिससे दैनिक कार्यों के लिए भी पानी जुटाना मुश्किल हो गया है। क्षेत्रीय लोगों में स्थानीय जनप्रतिनिधि के खिलाफ भारी आक्रोश है। पीड़ितों का कहना है किहमने कई बार अपने वार्ड पार्षद को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया, लेकिन हमारी शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं हुई। पार्षद की बेरुखी के कारण आज हमें कलेक्ट्रेट के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।शिकायती पत्र पर पुष्पेंद्र, पूजा, गीता, केशकली और सरस्वती समेत कई महिलाओं व पुरुषों ने अपने हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान लगाए हैं। निवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि खिरकापुरा कॉलोनी में पानी की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और बोरवेल विवाद को सुलझाया जाए।

## सड़क के अभाव में कीचड़ और जलभराव से परेशान जुगपुरावासी



**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद के अंतर्गत आने वाले मोहल्ला जुगपुरा के निवासियों ने क्षेत्र में पक्की सड़क न होने के कारण जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की मांग की है। निवासियों का कहना है कि सड़क के अभाव में पूरा रास्ता कीचड़ से भरा रहता है, जिससे स्कूली बच्चों और आम लोगों का निकलना दूभर हो गया है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि मेन नहर व संदीप रजक के मकान से लेकर प्रमोद प्रजापति के मकान तक की सड़क पूरी तरह कच्ची है। कीचड़ के कारण आए दिन लोग फिसलकर गिर जाते हैं। आवागमन के लिए यह एकमात्र रास्ता है, जिसकी हालत वर्तमान में अत्यंत दयनीय है। ज्ञापन पर हीराबाई लोधी, राजकुमारी यादव, प्रेमा बाई और अन्य महिलाओं सहित समस्त मोहल्लेवासियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित कर जल्द से जल्द यहाँ पक्की सड़क का निर्माण कराया जाए ताकि लोगों को इस नारकीय जीवन से मुक्ति मिल सके।

संक्षेप

## पानी निकासी, रास्ते में अतिक्रमण की शिकायत डीएम से

**बांदा।** हरिजन बस्ती के रास्ते में अतिक्रमण की शिकायत लेकर ग्रामीण जिलाधिकारी के पास पहुंचे। उन्होने कहा कि पानी निकासी का रास्ता रोका गया है। गुरुवार को बिसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम सिकलोढ़ी की प्रधान विमला देवी के साथ ग्रामीण हियलाल, बाबूलाल, अनिल, भूरा जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने बताया कि बस्ती से लगा चकमार्ग है। इस पर अतिक्रमण कर उनके पानी निकासी को अवरुद्ध कर दिया गया है। इससे कई घरों में गंदा पानी जमा है। गांव के ही कुछ लोग जबरिया सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किए हैं। कहने पर जानमाल की धमकी देते हैं। पीड़ितों ने लेखपाल व हल्का पुलिस को भेजकर पानी निकासी कराने की मांग की है। इस दौरान रामविशाल, देशराज, शिवपूजन, भवानीदीन, सेवक, किशोरी, रामनारायन मौजूद रहे।

## खोया मोबाइल 2 घंटे में बरामद

**बांदा।** पुलिस की तत्परता से एक व्यक्ति के खोए हुए मोबाइल फोन को महज दो घंटे के अंदर बरामद किया गया। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के कटरा निवासी पंकज पुत्र कालीचंद्र ने मेडिकल कॉलेज पुलिस चैकी को सूचना दी कि गुरूवार को मेडिकल कॉलेज में इलाज कराने के बाद घर लौटते समय उसका मोबाइल फोन कहीं गिर गया है और काफी खोजबीन करने के बाद भी नही मिला है। इस सूचना के बाद चैकी प्रभारी मेडिकल कॉलेज वीरेन्द्र त्रिपाठी ने तत्काल टीम गठित कर सीसीटीवी कैमरे व तकनीकी साक्ष्यों का प्रयोग कर गुम हुए मोबाइल फोन को 2 घंटे के अंदर बरामद कर पंकज को सौंप दिया। खोया मोबाइल वापस पाकर पंकज ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई का आभार जताया।

## टैक्सी में टक्कर के बाद चालक से मारपीट

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार से टैक्सी में टक्कर मारने और विरोध करने पर चालक से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात कार चालक और उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला नेहरू नगर निवासी योगेन्द्र गौतम ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 फरवरी 2026 की सुबह करीब 9.15 बजे वह अपनी टैक्सी (यूपी 94 टी 3788) से स्टेशन से सवारी लेकर आजादपुरा जा रहे थे। इसी दौरान महावीर नेत्र चिकित्सालय के पास सामने से तेज गति और लापरवाही से आ रही कार (यूपी 94 आर 1999) ने उनकी टैक्सी में टक्कर मार दी। आरोप है कि जब उन्होंने मौके पर रुककर विरोध किया तो कार सवार 4-5 अज्ञात लोग उतर आए और गाली-गलौज करते हुए उनके साथ लात-घूंसों से मारपीट कर दी, जिससे उन्हें चोटें आईं। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने अज्ञात कार चालक व अन्य के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## दिशा की बैठक आज

ललितपुर। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के तत्वाधान में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक आगामी शुक्रवार, 27 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। कलेक्ट्रेट सभागार में होने वाली इस बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

# विभागीय लक्ष्य और विकास कार्य समय रहते पूर्ण करा लें अधिकारी: मंत्री दानिश

जिला संवाददाता

- प्रभारी मंत्री ने सरकारी योजनाओं व विकास कार्यों की समीक्षा की
- बकायदारी के नाम पर किसानों व उपभोक्ताओं का न हो शोषण, भ्रष्ट लाइनमैनों पर करें कार्यवाही



**ललितपुर।** जिले के प्रभारी मंत्री एवं राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने गुरुवार को कलैक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करने के सख्त निर्देश दिये। बैठक में प्रभारी मंत्री ने सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में प्रथम स्थान मिलने पर जिलाधिकारी ओर उनकी टीम को बधाई दी और इसी मनोवेग से आगे भी प्रथम स्थान बरकरार रखने के निर्देश दिये।

प्रभारी मंत्री ने विद्युत आपूर्ति को निर्देश दिए कि बकाएदार किसानों का लाइनमैन और विजिलेंस के द्वारा उत्पीड ? न किया जाए, उन्हें सिंचाई के लिए सप्लाई दी जाए और विभागीय अधिकारी उनके प्रकरणों का निस्तारण कराने में किसानों का अपेक्षित सहयोग करें और भ्रष्ट लाइनमैन पर कार्यवाही करें। प्रभारी मंत्री ने एकीकृत बागवानी (उद्यान) की समीक्षा करते हुए किसानों को आधुनिक खेती को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कृषि संयंत्र उपलब्ध करा रही है और सब्सीडी भी दे रही है, जिनका लाभ लेकर किसान अपनी आय में वृद्धि करें। प्रभारी मंत्री ने विभागीय समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, ऐसे में सभी विभागीय लक्ष्य और विकास कार्य समय रहते पूर्ण करा लें, उन्होंने पर्यटन विकास के सभी कार्यों को वित्तीय वर्ष के भीतर पूर्ण कराने और अगले वित्तीय वर्ष में जनप्रतिनिधियों से नये कार्यों के सुझाव लेकर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये।

उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना की जानकारी लेते हुए जनप्रतिनिधियों से अधिक से अधिक लोगों को संयंत्र लगवाने के लिए प्रेरित करने की अपेक्षा की, कृषि विभाग की समीक्षा के अंतर्गत किसान सम्मान निधि बॉटम फाइव में होने पर नाराजगी जताते हुए प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिये कि किसी भी दशा में किसानों का भुगतान और सब्सिडी नहीं रुकनी चाहिए। ग्राम्य विकास के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना में सर्वे का कार्य पूर्ण बताया गया, स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा में मेडिकल कॉलेज में बिजली और पानी का कनेक्शन जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिए गए। जनप्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि मेडिकल कॉलेज के आसपास विकास के दृष्टिगत पानी की टंकी बनाए जाने का सुझाव दिया, जिसे मिनिट्स में शामिल किया गया। बैठक के बाद प्रभारी मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने उद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री श्रम सम्मान योजना के दो लाभार्थी राजमिस्त्रियों को टूलकिट वितरित की और उन्हें टूलकिट के माध्यम से स्वरोजगार करने को कहा। बैठक में राज्यमंत्री मनोहर लाल, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिलाध्यक्ष हरिश्चन्द्र रावत, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी उपस्थित रहे। इस दौरान डीएम सत्य प्रकाश, एसपी मो.मुश्ताक, सीडीओ शेषनाथ चोहान, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, सीएमओ डा0 इम्तियाज, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज डा0 मयंक शुक्ला, पीडी डीआरडीए, डीडीओ, डीसी मनरेगा, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, जल संस्थान, सिंचाई, ग्रामीण अभियंत्रण एवं अन्य कार्यदायी विभागों के अधिशासी अभियंता, शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, महिला कल्याण व अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ज्वैलर्स की दुकान में चोरी करने वाले गिरफ्तार



**ललितपुर।** चार दिन पूर्व 22 फरवरी को ज्वैलर्स की दुकान का शटर उठाकर चोरी करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया है। पकड़े गये सभी चोर राजस्थान प्रांत के हैं, जिनसे चोरी गई धातु भी बरामद कर ली गई है। विगत 22 फरवरी को सदर कोतवाली क्षेत्र के सदर चैकी अंतर्गत मेन रोड पर श्रीविद्या ज्वेलर्स में चोर शटर के ताले तोड़कर अंदर घुस गए। इसके बाद चोरों ने दुकान में रखे लाखों रुपये कीमत के आभूषण, पॉलिश बर्तन व अन्य ज्वेलरी समेट ली और मौके से फरार हो गए थे। चोरी की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में स्पष्ट रूप से रिकॉर्ड हो गई है, जिसमें दो संदिग्ध युवक शटर तोड़कर अंदर प्रवेश करते और सामान समेटते दिखाई दे रहे हैं। फुटेज पुलिस को सौंप दी गई थी।

- राजस्थान के रहने वाले चार चोरों ने शटर उठाकर लाखों का माल उड़ाया था

पुलिस ने चोरी के मामले को दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी थी। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में प्रकाश में आये नितेश पुत्र सेवालाल उम्र करीब 29 वर्ष निवासी ग्राम सागवाडिया थाना सदर जिला बाँसवाडा राजस्थान, देवीलाल मईडा पुत्र लाडजी मईडा उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम बिजलिया नयागाँव थाना सदर बाँसवाडा जिला बाँसवाडा राजस्थान, प्रकाश मईडा पुत्र भोगजी मईडा उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम पानीवाला गढा ताजपुर थाना सदर जनपद बाँसवाडा राजस्थान तथा श्रेयांस पांचाल पुत्र विजय पांचाल उम्र करीब 24 वर्ष निवासी आजादचैक लुहारवाडा थाना कोतवाली बाँसवाडा जिला बाँसवाडा राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में प्रकाश मईडा, देवीलाल मईडा व नितेश ने घटना के सम्बंध में बताया कि साहब हम तीनों को अपने शौक व जरुरतें पूरी करने के लिए रुपयों की आवश्यकता थी जिसके लिए हम तीनों ने चोरी करने का प्लान बनाया था, जिसके लिए हम लोग उ0प्र0 के ललितपुर जिला में चोरी करने के लिए आये थे। इसके बाद हम लोग पूरा दिन ललितपुर की मार्केट में चोरी करने के लिए दुकानों की कई दिन रैकी की थी तथा 22 फरवरी को सुबह के समय चार से पाँच बजे के आस पास हम लोगों में से दो लोग एक मकान की छत पर चढ़कर मकान के अन्दर प्रवेश किये थे और सरिया की मदद से नीचे की दुकान का शटर तोड़ दिया था। इस दौरान साथी देवीलाल को सड़क पर रखवाली के लिए खड़ा किया गया था। दुकान से हम लोगों ने चाँदी का सामान जैसे बर्तन, प्लेट आदि चोरी करके वापस अपने घर लौट गये थे। इसके बाद हम तीनों लोग, अपने अन्य साथी श्रेयांश पांचाल निवासी आजादचैक बाँसवाडा के पास उक्त चोरी किये गये सारे सामान को लेकर गये थे और श्रेयांश पांचाल ने सारे चांदी के सामान को गलाकर उसे दो बिस्किट में बदल दिया था, जिसे हम चारों लोग बाँटकर बेचने की फिराक में थे, जिसके बँटवारे को लेकर देवीलाल और प्रकाश के बीच झगड़ा हो गया था। बँटवारा पूरा न होने के कारण हम चारों लोगों के द्वारा उन दोनों चाँदी के बिस्कुटों को नितेश के घर पर आपसी सहमति से इस उद्देश्य से छिपा दिया था कि एक दो दिन में आपस में बँटवारा करेंगे कि इसी दौरान पुलिस ने उन्हें पकड लिया। पुलिस ने चोरों के कब्जे से सफेद धातु के 02 बिस्किट (वजन 2.297 किग्रा), धातु गलाने वाली भट्टी, एक सरिया व एक सिपिया तथा 03 मोबाइल फोन व 01 छोटी इलेक्ट्रिक तराजू (जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 08 लाख रुपये बताई जा रही है।

## एसडीएम की कार्रवाई से नाराज शिक्षक संघ का धरना, ज्ञापन



**बांदा।** पैलानी उपजिलाधिकारी की कार्यवाही से आक्रोशित शिक्षक संघ ने जिलाधिकारी कार्यालय में धरना देने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की। संघ ने कहा कि एसडीएम के विरुद्ध कार्यवाही नहीं हुई तो 28 फरवरी को पैलानी कार्यालय में धरना दिया जाएगा। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी और जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा की अगुवाई में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने सिटी मैजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सचिव आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि बीस-पच्चीस वर्ष सेवाएं दे चुके हैं। अब नौकरी पर बने रहने और पदोन्नति के लिए टेट अनिवार्य कर दिया गया है। न्यायालय के इस निर्णय से लाखों शिक्षकों की नौकरी पर संकट है। जिला मंत्री प्रजीत सिंह ने बताया कि जिस समय सरकार को लाखों शिक्षकों के परिवार के साथ खड़ा होना चाहिए था, अध्यादेश लाकर वास्तविकता का साथ देना चाहिए था ऐसे समय में सरकार की संवेदनहीनता और गैर जिम्मेदाराना जवाबों से शिक्षक आहत हैं।

जीआईसी मैदान में धरना देकर पैदल मार्च करते हुए शिक्षक कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंप गया। पदाधिकारी शैलेंद्र मिश्रा, आदित्य प्रकाश द्विवेदी, सुधा राजपूत ने कहा कि समाधान न होने पर मार्च में दिल्ली में विशाल रैली आयोजित की जाएगी।

## क्षेत्रीय किसान मेले का कृषि मंत्री ने किया शुभारंभ

- कृषि मंत्री ने योगी सरकार की गिनाई उपलब्धियां

**बांदा।** कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय में क्षेत्रीय किसान मेले का उद्घाटन प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप साही ने गुरूवार को किया। तीन दिवसीय किसान मेले को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि देश के किसान हमारे अन्नदाता हैं। कहा कि 2017 में इस विश्वविद्यालय में केवल 460 विद्यार्थी और 13 शिक्षक थे लेकिन अब यह संख्या बढ़कर 1500 हो चुकी है। शिक्षकों की भर्ती भी हुई है और अब यहां पर 120 शिक्षक शिक्षण व शोध कार्य कर रहे हैं। कृषि मंत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार व केन्द्र सरकार की चलाई जा रही अनेक किसान हितकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कृषि मंत्री ने कहा कि इस बार उत्तर प्रदेश में लगभग 2 लाख मीट्रिक टन खाद्यान उत्पादन में वृद्धि हुई है। कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों तथा योजनाओं के चलते बुंदेलखण्ड बदल रहा है। कहा कि जो तकनीक विश्वविद्यालय में विकसित हो रही है वह किसानों तक पहुंचनी चाहिए। उन्होने विश्वविद्यालय प्रशासन से कहा कि विश्वविद्यालय को सरसों के बीज को अधिक समय तक भण्डारण करने के लिए शोध करने चाहिए। मेले में पहले दिन करीब 500 किसान पहुंचे। उन्होने किसान मेले का भ्रमण किया और लगाए गये स्टॉलों में जाकर कृषि वैज्ञानिकों से कृषि तकनीक और कृषि के बारे में चर्चा की। क्षेत्रीय किसान मेले में विश्व विद्यालय के सभी महाविद्यालयों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के शोध संस्थानों, शासकीय विभागों के साथ ही एफपीओ और स्वयं सहायता समूहों के 120 से अधिक स्टॉल लगाए गये हैं।



इनमें 5 कृषि विश्व विद्यालय, आईसीएआर के अनेक कृषि अनुसंधान, भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान कानपुर, चारागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान, केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान शिमला, केन्द्रीय अंतरस्थलीय मत्स्य शोध संस्थान प्रयागराज व केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान लखनऊ ने स्टॉल लगाए हैं। क्षेत्रीय किसान मेला के अवसर पर विश्व विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के प्रवास को सुरक्षित, सुगम बनाने के लिए अनेक सुविधाओं से युक्त 100 बेड के दुर्गावती महिला छात्रावास का किसान मेले के मुख्य अतिथि एवं कृषि मंत्री सूर्य प्रताप साही ने लोकार्पण किया। मिलेट्स प्रसंस्करण, पैकेजिंग, सह वितरण केन्द्र की स्थापना, मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के तहत कृषि विज्ञान केन्द्र बांदा में की गयी है। विश्वविद्यालय के 7 कृषि विज्ञान केन्द्रों में इसी तरह की प्रसंस्करण इकाईयां स्थापित की जा रही हैं।

## होली का जुलूस धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखकर उत्साह से निकलेगा: प्रमोद चौहान



**नगीना, बिजनौर।** हवन होली रंग गुलाल समिति के नेतृत्व में निकलने वाले एतेहासिक हवन गुलाल जुलूस की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए समिति की एक बैठक समिति के संरक्षक प्रभात चंद गुप्ता के आवास पर समिति अध्यक्ष प्रमोद चैहान की अध्यक्षता व समिति में मंत्री दीपक अरोड़ा के संचालन में संपन्न हुई।

गुरुवार को समिति के संरक्षक प्रभात चंद गुप्ता के आवास पर आयोजित बैठक में समिति के संरक्षक मंडल, पदाधिकारीओं व सदस्यों नें विचार विमर्श कर जुलूस की व्यवस्थाओं व तैयारीयों को अंतिम रूप दिया। बैठक में समिति के अध्यक्ष प्रमोद चैहान ने समिति के सदस्यों में जुलूस की जिम्मेदारियों का बटवारा किया। बैठक में समिति के अध्यक्ष प्रमोद चैहान नें कहा कि इस वर्ष जुलूस में गुलाल के साथ-साथ फूलों का प्रयोग भी किया जायेगा। जुलूस में ऊट, डीजे, ढ़ोल, ताशे, गुलाल के साथ-साथ हास्य विनोद के लिए अन्य चीजों को भी शामिल करने का निर्णय लिया गया। उन्होंनें कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जुलूस साप्रदायिक सौहार्द के साथ धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए पुरे जोश व उत्साह के साथ निकाला जायेगा। उन्होंनें कहा कि इस वर्ष होली रंग गुलाल समिति के संरक्षक मंडल, पदाधिकारियों, सदस्यों व विशेष आमंत्रित सदस्यों का होली मिलन समारोह 01 मार्च 2026 को रॉयल रिजॉर्ट, नगीना में आयोजित किया जायेगा। बैठक में समिति के संरक्षक प्रभातचंद गुप्ता, अनिल बंधु, समिति के उपाध्यक्ष सौरभ मित्तल व शलभ गोयल, सचिव दीपक अरोरा, कोषाध्यक्ष विनय अग्रवाल, प्रचार मंत्री अभिषेक अग्रवाल, सचिन शर्मा, ओमपाल सैनी, धर्मेंद्र राठी, लवी मित्तल, विश्व हिन्दू परिषद के जिला उपाध्यक्ष शीतल अग्रवाल, विश्व हिन्दू परिषद के नगर अध्यक्ष अमरजीत सिंह, प्रदीप गर्ग, विवेक राजवंशी, अनमोल कंसल, आदित्य चैहान, गर्वित मल्होत्रा सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

## विकास कार्यों में लाएं गति: सीडीओ



**बांदा।** मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में सीएम डैशबोर्ड एवं सीएमआईएस पोर्टल के कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। उन्होने उद्यान विभाग की संचालित वन ड्रॉप मोर क्रॉप की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक किसानों को लाभ देने के निर्देश दिए।

उन्होने खराब ट्रांसफार्मरों को बदलने और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति में सुधार करने के निर्देश अधिशाषी अभियंता विद्युत को दिए साथ ही विद्युत बिलों में सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को दिए जाने वाली धनराशि के कार्य रैंक में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होने स्वयं सहायता समूह का गठन करने, लक्ष्य के अनुरूप सीसीएल कराए जाने और जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को समय से भुगतान करने, 102 एवं 108 एंबुलेंस सेवा के रिस्पांस टाइम में सुधार के निर्देश दिए। उन्होने पर्यटन विभाग की निमार्णाधीन चल रही परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निमार्णाधीन रिवर फ्रंट रनगढ़, भूरागढ़ और नवाब टैंक में फाउण्टेन निर्माण के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। बबेरू में बस स्टेशन निर्माण कार्य तेज गति से करने के अलावा निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने विभाग से संबंधित निर्माण कार्य का निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ पूरा कराएं। सीडीओ ने पीडब्ल्यू डी की नई सड़कों का निर्माण कार्य तेज गति से पूरा करने, पुलों के निर्माण गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अवशेष आवासों का निर्माण कार्य के साथ जल निगम की सड़कों के रेस्टोरेशन कार्य की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, संबंधित विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी मौजूद रहे।

## गोवर्धन पूजा की कथा सुन श्रोता हुए भावविभोर



**बांदा।** ब्लाक बड़ोखर खुर्द के महोखर गांव में सिद्धपीठ सती माता मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के आचार्य नवलेश दीक्षित ने श्रोताओं को बताया कि जब इंद्र के स्थान पर गोवर्धन पर्वत की पूजा की तो देवराज इंद्र ने अपना अपमान समझा और मूशलाधार वर्षा आरंभ कर दी। भागवत पीठ चित्रकूट से आए आचार्य कथा व्यास नवलेश दीक्षित ने कथा के पांचवें दिन श्रोताओं को बताया कि ऐसे संकट में बृजवासियों की गुहार पर भगवान कृष्ण ने मूशलाधार वर्षा से उनकी रक्षा के लिए 7 दिन तक गोवर्धन पर्वत को सबसे छोटी उंगली पर उठाकर रखा ताकि गोपी, गोपिकाएं उसकी छाया में रहें। उन्होने बताया कि सातवें दिन भगवान ने गोवर्धन को नीचे रखा तभी प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजा कर अन्नकूट उत्सव मनाया जाता है। इसके अलावा उन्होने प्रसंग से जुड़ी अन्य कथाओं का भी उल्लेख किया। सहायक व्यास सत्यम अवस्थी महाराज ने अन्य धार्मिक प्रसंगों का श्रोताओं को रसपान कराया। कथा परीक्षित शांति देवी पत्नी स्वर्गीय रामआसरे सिंह, जागेन्द्र सिंह, कृष्णपाल सिंह, जयगोपाल सिंह, नरेश चंद्र पाठक, प्रेम कुमारी पाठक व बड़ी संख्या में महिला, पुरूष श्रद्धालु मौजूद रहे।

## शादी से लौटते समय बोलेरो कार अनियंत्रित होकर गंगा में गिरी, दो की मौत, चार घायल

**नजीबाबाद, बिजनौर।** शादी समारोह में शामिल होकर वापस जा रही बोलेरो कार अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़कर गंग नहर में गिर गई। हादसे में बोलेरो सवार दो व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्स ऋषिकेश रेफर किया। वहीं घटना से परिवारों के कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार बुधवार को उत्तराखंड ऋषिकेश से नजीबाबाद में शादी समारोह में शामिल होकर 06 लोग बोलेरो कार से वापस ऋषिकेश जा रहे थे।

गुरुवार की रात करीब दो बजे बुलेरो कार अनियंत्रित होकर गंग नहर के पुल की रेलिंग तोड़कर नहर में जा गिरी। हादसे में बोलेरो सवार सतीश (35 वर्ष) पुत्र चरण दास, सचिन (35 वर्ष) पुत्र सत्य की मौत हो गई, जबकि विशाल (25 वर्ष) पुत्र कालीचरण, मोहित (28 वर्ष) पुत्र राजू, विशाल (35 वर्ष) पुत्र सुनील एंव अंकित (35 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक और घायल मुनि की रेती टिहरी गढ़वाल निवासी बताए गए। हादसे की सूचना मिलते ही सीओ नितेश प्रताप सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को उपचार दिलाया। बाद में घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए सीएचसी समीपुर से एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। घटना की खबर मिलने के बाद परिजन भी नजीबाबाद पहुंचे। पुलिस की प्रारंभिक जांच में वाहन के अनियंत्रित होने और संभवतः तेज रफ्तार को हादसे का कारण माना जा रहा है।

# गुलदार से बचाव के लिए टीमों का गठन कर निरंतर प्रशिक्षण उपलब्ध करायें: डीएम

जिला संवाददाता



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला पर्यावरण समिति, मानव गुलदार संघर्ष निवारीकरण समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में कहा कि जिले की बान नदी का जीर्णोद्धार भी मालन नदी के तर्ज पर किया जाएगा और नदी के प्रवाह मार्ग का चिन्हांकन कर कब्जा मुक्त कराया जाएगा। उन्होंने सिंचाई विभाग के नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि बान नदी के प्रवाह क्षेत्र का सर्वे कराएं और उसकी आख्या जल्द से जल्द उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि बान नदी के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू किया जा सके। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि ब्लॉक मुहम्मदपुर देवमल क्षेत्र के ग्राम बादशाहपुर, दयालपुर सहित अन्य गांवों के किसी भी नाले गंगा पानी नदी में प्रवाहित न होने पाए। जिलाधिकारी ने पर्यावरण समिति की बैठक की समीक्षा के दौरान वायु प्रदूषण के मानकों का अनुपालन न करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने तथा जुमार्ना लगाने तथा चालानों में बढोतरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बायो मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश कि अस्पतालों में शत प्रतिशत बारकोड लगाना सुनिश्चित करें और बारकोड के आधार पर ही अस्पतालों से बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण भी कराएं। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा मानव-गुलदार संघर्ष न्यूनीकरण संबंधी बैठक की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि जहां-जहां गुलदार की घटनाएं हो रही है, वहां पर गुलदार से बचाव के लिए जागरूकता कैंप का आयोजन करें और जहां पर भी गुलदार देखा जा रहा है, वहां पर सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक तैयारी करना सुनिश्चित करें, ताकि कोई दुर्घटना न होने पाए तथा ग्रामवासियों को प्रेरित करें कि गन्ने की कटाई करते वक्त विशेष सावधानी बरतें कि कहीं गुलदार खेत में छुपा हुआ न हो। उन्होंने निर्देशित किया कि जो पिंजरे वन विभाग को उपलब्ध कराए जा रहे हैं, उनमें पूरे मानकों का ध्यान रखा जाए। उन्होंने वन विभाग को निर्देश दिए कि पंचायत राज अधिकारी से समन्वय स्थापित कर गुलदार प्रभावित अति संवेदनशील क्षेत्रों में टीमों का गठन कर टीम के सदस्यों को गुलदार से बचाव से संबंधित निरंतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराएं और टीम में स्वयंसेवी वन मित्रों को भी अनिवार्य रूप से शामिल रखा जाए ताकि उनके द्वारा गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में पिंजरे को लगाया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तोगी, डीएफओ, अपर पुलिस अधीक्षक, डीसी मनरेगा सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी तथा

## मार्ग दुर्घटना में तीन महिलाओं की मौत

**महोबा।** तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने विवाह कार्यक्रम से पूड़ी बनाकर वापस घर लौट रहीं महिलाओं को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीन महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने एक महिला को देखते ही मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरी महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर की गई दो महिलाओं में एक की रास्ते में मौत हो गई जबकि दूसरी घायल महिला का उपचार जारी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक महिलाओं के शवों को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना सदर कोतवाली क्षेत्र के कानपुर सागर हाइवे स्थित एआरटीओ कार्यालय के पास की है। जहां भटीपुरा मोहल्ले की रहने वाली श्यामरानी अपनी पड़ोसी तुलसा, गीता और भगवती के साथ कानपुर सागर हाइवे में स्थित एक विवाह ग्रह में आयोजित विवाह कार्यक्रम में पूड़ी बनाकर वापस पैदल अपने घर जा रहीं थी। जैसे ही सभी महिलाएं एआरटीओ कार्यालय के पास पहुंचीं तभी पीछे से आ रहा तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित हो गया और महिलाओं को टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि श्यामरानी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि तुलसा, गीता रैकवार और भगवती प्रजापति गंभीर रूप से घायल हो गईं। गीता की इलाज के दौरान मौत हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद तुलसा और भगवती प्रजापति की हालत नाजुक होने पर झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। झांसी ले जाते समय भगवती की रास्ते में मौत हो गई जबकि तुलसा का उपचार जारी है। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उक्त घटना के संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि घटना कारित करने वाले वाहन को पकड़ लिया गया है तथा वाहन चालक की भी पहचान कर ली गई है। अभियोग पंजीकृत कराते हुये प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## बैराज में छलांग लगाने वाले युवक का छठे दिन शव बरामद, परिजनों में मचा कोहराम

**बिजनौर।** खो बैराज नहर में 6 दिन पूर्व कूदे युवक का शव गुरुवार को स्योहारा-धामपुर मार्ग स्थित पुल के नीचे से बरामद हुआ। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बीती 21 फरवरी को शेरकोट खो बैराज पुल से धामपुर निवासी योगेश सैनी (29 वर्ष) पुत्र दिनेश सैनी ने थाना शेरकोट क्षेत्र के खो बैराज में छलांग लगा दी थी। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन ने खोजबीन शुरू कर दी गई थी। युवक की तलाश के लिए 23वीं बटालियन पीएसी मुरादाबाद की टीम द्वारा लगातार पांच दिनों तक सर्च अभियान चलाया गया, लेकिन शुरूआती दिनों में कोई सफलता हाथ नहीं लगी। गुरुवार को छठे दिन सुबह लगभग दस बजे स्योहारा-धामपुर मार्ग स्थित पुल के नीचे नहर में युवक का शव दिखाई दिया, जिसे बाहर निकालकर कब्जे में लिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस व परिजन मौके पर पहुंच गए। शव की पहचान योगेश सैनी पुत्र दिनेश सैनी के रूप में होने पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## प्रभारी मंत्री का जनपद आगमन 27 फरवरी को

**बहराइच।** प्रदेश के मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही का 27 फरवरी 2026 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. प्रभारी मंत्री श्री शाही 27 फरवरी 2026 को रात्रि 08:15 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन बहराइच पहुंचकर रात्रि विश्राम करेगें। श्री शाही 28 फरवरी को पूर्वान्ह 10:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में समन्वय समिति की बैठक में सम्मिलित होंगे अपनी सुविधानुसार अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भी सम्मिलित होंगे। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि मा. प्रभारी मंत्री अपरान्ह 03:00 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

# आतंकवाद पर 'प्रहार'

आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई भारत के लिए कोई नयी बात नहीं है। भारत करीब पांच दशक से इन समस्याओं का सामना कर रहा है और अपने पराक्रम से आतंकवाद पर भी और नक्सलवाद पर भी विजय पायी है। इसलिए अगर सरकार आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्रीय नीति लागू करती है और उसका सतर्कता से पालन भी होता है, तो आतंकवाद के खिलाफ एक प्रभावी प्रतिरोधी विकसित करने में मदद मिलेगी। भारत आतंकवाद से पीड़ित, जख्मी और अपने प्रियजनों को खोने वाला देश है। लिहाजा आतंकवाद रोधी राष्ट्रीय नीति का स्वागत है। हम 1980 के दशक से बहुस्तरीय, बहुरुपिया आतंकवाद झेलते आए हैं। उसमें पाकपरस्त इस्लामी, जेहादी आतंकवाद भी है और पूर्वोत्तर के उग्रवाद भी हैं। खालिस्तानी आतंकवाद का सफाया हो चुका है। उसके बचे-खुचे अवशेष पाकिस्तान, कनाडा, अमरीका, जर्मनी आदि देशों में है और वे भारत-विरोधी प्रदर्शन करते रहते हैं। देश में नक्सली आतंकवाद ने भी असंख्य लाशें बिछाई हैं, लेकिन आज उसका अस्तित्व भी समाप्ति के कगार पर है। आतंकवाद ने 70-80 हजार जिंदगियां छीनी हैं। जो भी हो, ये आंकड़े बेहद भयानक और खौफजदा हैं। यह हमारी सेना, अर्द्धसैन्य बलों और स्थानीय पुलिस की रणनीति का ही कमाल है कि आज भारत में इस्लामी अलगाववाद के अवशेष भी नहीं हैं। जो आतंकी हमले हाल ही में




किए गये हैं, वे पाकिस्तानी आतंकियों ने किए हैं। अब जिन साजिशों के सुराग मिल रहे हैं और संदिग्ध आतंकियों की धरपकड़ की जा रही है, वे भी पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मुहम्मद सरीखे आतंकी संगठनों के कथित 'जेहादी' हैं। आज पंजाब और पूर्वोत्तर में आतंकवाद नहीं है, कुछ स्थानीय जातीय हिंसक विवाद जरूर हैं, लेकिन आतंकवाद के खतरे जरूर मंडरा रहे हैं, लिहाजा प्रधानमंत्री मोदी प्रत्येक वैश्विक मंच पर आतंकवाद का जिक्र करते हैं और देशों के साथ समझौते करते हैं कि आतंकवाद एक साझा लड़ाई है। मानवता के लिए साझा खतरा है, आओ मिल कर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ें। बहरहाल इस संदर्भ में भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने देश की सर्वप्रथम आतंकवाद-रोधी राष्ट्रीय नीति की घोषणा की है। नाम दिया गया है-प्रहार। अर्थात प्रिवेंशन, रिस्पांस एंड हेल्थिंग अप्रोच टू एंटी टेररिज्म। पहली बार डिजिटल खतरे को भी आतंकवाद माना गया है। इन खतरों में भारत को निशाना बनाते हुए किए गए साइबर हमले, आपराधिक हैकिंग, डार्क वेब, क्रिप्टो वॉलेट आदि नई तकनीकों के जरिए किए जाने वाले आतंकी वित्तपोषण भी शामिल हैं। इनसे निपटने की रणनीति बनाई जा रही है। प्रहार में साफ किया गया है कि भारत आतंकवाद को किसी विशेष संप्रदाय, जातीयता, राष्ट्रीयता अथवा सभ्यता से नहीं जोड़ता। इसका बुनियादी मकसद आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करना है। दरअसल ये शब्द सरकार की तरफ से असंख्य बार बोले जा चुके हैं। खासतौर पर आतंकी हमले के बाद ऐसे वक्तव्य सामने आते रहे हैं। बुनियादी और मौजू सवाल, प्रहार की घोषणा के बावजूद, यह है कि आतंकवाद की परिभाषा क्या है? संयुक्त राष्ट्र भी आज तक यह परिभाषा स्पष्ट नहीं कर सका है। यदि भारत सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्रीय नीति की घोषणा की है, तो आतंकवाद की परिभाषा भी स्पष्टतः बतानी चाहिए, क्योंकि देश को एक निश्चित 'सुरक्षा सिद्धांत' की जरूरत है। परिभाषा के अभाव में प्रहार महज एक नीतिगत वक्तव्य से अधिक कुछ नहीं लगता। सवाल राष्ट्रीय नीति और उसकी स्वीकार्यता का है। देशवासी जानना चाहेंगे कि आतंकवाद का खतरा बाहर और भीतर से कितना है और सरकारी एजेंसियां किस तरह इन खतरों से निपट रही हैं? दरअसल आतंकवाद आज कई रूपों में है और इसका हर रूप राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। इसलिए आतंकवाद चाहे जिस रूप में हो, उस पर कठोरता से प्रहार करने की जरूरत है और अगर यह हमारी राष्ट्रीय नीति है, तो इसका स्वागत होना चाहिए।

## विचार

संसार रूपी इस वाटिका में फूलों के अतिरिक्त कुछ नहीं है। अपना भ्रम ही एक कांटा है।

–स्वामी रामतीर्थ.

वह मनुष्य सचमुच बुद्धिमान है जो क्रोध की हालत में भी बुरी बात मुंह से नहीं निकालता।

–शेख सादी.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

–स्वामी विवेकानन्द.

जब दुख अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाता है, तब हमसे सुख ज्यादा दूर नहीं होता है।

–महात्मा गांधी.

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

–प्रेमचंद.

# क्रिकेट के साथ मजाक है ये फूहड़ स्वीकारोक्ति



लोकमित्र

> अगर स्टीव बकनर 22 सालों बाद सचिन के विरूद्ध किए गये अपने अपराध को स्वीकार भी करते हैं, तो यह स्वीकारोक्ति तब जायज होती, जब सचिन को इस गलत फैसले के परिणाम से मुक्त किया जाता और अगर सचिन के विरूद्ध किया गया, बकनर का अपराधिक फैसला, जस का तस बना रहता है तो फिर यह स्वीकारोक्ति अगर एक और मजाक नहीं तो और क्या है?

क्रिकेट को 'जेंटलमैन गेम' कहा जाता है, क्योंकि यह सिर्फ शारीरिक कौशल की परीक्षा नहीं होता बल्कि नैतिकता, ईमानदारी और निष्पक्षता की सार्वजनिक कसौटी भी है। लेकिन जब इस खेल के भीतर से ही कुछ दिग्गज हंसते-मुस्कुराते हुए अतीत की अपनी आपराधिक गलतियों को सहज स्वीकारोक्तियों में बदलने लगें, तो ये न तो नैतिकता है, न ईमानदारी है और न ही सहज मानवीयता है। ये स्वीकारोक्तियां खेल का फूहड़ मजाक है। 22 साल बाद वेस्टइंडीज के पूर्व अम्पायर स्टीव बकनर ने स्वीकार किया है कि उन्होंने साल 2003-04 में भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर सचिन तेंदुलकर को जो एलबीडब्ल्यू आउट दिया था, वह वास्तव में गलत था। गौरतलब है कि 4 मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट मैच में सचिन तेंदुलकर जब 3 रनों पर बल्लेबाजी कर रहे थे, तब ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी की गेंद को उन्होंने छोड़ने की कोशिश की, तो गेंद उनके पैड से टकरा गई और गिलेस्पी ने जोरदार अपील की, जिसके बाद स्टीव बकनर ने बिना कुछ सोचे-समझे अपनी उंगली ऊपर उठा दी और सचिन को आउट दे दिया। लेकिन जब टीवी रिप्ले में साफ-साफ देखा गया कि गेंद स्टंप के ऊपर से जा रही थी, तो इस पर दुनिया के बड़े-बड़े दिग्गज क्रिकेटरों ने स्टीव बकनर के निर्णय की जबर्दस्त आलोचना की।

इस मैच में कमेंट्री कर रहे टोनी ग्रेग ने इस फैसले को भयानक करार दिया था। दूसरे क्रिकेटरों ने भी इसे बहुत घटिया फैसला बताया था। लेकिन ऐसा फैसला देने वाले स्टीव बकनर कोई नौसिखिया अम्पायर नहीं थे, वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के उस समय भी जाने-माने अम्पायर थे। बकनर ने अपने अम्पायरिंग कॅरियर में टेस्ट मैचों में 128 मैचों में फील्ड अम्पायरिंग तथा दो मैचों में टीवी अम्पायर की भूमिका निभायी है। जबकि एक दिवसीय क्रिकेट उन्होंने 182 मैचों में फील्ड अम्पायरिंग, जबकि 26 मैचों में टीवी अम्पायरिंग की है। हालांकि यह टेस्ट मैच ड्रा हो गया था, लेकिन अगर सचिन को इस तरीके से आउट न दिया गया होता, तो शायद भारत मैच अच्छे खासे मार्जिन से जीत जाता। क्योंकि भारत ने इस मैच की पहली पारी में



409 रन बनाये थे, जिसमें जेसन गिलेस्पी के 4 विकेट थे। अगर सचिन को गलत तरीके से आउट न दिया जाता, तो हो सकता है भारत 550 या 600 रन बनाकर पहली पारी के आधार पर ही यह टेस्ट मैच जीत लेता। क्योंकि ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में मात्र 323 रन ही बना सका था जबकि स्टीव बकनर द्वारा सचिन को गलत आउट देने के बाद भी भारत ने 409 रन बनाये थे। आज 22 सालों बाद स्टीव बकनर वेस्टइंडीज क्रिकेट अम्पायर्स एसोसिएशन को दिये गये अपने इंटरव्यू में मानते हैं कि उनसे सचिन तेंदुलकर को गलत आउट देने की गलती हुई थी। वह कहते हैं, 'सचिन तेंदुलकर को एलबीडब्ल्यू देना मेरी गलती थी, जिसके लिए लोग मुझे आजतक कोसते हैं कि मैंने उन्हें आउट क्यों दिया? जिंदगी में गलतियां होती हैं, मैंने इसे स्वीकार कर लिया है।' पर सवाल है अब इस गलती को स्वीकार कर लेने से क्या होगा? क्या सचिन तेंदुलकर के उस मैच को मात्र 3 रनों पर आउट होने का परिणाम बदल जायेगा? क्या ऑस्ट्रेलिया द्वारा उस मैच को ड्रा करा लेने का नतीजा अब बदल जायेगा?

**खेल जगत**

अगर इतिहास से ये निर्णय या तथ्य नहीं बदले जा सकते, तो फिर स्टीव बकनर के गलती मान लेने का अब फायदा क्या है और वह भी खुद ही यह कहते हुए कि गलतियां तो इंसान से हो ही जाती हैं? लेकिन अगर गलतियां होने का पता चल जाए, फिर भी वह गलती न बदली जाए तो गलती का एहसास या गलती मान लेने का कोई फायदा क्या हुआ? निश्चित रूप से यह कोई अकेला मामला नहीं है, जब लोग अतीत की अपनी गलतियों को हंसी-मजाक का विषय बना लेते हैं और अपने शातिर झूठ की वैधता का उत्सव मनाते हैं। यह सिर्फ खेल का संकट नहीं है, यह सत्य और न्याय की समूची अवधारणा पर एक गहरा प्रहार है। अगर इस तरह की गलतियां स्वीकार कर लेने के बाद भी इतिहास का सत्य नहीं बदलता, तो गलती स्वीकार करने का कोई मतलब नहीं है और यह कोई अकेले स्टीव बकनर के संबंध में ही बात नहीं है, इन दिनों पाकिस्तान के एक पूर्व स्पिनर सकलेन मुश्ताक भी सोशल मीडिया में प्रसारित अपने शॉर्ट वीडियोज में हंसते हुए बताते हैं कि उन्होंने अपने कॅरियर में जितने विकेट लिए हैं, उनमें बहुत सारे विकेट तो शोर मचाकर और अम्पायर पर प्रेशर डालकर खिलाड़ी को बिना आउट किए ही लिए हैं।

मजे की बात यह है कि सकलेन मुश्ताक आजकल टीवी इंटरव्यूज में यह बात हंसते-मुस्कुराते हुए इतनी सहजता से बताते हैं, मानो यह कोई अपराध ही न हो बल्कि एक किस्म का मनोरंजन हो। जबकि हम सब जानते हैं कि कई बार किसी बल्लेबाज के आउट होने से उसका कॅरियर ही आउट हो जाता है। अगर सकलेन मुश्ताक ने कुछ ऐसे खिलाड़ियों को झूठी अपील के जरिये अम्पायर पर प्रेशर डालकर आउट कराया था, तो सोचिए उन बल्लेबाजों पर आज क्या गुजर रही होगी, जो इस तरह के दबाव से आउट हुए थे? कुछ इसी तरह की स्वीकारोक्ति भारत के महान बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने भी अपने कई टीवी इंटरव्यूज में किये हैं कि अम्पायरों से दोस्ताना संबंध बनाकर वह कई बार आउट होने के बाद भी क्रीज में बने रहते थे क्योंकि अम्पायर उन्हें आउट नहीं देते थे। हालांकि यह सब कुछ आज वह हंसते-मुस्कुराते हुए बड़े मजाकिया अंदाज में बताते हैं, लेकिन क्या इससे यह झूठ गायब हो जाते हैं कि वह आउट होने के बाद भी अपने तिकड़म से आउट नहीं हुए। यह स्वीकारोक्ति खतरनाक इसलिए है कि गलती करने वाले ने तो कुछ समय के बाद अपने गलत किये जाने को अपराधबोध की शक्ल में स्वीकार कर लिया। लेकिन सवाल है जिसके विरूद्ध उन्होंने यह गलती की और जिसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ा, क्या उनकी इस स्वीकारोक्ति से उन खिलाड़ियों का भुगता गया खामियाजा भी हंसते-मुस्कुराते बदल गया? कतई नहीं। उनके विरूद्ध तो यह अपराध हो ही चुका होता है और उन्हें न केवल उसकी सजा मिल चुकी होती है बल्कि वो कभी अपराधमुक्त भी नहीं होते, तो फिर आखिर सालों बाद अपने अपराधों को हंसते-मुस्कुराते मान लेने से अपराधी, अपराधमुक्त कैसे हो सकते हैं?

वास्तव में इस सवाल का जवाब सिर्फ खेल में नहीं बल्कि कानून और हमारे समाज की संरचना में छिपा है। मान लीजिए यह मामला खेल की दुनिया का न होकर किसी दूसरे क्षेत्र का हो तो क्या होगा? उदाहरण के लिए यदि 20-25 साल बाद सुप्रीम कोर्ट का कोई न्यायाधीश हंसते-मुस्कुराते हुए कहे कि मुझसे इस निर्णय में गलती हुई थी, मैंने वास्तव में जिसे सजा दी थी, उसे नहीं दिया जाना चाहिए था, तो क्या महज सिर्फ साल गुजर जाने भर से वह गलती कम हो जाती है? क्या कुछ साल गुजरने के बाद वह गलती हंसने-मुस्कुराने और सहजता से स्वीकार करने का विषय बन जाती है? कतई नहीं। क्योंकि इस सबसे दिए गए निर्णय का परिणाम नहीं बदलता। इसलिए अगर स्टीव बकनर 22 सालों बाद सचिन के विरूद्ध किए गये अपने अपराध को स्वीकार भी करते हैं, तो यह स्वीकारोक्ति तब जायज होती, जब सचिन को इस गलत फैसले के परिणाम से मुक्त किया जाता और अगर सचिन के विरूद्ध किया गया, बकनर का अपराधिक फैसला, जस का तस बना रहता है तो फिर यह स्वीकारोक्ति अगर एक और मजाक नहीं तो और क्या है?

## सोशल मीडिया

'भारत टैक्सी' एक ऐसा सहकारी क्षेत्र का टैक्सी मॉडल है, जहां टैक्सी के चालक, अर्थात 'सारथी' कंपनी के होने वाले मुनाफे में मालिक भी होंगे। अमित शाह.



भारतीय जनता पार्टी एसआईआर के जरिए पश्चिम बंगाल के लोगों का नाम मतदाता सूची से काटवाना चाहती है ताकि वह राज्य विधान सभा चुनाव में बुरी हार से बच जाये। ममता बनर्जी.



भारत राज्यों का संघ है, भारत की एकता न सम रूपता की चाह रखती है, न बहुलता का महिमा मंडन, यूनियन जैसा ढीला शब्द रिश्ते परिभाषित करने की हमें आजादी देता है। योगेन्द्र यादव.



# मनुष्य की शक्तियां

**अंतर्दृष्टि**

जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

# अपनी छवि अपने पास रखो

**व्यंग्यलोक**

झूठ बोलने के मामले में पड़ोस के वर्मा जी की कला भी बहुत विशेष है। उनका बच्चा पांच वर्ष से मैट्रिक को लांघ नहीं पा रहा तथा प्रतिवर्ष अनुत्तीर्ण होने का गौरव प्राप्त करता है। परन्तु वर्मा जी उसे एम. ए. तक ले गये हैं। प्राइवेट परीक्षा दे रहा है। वे इससे बच्चे पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की चिंता नहीं करते। उन्हें अपने सम्मान तथा बच्चे की शादी में मिलने वाले दहेज की चिंता है। एक दिन मैंने उनसे मजाक में कहा-अमां, वर्मा जी, बच्चू को किसी ट्यूशन पर लगाओ। यह पंचवर्षीय योजना में भी कामयाब नहीं हो सका है। वर्मा जी ने हथियार डाल दिये-मैं बहुत शर्मिंदा हूँ। सच, इसने मुझे बहुत जलील किया है। आपसे क्या छिपाना? पढ़ाई में इसका तनिक भी ध्यान नहीं है। सिनेमा देखता है। बहुत ही अयोग्य व नालायक है। परन्तु करूं क्या? मैं सोचता हूँ, जमाना बैरी है। बंधु-बांधव एक-दूसरे की टांग खींचते हैं। शादी-विवाह नहीं होने देते। इसलिए झूठ का पाप करना पड़ता है। मैं बोला- झूठ क्यों बोलते हैं? कोई काम-धंधा शुरू करा दीजिए। काम करने लगेगा, तो पढ़ाई नहीं कर पाने का अभिशाप अपने आप धुल जायेगा। वे बोले- हां, अब यही सोच रहा हूँ। लेकिन कई बार परिस्थितियां झूठ बुलवाती हैं। वैसे झूठ बोलने वालों के श्रेणियों की कोई कमी नहीं है। एक झूठ बोलने वाले वे हैं, जो झूठ को पेशे के रूप में अपनाये हुए हैं। किसी भी कोर्ट-कचहरी का मामला हो, उन्हें किस्सा समझा दो। जो आप चाहेंगे वे वही बोलने लगेंगे। आंखों से देखा नहीं, कानों से सुना नहीं, और गीता, कुरान बाइबिल को हाथ लगाकर सारे झूठ को सत्य बना देंगे। चाहे किसी निर्दोष को जेल-जुर्माना या सजा ही क्यों न हो जाये। पन्नालाल जी का इस मामले में मुकाबला नहीं। एक बार मैंने उनसे कहा-पन्नालाल जी, छोड़िए भी अब! पान-बीड़ी-सिगरेट, चाय-नाश्ते में आप अपना ईमान बेच आते हैं। वे बोले- तो क्या करूं लाला, इस फटीचर ईमान का? खर्च निकल जाता है। पाप-पुण्य तो मैं जानता नहीं, परन्तु यह जरूर है कि झूठ बरोबर तप नहीं, सांच बरोबर पाप, जाके हृदय झूठ हैं, ताके हृदय आप, वाली बात चरितार्थ हो रही है। लेकिन आपकी छवि बड़ी धूमिल हो रही है इससे। आदमी को, अपने को कुछ बनाना भी चाहिए। मैंने कहा। पन्नालाल जी यह कह कर चले गये- अपनी छवि रखो अपने पास अच्छी नौकरी करते हो, दो नम्बर की कमाई आती है, इसलिए सत्यवादी हरिश्चन्द्र बनते हो। हमें सब पता है आप कितने पुण्य कर रहे हैं। दूसरे की रोजी-रोटी पर लात मारते आपको शर्म नहीं आती?



पूरन सरमा

....क्रमशः

# आज के बच्चे स्मार्ट, बनाते हैं सच लगने वाले बहाने



पैरेंटिंग

**नीलम अरोड़ा**

इसमें कोई दो राय नहीं है कि आजकल के छोटे बच्चे भी बहुत स्मार्ट हैं और ऐसे-ऐसे बिल्कुल सच लगने वाले बहाने बनाते हैं कि आप दंग रह जाएं। लेकिन जब कोई बच्चा बार बार स्कूल न जाने पर अड़ा हो और इसके लिए एक ही तर्क बार बार दे रहा हो, तो इसे उसका सिर्फ बहाना न समझें, इसे गंभीरता से लें। स्कूल न जाने की उसकी वजह वाजिब और गंभीर हो सकती है, कैसे? आइये इन तथ्यों से जानें।

**बच्चे भी हैं तनावग्रस्त**

सुनने में अटपटा लगता है, लेकिन सच्चाई यही है कि आज की लाइफ स्टाइल सिर्फ वयस्कों को ही तनावग्रस्त नहीं कर रही, छोटे बच्चे भी इस तेज रफ्तार जिंदगी से तनावग्रस्त हैं। एक पांच साल का बच्चा जब लगातार अपने पैरेंट्स से स्कूल न जाने की जिद कर रहा था, तो उसके पैरेंट्स उसे डॉक्टर के पास ले गए और पता चला कि इतनी कम उम्र का वह बच्चा, बेहद तनावग्रस्त था। आजकल छोटे बच्चे मानसिक तनाव के चलते न सिर्फ बेचैन रहते हैं बल्कि बीमार भी पड़ रहे हैं। उनके तनाव की कई वजहें हो सकती हैं, पर सबसे अहम वजह है उन्हें लेकर माता-पिता की अति महत्वाकांक्षा। आजकल माता-पिता अपने बच्चे को तभी कामयाब समझते हैं, जब वह 90$ नंबरों से पास होते हैं। अच्छे नंबर लाने के लिए बच्चे लगातार तनाव में रहते हैं। अगर बच्चा नंबर नहीं ला पाता तो मां-बाप की डांट फटकार से वह हीन भावना का शिकार हो जाता है और उसका खेलने-कूदने में कतई मन नहीं लगता। यही नहीं इससे ऐसे बच्चे इस कदर तनावग्रस्त हो जाते हैं कि घर से भागने और आत्महत्या करने तक की सोचने लगते हैं। अतः अच्छे नंबरों का बच्चों पर दबाव डालने से पहले मां-बाप कई बार सोचें।

**एडमिशन फोबिया**

आजकल जिस तरह अच्छे स्कूलों में एडमिशन मिलना मुश्किल हो गया है, उसके चलते छोटे बच्चों के मां-बाप तो तनाव में रहते ही हैं, खुद छोटे बच्चे भी अच्छे स्कूल में एडमिशन को लेकर तनावग्रस्त रहते हैं। यह अलग बात है कि उनके छोटे होने के कारण मां-बाप को एहसास ही नहीं होता कि उनकी तरह उनका छोटा बच्चा भी एडमिशन फोबिया से डरा हुआ है। दरअसल छोटे बच्चे को भी अस्वीकृत होने का बोध गहरे तनाव में डाल देता है। छोटे बच्चे इस वजह से इस प्रक्रिया में तनाव का शिकार हो जाते हैं, क्योंकि मां-बाप एडमिशन के काफी पहले से ही कहने लगते हैं, अच्छे से तैयारी करो वर्ना एडमिशन नहीं होगा। एक बात यह भी है कि एडमिशन के पहले दिन रात घर में एडमिशन की कठिनाईयों की जो चर्चा होती है, वह भी छोटे बच्चों को भयग्रस्त और तनावग्रस्त बनाती है।

**चिंतित करती है हकीकत**

कुछ साल पहले किये गये एक शोध में मुंबई के एक अस्पताल में साढ़े चार सौ बच्चे तनाव के कारण बीमार पाए गए थे। इसके लिए माता-पिता और स्कूल-कॉलेजों में उनके एडमिशन की डरावनी प्रक्रिया जिम्मेदार थी। साथ ही कक्षा में बच्चों की जरूरत से ज्यादा संख्या होना भी, उन्हें तनावग्रस्त बनाती थी। टीचर सभी बच्चों की ओर ध्यान नहीं दे पाती है, न ही ठीक से पढ़ा पाती हैं। यह स्थिति भी बच्चों को तनावग्रस्त करती है, क्योंकि उसे समझ में नहीं आता कि इस समस्या का निदान कैसे हो? कई बार बच्चे को स्कूल में छेड़ा जाता है या मारपीट हो जाती है, तो वह किसे बताए यह भी समस्या रहती है?

इसलिए स्कूल जाने से कतराने पर बच्चे को डांटने से पहले यह जानें-

- कि आखिर बच्चा स्कूल जाने से कतरा क्यों रहा है? अगर पूरी तरह से बात समझ में न आए तो एक बार उसके स्कूल की विजिट करके जानें की वजह क्या है?
- कि बच्चे की कहीं सचमुच तबीयत तो नहीं खराब। यह सोचकर उसे डॉक्टर को दिखाएं और स्कूल जाकर वहां उसकी गतिविधियों को जानें।
- कि कहीं आप उसे इग्नोर तो नहीं कर रहे। कामकाजी माता-पिता बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाते हैं। तब भी कई बार बच्चे बीमारी का बहाना बनाकर, उनका ध्यान अपनी ओर खींचते हैं, लेकिन इसे उनकी चालाकी न समझें बल्कि आपका साथ पाने की चाहत समझें।

## आपकी बात

### महिलाओं का स्वास्थ्य

उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अगर हम पीएम उज्ज्वला योजना की बात करें, तो इसकी भी खूब आलोचना हुई है। गैस देकर गरीबों को लूटने, उज्ज्वला गैस की रिफिलिंग कम होने, जैसी आलोचनाएं की गयीं, लेकिन इन बातों से हटकर अगर हम आजाद भारत में ऐसी योजनाओं की चर्चा करें जिसने देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे, स्वच्छता और महिला स्वास्थ्य की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन का काम किया है, तो उसमें उज्ज्वला योजना भी है। हालांकि पीएम जनधन, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन जैसी योजनाएं भी सामाजिक-आर्थिक बदलाव और महिलाओं के सशक्तीकरण का वाहक बनी हैं। हम महिला सशक्तीकरण के गीत दशकों से गाते रहे हैं, लेकिन एक दशक पहले राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी कौन सी बड़ी योजना थी जो महिलाओं के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन का वाहक बनी। लेकिन आज कई योजनाएं हैं और उसमें उज्ज्वला गैस योजना ने महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव किया है और सफल भी रही है। 1 मई 2016 से शुरू की गयी इस योजना ने अब तक 9.60 करोड़ घरों को स्वच्छ ईंधन से आच्छादित किया है। अगर एक परिवार से चार-पांच सदस्य ही लाभान्वित हों, तो सीधे-सीधे करीब 50 करोड़ लोगों को इससे लाभ हुआ है। 9.60 करोड़ घरों में उन महिलाओं की ताकत उज्ज्वला गैस बनी है जो लकड़ी, उपले या मिट्टी के तेल से खाना बनाती थीं। इससे उनको खाना बनने में अधिक समय लगता था, धुएं से स्वास्थ्य प्रभावित होता था और ऐसे समय जब वर्षा आदि के कारण जलावन में नमी आ जाती थी, तो चूल्हा जलाने में महिलाओं को इतनी फूंक मारनी पड़ती थी कि उनके सीने और मुंह में दर्द होने लगता था। अगर हम यह मान भी लें कि बहुत से घरों में उज्ज्वला गैस एक-दो बार ही भरायी जाती है, तो भी इससे बहुत मदद मिली। जलावन भीगने पर, वर्षा के दिनों में या सूखा जलावन न होने पर ही अगर गैस का प्रयोग हुआ, तो इससे भी महिलाओं को खाना बनाने में मदद मिली। बच्चों को जल्दी स्कूल भेजने में मदद मिली, स्वच्छ गैस से स्वास्थ्य बचाने में मदद मिली। उज्ज्वला गैस महिलाओं का संभल बनी है। इसीलिए केन्द्र सरकार ने 75 लाख और लाभार्थियों को जोड़ने का फैसला किया है।

**विकास श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### सड़कों की दुर्दशा

हर बरसात के बाद सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने का शुरू हो सके। यह दरअसल विकास में नियोजन की कमी का परिणाम है। अगर पहले से यह अनुमान लगा लिया जाये ताकि जो सड़क बनायी जायेगी वहां उसके नीचे से सीवर भी बनना है, अंडरग्राउण्ड बिजली की लाइन जाने है, कम्युनिकेशन केबल बिछाना है, जैसी चीजों का पहले से ही अनुमान लगाकर नियोजन कर लिया जाये तो एक तरफ सड़कें बनने के बद ही दूसरी तरफ उसकी खोदाई न हो। सिर्फ विकास के लिए सड़कों सड़कों को नहीं खोदा जाता है बल्कि कई बार स्वागत द्वार बनाने, टेंट लगाने, होर्डिंग के लिए भी खोदाई होती है। इसतरह की खुदाई पर रोक लगाने के साथ ही सड़कों निर्माण में मैटेरियल का सही उपयोग होना चाहिए ताकि सड़कें टिकाऊ हों।

**मनोज कुमार सिंह, बाराबंकी.**

संक्षेप

## ऑनलाइन ई-कॉमर्स पर नियंत्रण की मांग

अयोध्या। छोटे और फुटकर व्यापारियों के हितों की रक्षा को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन अवधेश प्रसाद के अयोध्या स्थित आवास पर उनके प्रतिनिधि को दिया गया। जिला अध्यक्ष कवींद्र साहनी के नेतृत्व में पहुंचे व्यापारियों ने ऑनलाइन ई-कॉमर्स के अनियंत्रित विस्तार पर सख्त कानून बनाने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि ऑनलाइन व्यापार के असंतुलित विस्तार से देश के छोटे और मध्यम व्यापारियों का कारोबार गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। वर्षों से स्थानीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहे दुकानदार आज अस्तित्व के संकट से जूझ रहे हैं। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने तर्क दिया कि असमान प्रतिस्पर्धा, भारी डिस्काउंटिंग और मजबूत लॉजिस्टिक नेटवर्क के कारण पारंपरिक बाजारों की बिक्री में लगातार गिरावट आ रही है।

उनका कहना है कि ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए स्पष्ट और कड़े नियमन की आवश्यकता है, ताकि कर ढांचे में समानता सुनिश्चित हो सके और स्थानीय व्यापारियों को प्रतिस्पर्धी अवसर मिल सकें।

# होली और रमजान को लेकर शांति कमेटी की हुई बैठक



गोसाईंगंज-अयोध्या। आगामी पर्व होली व रमजान को सकुशल निपटाने के लिए गोसाईंगंज कोतवाली परिसर में शांति कमेटी की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता एसपीआरए बलवंत चैधरी ने किया।बैठक में एसडीएम सदर रामप्रसाद त्रिपाठी व सीओ सदर अरविंद सोनकर की भी मौजूदगी रही।बैठक को सम्बोधित करते हुए एसपीआरए ने कहाकि गोसाईंगंज कस्बे की जो पुरानी परंपरा रही है हम उम्मीद करते है कि वह आज भी कायम रहेगी। होली हंसी खुशी का पर्व है परन्तु कुछ अराजकतत्व माहौल बिगाड़ने का काम करते है।सभी टोलियों से आग्रह है कि होलिकादहन स्थल की निगरानी रखते हुए आसपास सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए जिससे उनकी पहचान हो सके और उनपर कड़ी कार्यवाही हो। डीजे पर कोई अश्लील गाने नही बजेंगे। ऐसा कोई कार्य नही होगा जो विवाद की स्थित पैदा करे।हमे अपनी पुरानी परंपरा को जीवंत करना है।एसडीएम सदर ने कहाकि होली पर शराब का सेवन करके बाइक ना चलाये। कंही कोई विवाद की स्थित हो तो तुरंत सूचना दे,जिससे समय रहते उस पर अंकुश लगाया जा सके। सीओ सदर ने कहाकि होली के साथ रमजान भी चल रहा है।दूसरे धर्म के लोगो की भावनाओ का भी सम्मान करना है।किसी को जबरन रंग ना लगाया जाए।होलिकादहन के समय स्थल पर बालू,पानी आदि की ब्यवस्था रहे जिससे कोई भी दुर्घटना होने पर तत्काल काबू पाया जा सके। एसओ शारदेन्दु दुबे ने कहाकि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान नही देना है। अफवाह फैलाने व अराजकतत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। किसी ने भी माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।उक्त अवसर पर देवीप्रसाद,रामजी मौर्य, इकबाल हुसैन,अहमद कुरैशी,प्रशांत गुप्ता,कल्लू कुरैशी,प्रवीण कुमार, सुभाष जायसवाल,एसएसआई वीरेंद्र राय, एसआई आशुतोष गुप्ता,देवेंद्र चौधरी,राजकुमार यादव,सभाजीत,कमलेश,सिपाही अनुराग,यशवंत,रोहित शर्मा, रविन्द्र यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक संपन्न

अयोध्या। अपर जिलाधिकारी (नगर) योगानंद पांडेय की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।बैठक में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों के कल्याण, पुनर्वास तथा विभिन्न लंबित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में जनपद के अमर शहीद देवेश सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयीं। बैठक के दौरान सैनिकों से संबंधित पेंशन प्रकरण, चिकित्सा सुविधा, रोजगार, भूमि आवंटन, पारिवारिक पेंशन, आश्रितों की नियुक्ति एवं अन्य समस्याओं की समीक्षा की गई।



अपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए तथा अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने कहा कि देश की सेवा करने वाले सैनिकों और उनके परिवारों का सम्मान एवं कल्याण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पूर्व सैनिकों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित किया जाए। बैठक में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव कुमार ने उपस्थिति लोगों से कहा कि जिन भी भूतपूर्व एवं सेवारत सैनिकों के सर्विस बुक में किसी भी प्रकार की त्रुटि हो उसे समय से ठीक करा ले जिससे उन्हें सेवाओ एवं सरकारी योजनाओं का लाभ समय से मिल सके।बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डॉ. किरण सिंह को भारत गौरव उपाधि देकर किया गया सम्मानित



बाराबंकी। अखिल भारतीय काव्य मंच छनद शाला विद्यापीठ के वार्षिकोत्सव पर विश्रुत ऐतिहासिक एवं पौराणिक नगर गयाजी मे आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय रंगारंग कवि-सम्मेलन, पुस्तक लोकार्पण व अलंकरण समारोह मे बाराबंकी डाक अधीक्षक डा0 किरण सिंह को भारत गौरव उपाधि, अंगवस्त्र, सुदर्शन प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल कुमार झा, डॉ0 राम सिंहासन सिंह एंव संचालन डॉ0 ऋचा वर्मा, डॉ0 अभिलाषा सिंह ने किया।कार्यक्रम मे विभिन्न प्रांतो से आये कवि, कवयित्रियों ने अपनी-अपनी कविताओं व गीतों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर डॉ0 ओमप्रकाश वर्मा, अंशुमान झा, डॉ0 संजय पंकज, डॉ0 प्रो0 सुधा सिन्हा, बींदकंद सिंह मौजूद रहे।

## गौशाला में मृत गायों को ट्रैक्टर से खींचने का वीडियो वायरल, एसडीएम ने दिये जांच के आदेश



रामसनेहीघाट, बाराबंकी।विकास खंड पूरेडलई स्थित चांदामऊ गौशाला मे मृत गायों को ट्रैक्टर से घसीटने का वीडियो सोशल मीड़िया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ग्रामीणों राम प्रकाश, राम उदित, राम प्रताप, कर्मवीर यादव ने बताया कि गौशाला में गायों की स्थिति चिंताजनक है। कई गौवंश भूख और प्यास से तड़पकर मर गये। मृत गौवंश को ट्रैक्टर से घसीटकर ले जाया जाता है। और फिर बाहर गड्ढे खोदकर फेंक दिया जाता है। ग्रामीणों ने इस पूरी घटना का वीडियो बनाते हुये अव्यवस्थाओं की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की। रामसनेहीघाट उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए। जिसके बाद नायब तहसीलदार सुधाकर पांडेय ने मौके पर पहुंच गौशाला का निरीक्षण किया है। खंड विकास अधिकारी पूरेडलई शिवजीत सिंह ने बताया कि गौशाला के बाहर मृत जानवरों को डिस्पोज करते हैं।

## लोक अदालत 14 मार्च की सफलता के लिए जनपद न्यायाधीश ने की समीक्षा बैठक



बाराबंकी। राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च, 2026 को सफल बनाए जाने को लेकर जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव ने न्यायिक अधिकारियो, नोडल अधिकारी बैंक व फाइनेन्स कम्पनी, अतिरिक्त विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारी के साथ आवश्यक बैठक की। बैठक मे जनपद न्यायाधीश ने निर्देश देते हुये कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम जनता को सुलभ, सस्ता एवं त्वरित न्याय दिलाने का सशक्त माध्यम है। इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी गंभीरता से प्रयास करें और राष्ट्रीय लोक अदालतों का लाभ जमीनी स्तर पर गरीब, वंचितों को दिलाने का प्रयास करें। पुलिस विभाग को लोक अदालत में निस्तारण हेतु लंबित मामलों से संबंधित नोटिसों एवं सम्मनों के तामीला का कार्य शत-प्रतिशत सुनिश्चित करे। अपर जिला जज व नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने पिछली राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित वादों एवं आगामी लोक अदालत हेतु चिन्हित वादों का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करते हुये पिछली लोक अदालत के अधिक मामलों को इस लोक अदालत में निस्तारित करने के लिए प्रेरित किया। बैठक मे सिविज जज सी0डि0 व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शिवानी रावत, अपर जिलाधिकारी राज कुमार सिंह यादव, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी, सहित बैंक व फाइनेन्स अधिकारी मौजूद रहे।

## भारतीय स्टेट बैंक के बीसी संचालक पर जानलेवा हमला, हमलावर फरार



कैसरगंज। जनपद बहराइच के थाना क्षेत्र कैसरगंज के ग्राम वैराकाजी के मशहूर प्रकरण कब्रिस्तान के अवैध क ब्जे को हटाए जाने के लिए लेकर अंततः दबंगों ने शासन की सुरक्षा नीतियों को धता बताते हुए कब्रिस्तान के वादियो को जानलेवा हमला कर जान से मारने की कोशिश की।

सूत्रों की अनुसार रमजान के महीने में रोजाना की तरह अपने साथियों के साथ तराबी पढ़ कर कब्रिस्तान के कब्जे के मुख्यवादी समाल अहमद अपने साथियों के साथ अपने घर को वापस आ रहे थे। समाल पर हमला होते ही तराबी पढ़कर लौट रहे प्रत्यक्षदर्शी साथी समाल की जान बचाने दौड़े अफजल पुत्र अली अहमद के अनुसार रफी पुत्र खलील अहमद, सईद पुत्र मुकीम, इरफान पुत्र सिद्दीक वह लगभग एक दर्जन से अधिक लामबंद लोगों ने अचानक से समाल पर घेर कर हमला कर दिया, जिनमें कुछ लोग रिवाल्वर लगाए हुए थे, समाल को घायल अवस्था में देखकर उन्हें बचाने दौड़े अफजल पर भी हमलावरों ने लात घुसो व डंडों की बौछार कर दी जहां पर अफजल बेहोश होकर गिर गए। इसके बाद अन्य तराबीदारों के वहां पहुंचने पर हमलावर वहां से भाग निकले। अपने पूरे प्रयास में उन्होंने समाल को जान से करने में कोई कोर कसर नहीं लगाई।

# माझा बरहटा में पुराने आवास गिराये जाने का विरोध



- विस्थापन/पुनर्वास योजना तैयार कर प्रभावित परिवार को वैकल्पिक आवास व समुचित मुआवजा दिये जाने की मांग
- भाकियू अराजनैतिक ने वार्डवासियों के साथ सौंपा ज्ञापन

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या के माझा बरहटा बड़ी मुजहानियां में पुराने आवास को गिराए जाने के विरोध में वार्डवासियों के साथ भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष अरविंद यादव व पार्षद कृष्णा गोपाल यादव ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर विरोध जताया है। अयोध्या धाम के वार्ड रामचंद्र दास परमहंस वार्ड, माझा बरहटा बड़ी मुजहानियां में निवासी देशराज यादव पुत्र महादेव यादव के कई वर्षों पुराने आवास को उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद (खंड-1) द्वारा गिराए जाने की कार्यवाही के विरोध में गुरूवार को वार्ड के समस्त नागरिकों ने एकत्र होकर विरोध दर्ज कराया। वार्डवासियों का कहना है कि उक्त आवास लंबे समय से आबाद है और परिवार वहीं निवासरत है। परिषद की घोषित योजना एवं सार्वजनिक आश्वासन के अनुसार योजना लागू होने से पूर्व निर्मित पुराने मकानों एवं धार्मिक स्थलों व विशेष रूप से भगवान तथागत गौतम बुद्ध से संबंधित विहार/स्थलों को बिना वैकल्पिक व्यवस्था के न हटाने की बात कही गई थी। इसके बावजूद बिना किसी समुचित पुनर्वास अथवा विस्थापन योजना के मकान गिराने की कार्रवाई की जा रही है, जिसे वार्डवासियों ने अन्यायपूर्ण एवं अमानवीय बताया। वार्डवासियों ने बताया कि अब तक प्रभावित परिवार को न तो कोई लिखित पुनर्वास प्रस्ताव दिया गया है और न ही वैकल्पिक आवास या मुआवजे की स्पष्ट योजना प्रस्तुत की गई है। इससे परिवार के सामने बेघर होने की स्थिति उत्पन्न हो गई है। पार्षद कृष्ण गोपाल यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने आवास विकास परिषद के अधिकारी अजीत मौर्य को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मांगे रखी गयी है। ज्ञापन में कहा गया है कि देशराज यादव के आवास को गिराने की कार्यवाही तत्काल प्रभाव से रोकी जाए। विधिवत विस्थापन/पुनर्वास योजना तैयार कर प्रभावित परिवार को वैकल्पिक आवास या समुचित मुआवजा प्रदान किया जाए। योजना के प्रारंभ से पूर्व निर्मित सभी पुराने मकानों एवं धार्मिक स्थलों को सुरक्षित रखा जाए। प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर नियमों की अनदेखी पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान अरविंद यादव, वीरेंद्र यादव, रामजतन यादव, भोला यादव, संजय, बृजेश चैधरी, राम शंकर, अनिल यादव, हीरालाल, रामनाथ, देशराज यादव, मनीराम, राकेश, सत्रोहन, बजरंगी राम, धीरज, अमरजीत, भोंदू श्री कृष्ण सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## होली पर 3- 4 मार्च को बंद रहेंगी आबकारी की दुकानें

बहराइच । आबकारी अधिनियम 1910 की धारा-59 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला मजिस्ट्रेट अक्षय त्रिपाठी द्वारा होली के त्यौहार के अवसर पर त्योहार की संवेदनशीलता के दृष्टिगत मादक पदार्थों के सेवन को रोकने हेतु 03 मार्च की रात्रि 10:00 बजे से 04 मार्च 2026 को सांय 05:00 बजे तक आबकारी दुकानों के मादक पदार्थों की बिक्री को पूर्णतया बन्द रखने का आदेश दिया गया है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार आबकारी की समस्त थोक एवं फुटकर अनुज्ञापनों (देशी शराब, कम्पोजिट शाप, भांग, सीएल-2, एफएल-2, एफएल-2बी, एफएल-16/17, एफएल-41, एफएल-49, एफएल-9/9ए) आदि को होलिकोत्सव पर्व पर 03 मार्च की रात्रि 10:00 बजे से 04 मार्च 2026 को सांय 05:00 बजे तक आबकारी दुकानों के मादक पदार्थों की बिक्री को पूर्णतया बन्द रखने का आदेश दिया गया है। बन्दी हेतु किसी भी अनुज्ञापी को कोई अतिरिक्त प्रतिफल अथवा प्रतिपूर्ति देय नहीं होगा। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

# शराब तस्करों पर आबकारी विभाग ने की सर्जिकल स्ट्राइक



**धधकती मिली अवैध भट्ठियों को किया गया नष्ट, 3 गिरफ्तार, 1 भेजा गया जेल**

बाराबंकी। धधकती भट्टियो पर तैयार कर अवैध ठिकानो पर परोसी जाने वाली कच्ची शराब को आबकारी विभाग की आपरेशन क्लीन मुहिम ने बरामद करते हुये भट्टियो को भी नष्ट किया है। विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत हाई अलर्ट मोड पर चल रहे विभाग ने शराब के अवैध तस्करो के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक की है। लगातार विभाग द्वारा अलग-अलग सर्किलो मे की जा रही छापेमारी से जंहा एक तरफ शराब तस्करो मे भय का माहौल साफ देखने को मिल रहा है। तो वही दूसरी तरफ आज बृहस्पतिवार को जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के नेतृत्व मे आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट लक्ष्मीचन्द्र पाल की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से थाना टिकैतनगर अन्तर्गत ग्राम खेतासराय, इरशाद नगर, अकबरपुर, आल्हनमऊ सहित 22 संदिग्ध ठिकानो पर छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान लगभग 45 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया गया। 3 आरोपियो को गिरफ्तार करते हुये 1 अभियुक्त को जेल भेजा गया। मौके पर तैयार 150 किलोग्राम लहन को नष्ट करते हुये शराब बनाने वाली भट्ठी को भी तोड़ा गया। दंबिश देने वाली टीम में प्रधान आबकारी सिपाही दीप नारायण वर्मा, अनिल कुमार मौर्या, आबकारी सिपाही विशाल सिंह, महिला सिपाही माधुरी तिवारी आदि मौजूद रहे।



# शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर दिया धरना




अयोध्या ।टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ,उ प्र जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ एवं उ प्र महिला शिक्षक संघ ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय परिसर में धरना दिया। ह्लटेट का काला कानून वापस लोह्ल,ह्लशिक्षक एकता जिंदाबादह्ल का नारा लगाते हुए शिक्षकों का हुजूम एकत्र हुआ जहां धरना सभा में तब्दील हो गया। बड़ी संख्या महिला शिक्षकों की भागीदारी देखी गई। सभा की अध्यक्षता प्रांतीय ऑडिटर और जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी तथा संचालन संचालन जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने किया। सभा के पश्चात जिलाधिकारी कार्यालय की ओर शिक्षकों ने मार्च किया। सिटी मजिस्ट्रेट ने जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रुप में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। प्रांतीय ऑडिटर एवं जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि आरटीई अधिनियम लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने निर्णय अव्यवहारिक है। भारत सरकार टेट की अनिवार्यता को समाप्त करने हेतु प्रभावी कदम उठाया जाना चाहिए। जिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह ने कहा खेल शुरू होने के बाद नियम नहीं बदला जाता, सेवारत शिक्षक वांछित सभी सेवा सेवा शर्तों को पूरा नियुक्ति पाया है। लम्बे अरसे से शिक्षण कार्य के अनुभव को नकार कर टेट की परीक्षा की विवशता अपमानजनक है,इसे समाप्त किया जाना चाहिए।जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी ने कहा कि प्राशिसं के उच्चतम न्यायालय के टेट अनिवार्यता के फैसले से लाखों शिक्षकों का भविष्य अंधकारमय हो रहा।

जनकल्याणकारी सरकार को शिक्षकों के कल्याण हेतु यह काला कानून वापस लिया जाना चाहिए। महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष मनोरमा साहू सेवारत शिक्षकों हेतु टेट अनिवार्यता को अमानवीय बताते हुए इसकी बाध्यता समाप्त किए जाने की मांग दोहराई। सभा को वीरेंद्र भारती,चंद्रप्रकाश यादव,नीलम मंध्यान, गोपाल श्रीवास्तव, चन्दा वर्मा,सुषमा गुप्ता, हेमंत शुक्ला ने भी संबोधित किया।

सभा में धर्मेंद्र सिंह,अनुज सिंह, सत्येंद्र गुप्ता, महेंद्र यादव, सिकंदर सिंह, अनिल सिंह, संतोष यादव, मुकेश प्रताप सिंह,अजय सिंह, अविनाश पांडे,मो. आरिफ,मो तारिक,रजनीरंजन जायसवाल, अर्चना गोस्वामी,संजय सिंह, सत्येंद्र पाल सिंह,समीर सिंह, उद्धव श्याम तिवारी, भगवती यादव, रवींद्र वर्मा, प्रवेश प्रताप सिंह,संचराजरामजी गुप्ता,सरवरे आलमयादव, कृष्ण कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

## परिवार परामर्श केंद्र ने करायी दो परिवारों में सुलह



बहराइच। सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित ह्यपरिवार परामर्श केन्द्रह्न द्वारा आपसी परिवारिक विवाद को समाप्त कराकर 02 परिवारों में सुलह कराते हुए परिवारों को टूटने से बचाया बहराइच आवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी

## ईवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण




बहराइच ।भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर में स्थित इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण कर ईवीएम की सुरक्षा इत्यादि का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सी.सी.टी.वी. कैमरे क्रियाशील पाये गये तथा वेयर हाउस भवन मानक के अनुसार फायर एक्सटिंग्यूशर स्थापित पाये गये। इस अवसर पर सहायक अभियन्ता जल निगम आलोक व अवर अभि. संदीप कुमार जायसवाल तथा निर्वाचन कार्यालय से योगेश गंगवार मौजूद रहे।

## जिला पंचायत की बैठक 28 फरवरी को

बहराइच ।अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत डॉ. वीरेन्द्र बहादुर ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह की अध्यक्षता में 28 फरवरी 2026 को अपरान्ह 12:30 बजे से विकास भवन सभागार में जिला पंचायत की बैठक आहूत की गयी है। अपर मुख्य अधिकारी डॉ. बहादुर ने समस्त मा. सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य, क्षेत्र पंचायत प्रमुख व जिला पंचायत सदस्य तथा सभी सम्बन्धित अधिकारियों से निर्धारित तिथि व समय पर बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

# एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत राज्य स्तरीय कृषक गोष्ठी

जिला संवाददाता




बहराइच । एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एम.आई.डी.एच.) योजनान्तर्गत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर कृषि भवन परिसर, बहराइच में राज्य स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप कृषि निदेशक विनय वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चैधरी, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. सौरभ वर्मा, एसडीओ कैसरगंज डॉ. शिशिर वर्मा, कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच के कृषि वैज्ञानिकों डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. अरूण कुमार राजभर, व अन्य अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा प्रगतिशील कृषकों के साथ फीता काटकर कृषक गोष्ठी का उदघाटन किया तथा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा अन्य अतिथियों च अधिकारियों के साथ विभिान्न विभागों द्वारा लगाये स्टालों का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। मुख्य अतिथि विधायक श्री वर्मा ने जिले के कृषकों का आहवान किया कि उद्यान विभाग एवं कृषि विभाग के संयुक्त प्रयास से एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन तकनीक का लाभ प्राप्त कर विष मुक्त सब्जी एवं अन्य औद्योनिक फसलों का उत्पादन कर बेहतर से बेहतर मूल्य प्राप्त करें। श्री वर्मा ने कहा कि विष मुक्त खेती से उत्पादित सब्जी, फल व अनाज पूरी तरह से मानव जीवन के लिए उपयोगी हैं। उप कृषि निदेशक च जिला उद्यान अधिकारी द्वारा भी कृषकों को एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन तकनीक के बारे में जानकारी देते हुए कम लागत पर गुणवत्तायुक्त एवं जहर मुक्त उत्पादन प्राप्त कर अपने जीवन स्तर में सुधार लायें। कृषि वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह एवं डॉ. अरून कुमार राजभर वैज्ञानिक द्वारा फल, फूल, शाकभाजी एवं मसाला फसलों के उत्पादन, विपणन, संरक्षण एवं रोग व्याधि की रोकथाम के बारे में तकनीकी जानकारी प्रदान की गई।

योजना प्रभारी पंकज वर्मा द्वारा उद्यान विभाग अन्तर्गत संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत के बारे में जानकारी दी गई तथा निदेशालय द्वारा नामित बीज उत्पादक कम्पनियों से कृषि निवेश मेला में कृषकों को मिनी बीज किट का वितरण कराया गया। सीडीओ श्री चन्द्र ने मौजूद कृषकों को एकीकृत बागवानी विकास योजनान्तर्गत औद्यानिक फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि औद्यानिक खेती के माध्यम से आकांक्षी जनपद के किसान आसानी के साथ अपनी आय को दोगुना कर सकते हैं।

सीडीओ श्री चन्द्र ने किसानों का आहवान किया कि औद्यानिक खेती के साथ-साथ उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से जुड़कर लघु उद्योग की स्थापना कर परिवार, गांव व जनपद को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम के अन्त में जनपद के उत्कृष्ट कृषकों एवं लघु उद्योग से जुड़े हुए 13 लोगों को प्रशस्ति पत्र एवं अंग वशाल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सदभावना संस्था के प्रमुख योगेन्द्र मणि त्रिपाठी, पदों के कृषि एवं एलायड विभाग से सम्बन्धित अधिकारी, कड़ी संख्या में कृषकगण मौजूद रहे।

## एसपी ने सुनी जनसमस्याएं



बहराइच। पुलिस अधीक्षक द्वारा "जनता दर्शन" में आये फरियादियों की समस्याओं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया।

संक्षेप

## सड़क हादसा में पति की मौत, पत्नी घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** बछरावां-महराजगंज मार्ग पर असनी चौराहे के पास गुरुवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक ने आगे जा रहे बुजुर्ग दंपति की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल है।हरचंदपुर थाना क्षेत्र के बाला प्यारेपुर निवासी गंगाराम 67वर्ष और उनकी पत्नी आशा 61वर्ष अपने बेटे की ससुराल ग्राम बसकटा से एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे असनी चौराहे के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस द्वारा दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने पत्नी आशा को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंगाराम का उपचार जारी है। सूचना पर सीएचसी परिजनों में चीख-पुकार मच गई है। वहीं गांव में सन्नाटा पसर गया है। बछरावां थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया शव को कब्जे में लिया गया है। पोस्टमार्टम कराया जाएगा। छानबीन की जा रही है।

## तेज रफ्तार बोलेरो गहरे नहर में गिरी चालक फरार

**नसीराबाद, रायबरेली।** बीती रात करीब 12 बजे एक तेज रफ्तार बोलेरो गहरे नहर में गिरी जिसके पुर्जे छतिग्रस्त हो गए सभी घायलों को छोड़कर चालक मौके से फरार हो गया। बताया जाता है कि बोलेरो के अन्दर बैठे कई लोग घायल हो गए। सभी घायलों का असैदपुर अमेठी अस्पताल में इलाज चल रहा है जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे लोगों द्वारा सभी घायलों को बोलोरो से बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। नसीराबाद थाना क्षेत्र के परैया नमस्कार निवासी श्याम लाल कश्यप के यहां 25 फरवरी की रात बिटिया की शादी थी जिसमें टिकरा बैजनाथ मुसाफिरखाना जनपद अमेठी से भरात आई रस्मों रिवाज और खाना-पीना के बाद रात करीब 12 बजे कुछ बराती फोर व्हीलर से घर के लिए वापस हो रहे थे। छतोह गांधी नगर राजमार्ग जैसे ही पूरे मदारी मजरे डीघा डबल पुल पर यूपी 32 एफ यू 2121 बोलोरो पहुंची। तो सीधे गहरे नहर में जा गिरी गालीमत रही की कोई बड़ा हादिसा नहीं हुई लेकिन बोलोरो में बैटे सभी को चोटे आई। घटना होते ही ड्राइवर मौके से फरार हो गया जानकारी होने पर मौके पर कई लोग पहुंचे और सभी को बाहर निकाला और अमेठी असैदपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है।

## डॉक्टर हत्याकांड में बहस जारी

सुलतानपुर। चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड के चर्चित मामले में बहस जारी है। गुरुवार को बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा व वादी मुकदमा निशा तिवारी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बहस की। एडीजे प्रथम संध्या चौधरी ने शेष बहस के लिए शुक्रवार की तिथि तय की है। कोर्ट में सुनवाई के समय चिकित्सक की पत्नी निशा तिवारी भी कड़ी सुरक्षा के साथ कोर्ट में हाजिर रही। 23 सितंबर 2023 को डॉ. घनश्याम तिवारी की पीट पीटकर हत्या कर दी गई थी। मामले में नरायनपुर गांव के अजय नारायण सिंह व मायंग गांव के दीपक सिंह के खिलाफ कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

# भगवान शिव की कृपा से ही क्षेत्र में खुशहाली : अदिति सिंह



**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह सदर विधान सभा क्षेत्र के इन्दिरा नगर स्थित भगवान महाकाल मंदिर की 24वीं स्थापना वर्षगांठ पर ॐ श्री महाकालेश्वर मंदिर सेवा समिति द्वारा आयोजित विशाल भंडारे एवं नगर भोज कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। विशाल भंडारे में विधायक ने कहा कि भगवान शिव की कृपा से ही हमारे क्षेत्र में खुशहाली व उनकी कृपा हम सभी लोगों पर बनी हुई। उन्होने क्षेत्र के विकास के लिए एवं सुरक्षा समृद्धि के लिए भगवान शिव से कामना की। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों नागरिक मौजूद रहे विशाल भंडारे का आयोजन राजेंद्र सिंह समाज सेवी पत्रकार द्वारा संयोजन में किया गया। उन्होंने इस अवसर पर महाकाल के दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा प्रसाद ग्रहण किया। यह आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक समरसता से परिपूर्ण क्षण अत्यंत अविस्मरणीय रहा।

**सदर विधायक ने लोधवारी नहर पटरी से पूरे चौहानन भितरी संपर्क मार्ग का किया शिलान्यास :** सदर विधायक अदिति सिंह ने क्षेत्र में विकास कार्यों की झड़ी लगायी है जिसमें लगातार क्षेत्र में करोड़ों की परियोजनाओं का शिलान्यास तथा उद्घाटन किया जा रहा है। क्षेत्र की जनता में बढ़ते विश्वास एवं है उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए सदर विधायक ने सरकार का पिटारा खोल दिया है। सदर क्षेत्र के ग्राम सभाओं में समस्याओं के समाधान के साथ ही विकास की योजनाओं को फलीभूत किया जा रहा है। वहीं विधायक ने सदर विधान सभा क्षेत्र में लोधवारी नहर पटरी से पूरे चौहानन भितरी संपर्क मार्ग का शिलान्यास किया। यह मार्ग क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता को पूरा करेगा और आवागमन को सरल, सुरक्षित व सुगम बनाएगा। जनता के विश्वास और सहयोग से ही क्षेत्रीय विकास के ऐसे कार्य संभव हो पाते हैं। उन्होंने कहा हमारा संकल्प है हर गाँव, हर मार्ग और हर परिवार तक विकास की रोशनी पहुँचाना ही हमारा उद्देश्य है।

## युवक की हादसे में मौत, साथी घायल

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** गोसाईगंज थानाक्षेत्र में बुधवार रात एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है।

कोतवाली देहात क्षेत्र के पूरेबाघराय निवासी अखिलेश मिश्र (28) बुधवार रात अपने मित्र भरथीपुर निवासी अजय उर्फ अंकुर तिवारी के साथ बाइक से शंकरगढ़ केवटहिया जा रहे थे। वहां उनके चचेरे भाई की ससुराल में मांगलिक कार्यक्रम आयोजित था। दोनों युवक कटका मायंग मार्ग पर रात करीब दस बजे महिलो आशापुर मुरली का पुरवा गांव के पास पहुँचे थे कि उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद अखिलेश मिश्र को मृत घोषित कर दिया, जबकि अजय उर्फ अंकुर तिवारी का प्राथमिक उपचार कर डिस्चार्ज कर दिया। अखिलेश की मौत से पिता उमाकांत, भाई विनय समेत अन्य परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दो भाइयों में अखिलेश छोटा था और अभी पढ़ाई कर रहा था। चौकी इंचार्ज अशोक कुमार ने बताया कि शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया था। परिजन पोस्टमार्टम करवाने से मना कर रहे थे। वही परिजनों ने युवक का गुरुवार दोपहर धोपाप घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।

## टायर बदलते समय हादसा, ट्रक चालक ने गंवायी जान

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** गोसाईगंज थानाक्षेत्र के महादेवपुर निवासी ट्रक चालक की सूरत में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बुधवार शाम जब शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। गुरुवार को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। थाना क्षेत्र के महादेवपुर निवासी भैयाराम वर्मा (38) गुजरात के सूरत शहर में ट्रक चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। सोमवार रात वह दुमास थाना क्षेत्र के तापी पुल के पास पहुंचे थे। इसी दौरान ट्रक का पिछला टायर पंचर हो गया। वह सड़क किनारे ट्रक खड़ा कर पंचर ठीक कर रहे थे, तभी रात करीब साढ़े ग्यारह बजे पीछे से आ रहे एक बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में भैयाराम गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन बुधवार देर शाम शव लेकर गांव पहुंचे। शव घर पहुंचते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। भैयाराम तीन भाइयों में सबसे बड़े थे।

## गोवा आध्यात्मिक महोत्सव में शंभू पंच अग्नि अखाड़ा के स्थानापति आमंत्रित



**बछरावां, रायबरेली।** बछरावां विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत श्रीकंजेश्वर धाम के पीठाधीश्वर एवं श्री शंभू पंच अग्नि अखाड़ा उज्जैन के स्थानापति पूज्यपाद विचित्रानंद जी को गोवा आध्यात्मिक महोत्सव 2026 में गोवा के मुख्यमंत्री द्वारा आमंत्रित किया गया। यह क्षेत्र का ही नहीं अपितु रायबरेली जनपद का गौरव है जो संत समाज, सांस्कृतिक चेतना में अग्रणी भूमिका निभाने वाले एवं हिंदुत्व की अलख जगाने वाले अपने प्रदेश में ही नहीं अपितु अन्य प्रांतों में भी जाने जाते हैं। गोवा का यह आध्यात्मिक महोत्सव भक्ति परंपरा और एकता का जश्न मनाने के उद्देश्य से किया गया है। इस कार्यक्रम की आध्यात्मिकता की अहम भूमिका निभा रहे लंदन के परम पूज्य राजराजेश्वर महाराज के द्वारा किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस आयोजन के दौरान सामूहिक योग, ध्यान सत्र, धार्मिक अनुष्ठान, शांति एकता और आंतरिक कल्याण पर बल देने वाली भक्ति की सभाएं आयोजित की गई। इस आयोजन में केंद्रीय मंत्रिमंडल भी शामिल रहा जिससे इस आयोजन को राजनीतिक एवं राष्ट्रीय महत्व प्राप्त हुआ। अंततः गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सामूहिक सम्मान के उपरांत भी स्वामी जी को एक विशेष सम्मान हेतु अपने आवास ले जाकर अपने परिजनों से भी मुलाकात कराई एवं सम्मानित कराने का काम किया।

## रामलीला मैदान की बदलेगी सूरत विधायक ने दिया आश्वासन

**परसदेपुर, रायबरेली।** परशदेपुर रामलीला समिति के सदस्यों ने बुधवार को सलोन विधायक अशोक कुमार से मुलाकात कर रामलीला मैदान की चारदीवारी व रंगमंच के निर्माण के लिए ज्ञापन सौंपा। रामलीला समिति के अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा ने बताया कि रामलीला मैदान में चारदीवारी न होने के कारण दशहरा सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में अव्यवस्था तथा सुरक्षा संबंधी समस्याएं बनी रहती हैं। कार्यक्रम के दौरान अव्यवस्था के कारण भीड़ को नियंत्रित करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है वहीं आवारा पशुओं के प्रवेश से भी कार्यक्रम बाधित होते हैं। इस समस्या को लेकर आज हम समिति के अन्य सदस्यों के साथ अपने क्षेत्र के जनप्रिय विधायक अशोक कुमार से मुलाकात की और रामलीला मैदान में चारदीवारी व रंगमंच के निर्माण के लिए ज्ञापन सौंपा। विधायक अशोक कुमार ने समिति के सदस्यों को रामलीला मैदान की चारदीवारी व रंगमंच के निर्माण का आश्वासन दिया है। विधायक ने बताया कि जल्द ही रामलीला मैदान की चारदीवारी व रंगमंच के लिए जल्द ही एस्टीमेट बनवाकर निर्माण कराया जाएगा। इस दौरान विहिप से महेश विश्वकर्मा, रामलीला उपाध्यक्ष रिंकू मिश्रा सहित कमेटी के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## डिप्टी कमिश्नर ने किया ब्लॉक का निरीक्षण, दिये निर्देश

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के डिप्टी कमिश्नर कृष्णदेव गोस्वामी ने गुरुवार को ब्लॉक मोतिगरपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीसी रुम, पंचायत कार्यालय, मनरेगा सेल, एनआरएलम डेस्क का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक सुधार के साथ मातहतो को स्टोर रूम मे निष्प्रयोज सामान की नीलामी व ग्रांट रजिस्टर में पड़े पुराने मदों के अवशेष पैसों का खर्चा या मदो में वापस करने का निर्देश दिया। गुरुवार को ब्लॉक मे डीसी एनआरएलम के निरीक्षण से कर्मचारियों में हलचल रही । उन्होंने बीसी रूम, पंचायत कार्यालय, मनरेगा सेल और एनआरएलएम डेस्क का निरीक्षण किया। कार्यालय मे टूटे फर्नीचर को दुरुस्त व खुले मे रखी बैटरी पर कवर लगाने का कर्मचारियों को निर्देश के साथ ही कार्यालय परिसर, शौचालय और अन्य कक्षों की साफ-सफाई की स्थिति परखी तथा स्वच्छता व्यवस्था नियमित बनाए रखने पर जोर दिया। वरिष्ठ सहायक पटल पर जीपीएफ व सर्विस पासबुक अद्यतन नहीं पाया गया। एक सप्ताह मे व स्टोर रूम में निष्प्रयोग पाए गए सामानों की नीलामी के साथ ग्रांट रजिस्टर में पुराने मदों के पैसे अवशेष रहने पर खर्च या मदो में वापस करने का निर्देश दिया। डीसी ने कार्यालय में विकास संबंधी फाइलों की गहन जांच की। स्वयं सहायता समूहों के गठन एवं बैंक प्रगति, सीआईएफ वितरण अभिलेख, मनरेगा मास्टर रोल, पंचायत विकास कार्य योजना जीपीडीपी के दस्तावेज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति सूची, ग्राम संगठन एवं क्लस्टर स्तरीय संघ की प्रगति रिपोर्ट के साथ वित्तीय लेखा-जोखा एवं ऑडिट रजिस्टर का अवलोकन किया। अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी निशा तिवारी, एडीओ समाज कल्याण ओपी सिंह, राजकिशोर सिंह, प्रभारी एडीओ पंचायत नितेश सिंह, संजय मिश्र, खंड प्रेरक आशीष पांडेय, सचिन कुमार, शुभम कुमार तथा बीएमएम धर्मेंद्र सिंह आदि ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने विकासखंड सिंहपुर क्षेत्र में विकास कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण



**अमेठी।** प्रदेश के खाद एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग के राज्यमंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान विकासखंड सिंहपुर क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री ने सर्वप्रथम ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना पेण्डारा का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत के सभी मजरों में नल कनेक्शन की स्थिति तथा निर्धारित समयानुसार जलापूर्ति की जानकारी ली। उपस्थित ग्रामीणों से संवाद कर पेयजल उपलब्धता के संबंध में फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान एक बुजुर्ग ग्रामीण द्वारा राशन कार्ड न बनने की जानकारी देने पर मंत्री ने संबंधित पूर्ति निरीक्षक को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने सीएचसी सिंहपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र, दवा वितरण कक्ष, वैक्सीन कक्ष, ऑपरेशन थिएटर, एमएनसीयू वार्ड तथा ओपीडी रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने ँ,ी५'२एवं संबंधित चिकित्सकों को निर्देशित किया कि मरीजों को बेहतर एवं सुचारु स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। प्रभारी मंत्री ने कंपोजिट विद्यालय एवं बीआरसी सिंहपुर का निरीक्षण करते हुए बच्चों से शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया तथा शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खारा स्थित गो आश्रय स्थल का निरीक्षण करते हुए मंत्री ने गोवंशों के लिए हरे चारे, भूसे, पेयजल एवं पशु आहार की उपलब्धता की जानकारी ली।

## कैंप लगाकर लोगों को किया जागरूक

**महराजगंज, रायबरेली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा 2017 से लगातार एक अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत क्रिस्टल फाउंडेशन के मैनेजर द्वारा गांव में कैंप लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है इस अभियान के अंतर्गत जिन लोगों के बैंक में अकाउंट है और बैंक द्वारा उनके खातों से ?20 प्रत्येक वर्ष जून में काटे जाते हैं यह धनराशि खातेदार के खातों से क्यों काटी गई इस संबंध में लोगों को विधिवत जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत आज मोन ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमरेश कुमार की देखरेख में वार्ड सदस्य संतलाल एवं ग्रामवासियों के साथ यह बैठक संपन्न कराई गई जिसमें 18 वर्ष से 70 साल की उम्र तक अगर किसी का एक्सीडेंट किसी कारणवश हो जाता है तो बैंक द्वारा प्रतिवर्ष ?20 एसबीआई प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत यह पैसा बैंक द्वारा अपने खातेदारों के खातों से काटकर जमा किया जाता है और एक्सीडेंट के उपरांत ?200000 बैंक उस खातेदार को या उसके परिवार को अथवा नामिनी को चेक के रूप में प्रदान करती है। इस मौके पर राम शंकर, गंगा प्रसाद, पूर्व पोस्ट मास्टर, महराजदीन मौर्य, काशी प्रसाद, भगवानदीन, जंग बहादुर उर्फ नन्हे, अनूप कुमार, बाबादीन, सुरेश यादव, मनमोहन मौर्य, सूर्य नारायण मौर्य समेत बड़ी तादाद में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट के पटलों का किया निरीक्षण



- पत्रावलियों के डिजिटलीकरण से प्रशासनिक कार्यों में गति आयेगी व पारदर्शिता बढ़ेगी: मंडलायुक्त

**रायबरेली।** मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने आज कलेक्ट्रेट में संयुक्त कार्यालय के विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेख संरक्षण, जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति एवं शिकायत निस्तारण की समीक्षा की।

मंडलायुक्त ने सर्वप्रथम संयुक्त कार्यालय में राजस्व सहायक (प्रथम), न्याय सहायक (द्वितीय), शिकायत प्रकोष्ठ, न्याय सहायक (द्वितीय), लेखाकार, डीएलआरसी, स्थापना, आंग्ल अभिलेखागार, डिस्पैच पटल का निरीक्षण कर पटल से सम्बन्धित कार्यो की गहन समीक्षा की गई व अभिलेखों के रख-रखाव को देखा गया। इसके पश्चात अभिलेखागार का निरीक्षण किया गया। मंडलायुक्त ने कार्यरत कार्मिकों की सेवा पुस्तिका का अवलोकन किया, जिसमें सभी कार्मिकों की सर्विस बुक अपडेट पायी गई।

इसके पश्चात मंडलायुक्त ने सेवानिवृत्त व स्थानान्तरित कार्मिकों की पत्रावलियों का भी अवलोकन किया। मंडलायुक्त ने पटलों के निरीक्षण में संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिये कि अभिलेखों एवं पत्रावलियों का रख-रखाव ठीक प्रकार करें और आवश्यक शासनादेशों को गाइट फाइल में रखें। शस्त्र अनुभाग के निरीक्षण में मंडलायुक्त ने कहा कि शस्त्र वरासत संबंधी सभी पत्रावलियों की जांच करायें और शस्त्र नवीनीकरण की प्रक्रिया समय पर निर्धारित करायें। उन्होंने कहा कि सभी पत्रावलियों का डिजिटलीकरण कराये और डिजिटलीकरण से न केवल प्रशासनिक कार्यों में गति आएगी, बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ेगी। उन्होने सेवानिवृत्त कार्मिकों के देयों के भुगतान की स्थिति की जानकारी ली तथा निर्देश दिये कि सेवानिवृत्ति देयों अथवा एसीपी से संबंधित कोई भी प्रकरण लंबित न रखें। लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने व पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय डीएम हर्षिता माथुर, एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ, एडीएम (न्यायिक) विशाल यादव, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा सहित संबंधित अधिकारी व कलेक्ट्रेट कार्मिक उपस्थित रहे।

## आबकारी निरीक्षक के दबिश में 22 लीटर शराब बरामद

**लंभुआ, सुलतानपुर।** आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने होली के पर्व को देखते हुए क्षेत्र में स्थित दुकानों एवं ढाबों तथा गांव में दबिश डालकर 22 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की और एक मुकदमा भी पंजीकृत किया।

- ढाबों एवं दुकानों का निरीक्षण कर दियेआवश्यक दिशा निर्देश
- होली के मद्देनजर आबकारी टीम कर रही निरीक्षण

होली पर्व को देखते हुए आबकारी आयुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिला आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र वर्मा के पर्यवेक्षण में आबकारी निरीक्षक संजय कुमार श्रीवास्तव आबकारी निरीक्षक लम्भुआ एवं नेहा श्रीवास्तव तथा कोतवाली चांदा के उप निरीक्षक शंकर बक्श सिंह हमराह सिपाहियों की संयुक्त टीम द्वारा थाना कोतवाली चांदा के गोपीनाथपुर गांव में दबिश दी गयी। संयुक्त टीम द्वारा लगभग 22 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी तथा मौके पर 140 किग्रा0 लहन नष्ट करते हुये आबकारी एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। इसके अतिरिक्त आबकारी टीम द्वारा देशी शराब, कंपोजिट की दुकानों का निरीक्षण किया गया। दुकान पर उपलब्ध स्टाक का सत्यापन करते हुये बोतलों पर लगे क्यू आर कोड चेक किया गया, जिसमें किसी प्रकार का छेड़छाड़ किया जाना नहीं पाया गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित वन्दना ढाबा, जय बजरंग आदि ढाबो को भी चेक किया गया, परन्तु कोई शराब की बिक्री होते/शराब पीने संबंधी कोई मामला प्रकाश में नहीं आया।

## केएनआई में आउटरीच कार्यक्रम का शुभारंभ



**सुलतानपुर।** जिले में स्थित के.एन.आई. महाविद्यालय में तीन दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य डॉ. शक्ति सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। यह कार्यक्रम उर्दू, गृहविज्ञान एवं शिक्षाशास्त्र विभागों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज की वास्तविकताओं से जोड़ना तथा उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर विद्यार्थियों का दल सुलतानपुर स्थित वनवासी छात्रावास पहुँचा। यहाँ विद्यार्थियों ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया और उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप उपयोगी सामग्री का वितरण किया। साथ ही बच्चों को स्वच्छता, नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया, जिससे बच्चों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने सीताकुंड घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। घाट परिसर की साफ-सफाई के साथ पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ जल और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का संदेश भी दिया गया। स्थानीय लोगों ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। इस अवसर पर उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. निकहत रफीक, गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा दुबे तथा शिक्षाशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर अश्विनी मिश्रा उपस्थित रहीं। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ समाज के प्रति उनके दायित्वबोध को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम में रिजवा, कुलसुम, खुशी, बहेलिया, नेहा सिंह, नुसरत, वर्षा, दीक्षित सहित अनेक छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही।

## नगर कोतवाली में विद्यार्थियों को मिला पुलिस कार्यप्रणाली का प्रशिक्षण

**सुल्तानपुर।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ (उ.प्र.) द्वारा संचालित छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम 3.0 के तृतीय चरण के तहत कोतवाली नगर सुल्तानपुर में छात्र-छात्राओं को पुलिसिंग से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान नगर कोतवाली के उपनिरीक्षक श्री जितेंद्र राय ने चयनित विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली को क्रमबद्ध तरीके से समझाया। उन्होंने पुलिस विभाग एवं थाने के परिचय, थाना कार्यालय के कार्य, विभिन्न अभिकरणों की भूमिका, महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों का विधिक ज्ञान, मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई, घटनास्थल का निरीक्षण, वीट प्रबंधन, किशोर न्याय, नशा मुक्ति, साइबर अपराध तथा महिला थाना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर गनपत सहाय पीजी कॉलेज, सुलतानपुर के जिला नोडल अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना) डॉ. शाहनवाज आलम एवं डॉ. शकील अहमद, तथा कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. विरेंद्र कुमार गुप्ता (राणा प्रताप पीजी कॉलेज, सुल्तानपुर) उपस्थित रहे। साथ ही क्षेत्राधिकारी सौरभ सामंत, थाना प्रभारी संदीप कुमार, उपनिरीक्षक श्री प्रदीप यादव एवं श्री कृष्ण पाल सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुलिस व्यवस्था, कानून-व्यवस्था की प्रक्रियाओं तथा सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना रहा। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया।

# टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों ने भरी हुंकार

- धरना-प्रदर्शन कर शिक्षकों ने टीईटी अनिवार्यता का किया विरोध



**रायबरेली।** टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीएफआई) के बैनर तले टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में जनपद के शिक्षकों ने आज विकास भवन परिसर में समर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में विशाल धरना-प्रदर्शन किया तथा प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि शिक्षकों की पीड़ा के प्रति सरकार संवेदनशील नहीं दिख रही है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी सरकार की ओर से शिक्षकों की संवेदना में एक शब्द नहीं कहा गया, जिससे शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है।

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार को शिक्षकों की आशंकाओं और समस्याओं पर गंभीरता से विचार करना चाहिए तथा व्यावहारिक समाधान निकालना चाहिए।

जिला मंत्री मुकेश चंद्र द्विवेदी एवं सिया राम सोनकर ने कहा कि शिक्षक हितों की रक्षा के लिए टीएफआई का आंदोलन निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम का संचालन जनपदीय संयुक्त मंत्री डा. चंद्रमणि बाजपेई ने किया।

धरना प्रदर्शन में जनपद के विभिन्न ब्लॉकों से आए जटाशंकर बाजपेयी, राजेश यादव, गजेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, सुरेश सिंह, सूर्यप्रकाश, दिनेश सिंह, रमेश सोनकर, कमलेश ओझा, राजेश पाण्डेय, विनोद अवस्थी, शैलेश पांडे, पवन शुक्ल, सुरेंद्र वर्मा, शिवबालक, कुसुमचंद्र, साधना शर्मा, गिर्जेश सिंह, संजय सिंह, योगेश सिंह, गयेंदु सिंह, आदित्य नारायण पांडे, दीपक कुमार, अजीत सिंह, रघुराज प्रताप, हरिकेश यादव, पनालाल, अंशूमान मिश्रा, आशीष तिवारी, नीरज हंस, शेखर यादव, अमन शुक्ला, दयाशंकर तिवारी, सुरेन्द्र यादव, आशुतोष पांडे, दुर्गेश, अनुराग शुक्ल, आकाश त्रिपाठी, उमेश त्रिवेदी, नीरज शुक्ल, सुधीर द्विवेदी, पूनम सिंह, रेणु शुक्ल, प्रतिमा, साधना, दीपशिखा, मंजुलता, प्रीति, रुचि, इसमत बानो, ललिता, कल्पना, मो. सगीर, दर्शन लाल लोधी, धर्मेंद्र सिंह, अजय मिश्र, रमाशंकर, अरुण कुमार, ब्रमप्रकाश, रामेंद्र यादव, नीरज सोनी, अरविंद कुमार, अभिषेक मिश्रा, दुर्गेश मिश्रा, सर्वेश शुक्ल, शशिकांत, शैलेंद्र सिंह सहित हजारों शिक्षक उपस्थित रहे। धरना-प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, किंतु शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि मांगें न माने जाने की स्थिति में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## 30 लोगों को कुत्तों ने काटा, लोगों में दहशत

**संग्रामपुर] अमेठी ।** अलग-अलग गावों में बुधवार की शाम से लेकर वृहस्पतिवार तक 30 लोगों को कुत्तों ने घायल कर दिया। पीड़ितों ने सीएचसी पहुंचकर एंटीरेबीज इंजेक्शन लगवाने के साथ इलाज कराया। जरौटा के पूनम (15), कनू की विमला देवी (60), कनू अरुण सिंह (60), संग्रामपुर के संजय सिंह (41), भौसिंहपुर के मगंल (30), भौसिंहपुर में निमंत्रण में आए प्रतापगढ़ के शाहबरी निवासी सूर्यभान सिंह (26), मुहिबशाह की गीता देवी (45), वंशोनपट्टी भैरवपुर के बृजेश (35), पुन्नपुर के मुनई (70), भेभौरा के आर्या (5), सोनारी कनू आयुष (5), पुन्नपुर के आदर्श (16), भवानीपुर की श्रेया (25), जरौटा के विक्रम (8), कैथोलिया के विवेक वर्मा (15), नारायनपुर के शिव बहादुर (40), ईटहा के रमन (10), खदरी मधुपुर के कौशल्या (14), भुसहरी के संजय (21), मधुपुर मिश्रौली के छोटे लाल (55), संग्रामपुर खुशबू (17), संग्रामपुर के बसियाईन देवी (48), ईटहा विशेषरगंज के सूर्या पटेल (8), कनू के अयमन (5), भेभौरा की आराध्या पटेल (4)माह, भैरोपुर के छोटे लाल (45), बेलखरी की बिटना (35), ईटहा रामअंजोर वर्मा (68), तुलापुर की महेक गिरी (12), नरायनपुर के विकास सिंह (45) को भी कुत्ते ने घायल कर दिया। भैरोपुर, भौसिंहपुर, जरौटा और ईटहा विशेषरगंज में पागल कुत्ते ने लोगों को काटने के साथ ही पालतू पशुओं को भी काटने की बात सामने आई है। जिससे लोगों और पशु पालक किसानों में दहशत का माहौल बन गया है।

संक्षेप

## सैमसंग ने लॉन्च की गैलेक्सी एस26 सीरीज

नयी दिल्ली। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज गैलेक्सी एस26 सीरीज लॉन्च की है, जिसमें कमाल की परफॉर्मेंस, इंडस्ट्री का अग्रणी कैमरा सिस्टम और गैलेक्सी एआई अनुभव हैं जो लोगों के रोजमर्रा के फोन टास्क को आसान बनाएंगे। गैलेक्सी एस26, एस26 प्लस और एस26 अल्ट्रा सैमसंग की तीसरी पीढ़ी के एआई फोन हैं और यह बैकग्राउंड में बड़ी ही आसानी से जटिल टास्क संभालते हैं, जिससे यूजर्स सिर्फ परिणामों पर फोकस कर सकते हैं। गैलेक्सी एस26 सीरीज के साथ, हमने एआई को इतना आसान बनाने पर फोकस किया है कि यह बैकग्राउंड में चुपचाप काम करे, ताकि लोग सिर्फ उन चीजों पर ध्यान दे जो मायने रखती हैं।

## मिंत्रा अपने 19वें जन्मदिन के अवसर पर मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट लेकर आया

नयी दिल्ली। मिंत्रा अपने 19वें जन्मदिन के अवसर पर मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट (एमबीबी) लेकर आया है। यह ईवेंट 28 फरवरी से शुरू होगी। मिंत्रा इनसाईडर कस्टमर्स को 24 घंटे पहले यानी 27 फरवरी से इसकी अरली एक्सेस मिल जाएगी। इस एडिशन में फैशन, ब्यूटी और लाईफस्टाईल श्रेणियों में 20,000 से अधिक इंटरनेशनल और मेड-इन-इंडिया ब्रांड्स के 6 मिलियन से अधिक स्टाईल उपलब्ध होंगे। आगामी शादियों के सीजन और ईद एवं होली जैसे त्योहारों को देखते हुए इस एडिशन में मेंस और वीमेंस एथनिक वियर, ब्यूटी और पर्सनल केयर और वॉच और वियरेबल्स की श्रेणियों में तेजी रहने की उम्मीद है।

## स्टिंग एनर्जी ने हर छक्के को दी अपनी खास सोनिक आइडेंटिटी

नयीदिल्ली। पेप्सिको इंडिया के हाई वोल्टेज एनर्जी ड्रिंक स्टिंग एनर्जी ने आज अपने सोनिक ब्रांड यूनिवर्स के नए चैप्टर में कदम रखते हुए मैच में लगने वाले हर छक्के को अपने सिग्नेचर स्टिंग मूमेंट में बदलने का कैंपेन शुरू किया। अपनी मौजूदगी को देखते हुए स्टिंग एनर्जी ने इस सीजन में एक बड़ा लक्ष्य रखा है: मैच में लगने वाले हर छक्के की आवाज को उसकी पहचान देने का लक्ष्य। जब बॉल बाउंड्री के पार जाती है, तो हर बाउंड्री एक जैसी नहीं होती और न ही हर छक्का एक जैसा होता है।

## आईएसबी की नयी रिपोर्ट जारी

नयी दिल्ली। इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) के नए अध्ययन में सामने आया है कि मध्यम आकार के कई पारिवारिक उद्यमों को अभी-भी भारत में हो रही आर्थिक वृद्धि का लाभ नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि वो अल्पकालिक लाभ पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं, जिसकी वजह से वो टेक्नोलॉजी और इकोसिस्टम के माध्यम से भविष्य के लिए निवेश नहीं कर पाते, जो ग्लोबल कंपनियों को मिलने वाली एक महत्वपूर्ण बढ़त होती है। आईएसबी की नई रिपोर्ट, बिजनेस इनोवेशन- एन इंपेरेटिव फॉर इंडियन फैमिली-लेड बिजनेस में सामने आया है कि पारिवारिक व्यवसाय स्थानीय और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद होते हैं, लेकिन फिर भी इनमें से कई व्यवसाय धीरे-धीरे बढ़ने वाले विकास मॉडल्स पर आश्रित हैं।

## विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन 2026 के रजत जयंती संस्करण का शुभारंभ

नई दिल्ली। द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) के वार्षिक प्रमुख मंच, विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन 2026 के रजत जयंती संस्करण का आज शुभारंभ हुआ। यह आयोजन जलवायु और विकास से जुड़े परिवर्तनकारी कार्यों के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए दुनिया भर के नेताओं, नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत के दिग्गजों, शोधकर्ताओं और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों को एक साथ लाता है। परिवर्तनट्रांसफॉर्मिंग: सतत विकास के लिए दृष्टि, स्वर और मूल्य की व्यापक थीम के अंतर्गत आयोजित डब्ल्यूएसडीएस का यह 25वां संस्करण, शिखर सम्मेलन की विरासत में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## वीर सावरकर को भारत रत्न देने की मांग

लखनऊ। क्रान्तिकारी स्वातंत्र्य वीर विनायकदामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर आज यहां इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित हुये अभिनव भारत पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में वीर सावरकर को भारत-रत्न देने मांग की गयी। अधिवेशन में पार्टी के सर्वसम्मति से नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष चेतन शर्मा ने कहा कि वीर सावरकर ने अपने युवावस्था में ही अभिनव भारत संगठन की स्थापना कर पराधीन भारत में क्रांति की ज्वाला प्रज्वलित की थी, उन्होंने केवल स्वतंत्रता का स्वप्न नहीं देखा बल्कि उसके लिये काल कोठरी में अमानवीय यातनाएं सही।

# शेयर बाजार स्थिर रुख के साथ बंद

मुंबई। वैश्विक संकेतों के बीच उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 27 अंक की गिरावट रही जबकि निफ्टी में 14 अंक की बढ़त दर्ज की गई।

कारोबारियों ने कहा कि एचडीएफसी बैंक एवं कुछ अन्य प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से सूचकांकों पर दबाव बना। इसके अलावा अमेरिका-ईरान वार्ता के पहले निवेशकों ने सतर्कता भी दिखाई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 27.46 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 82,248.61 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 82,579.16 अंक के ऊपरी और 81,970.47 अंक के निचले स्तर को छुआ। इस तरह सूचकांक में 608.69 अंक का उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया।




वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 14.05 अंक या 0.06 प्रतिशत बढ़कर 25,496.55 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में एचडीएफसी बैंक, पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, मारुति और भारती एयरटेल के शेयरों में बढ़त रही। विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता से पहले सतर्कता और प्रमुख आर्थिक आंकड़ों के इंतजार में निवेशकों ने मुनाफावसूली की। वैश्विक बाजारों से मिले मिले-जुले संकेतों और अमेरिका में बेरोजगारी दावों एवं भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े आने से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,991.64 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,118.57 करोड़ रुपये की लिवाली की। अमेरिका-ईरान तनाव, एआई से जुड़े घटनाक्रम और शुल्क संबंधी चिंताओं के बीच निवेशक धारणा सतर्क बनी रही। हालांकि, संस्थागत खरीदारी ने सूचकांकों में बड़ी गिरावट को थामने में मदद की। क्षेत्रवार सूचकांकों में बीएसई हॉस्पिटल खंड 1.35 प्रतिशत चढ़ गया जबकि पीएसयू बैंक खंड में 0.98 प्रतिशत, स्वास्थ्य देखभाल खंड में 0.96 प्रतिशत और पूंजीगत उत्पाद खंड में 0.88 प्रतिशत की तेजी रही। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.57 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप में 0.12 प्रतिशत की गिरावट रही।

# रुपया एक पैसे की मामूली गिरावट के साथ 90.92 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपया एक पैसे टूटकर 90.92 (अस्थायी) पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और दुनिया की प्रमुख प्रतिस्पर्धी मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने से रुपये पर दबाव रहा। विदेशीमुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हालांकि, विदेशी कोषों का निवेश बढ़ने से रुपये को समर्थन मिला और गिरावट पर अंकुश लग गया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, डॉलर के मुकाबले रुपया 90.86 पर खुला और कारोबार के दौरान 90.81-90.93 के सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद अंत में 90.92 (अस्थायी) पर बंद हुआ। यह पिछले बंद भाव के मुकाबले एक पैसे की गिरावट है। बुधवार को रुपया सीमित दायरे में रहा और डॉलर के मुकाबले चार



पैसे की बढ़त के साथ 90.91 पर बंद हुआ। हमें उम्मीद है कि अमेरिका और ईरान के बीच भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने का जोखिम और व्यापार शुल्क की अनिश्चितता के बीच रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। अमेरिका और ईरान के बीच जिनेवा में बातचीत होने की संभावना है, और बाजार बैठक के नतीजे पर नजर रखेंगा। कारोबारी अमेरिका से आने वाले साप्ताहिक बेरोजगारी दावे के आंकड़ों से भी संकेत ले सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि डॉलर-रुपये की हाजिर कीमत के 90.60 रुपये से 91.20 रुपये के बीच कारोबार करने की उम्मीद है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख प्रतिस्पर्धी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला, डॉलर इंडेक्स 0.03 प्रतिशत घटकर 97.73 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक कच्चा तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.21 प्रतिशत बढ़कर 71 डॉलर प्रति बैरल हो गया। घरेलू शेयर बाजार में, सेंसेक्स 27.46 अंक घटकर 82,248.61 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 14.05 अंक बढ़कर 25,496.55 पर रहा। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक बाजार में शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने बुधवार को 2,991.64 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# कमजोर वैश्विक रुख से चांदी 7400 रुपये लुढ़की, सोना 1300 रुपये टूटा

नयी दिल्ली। कमजोर वैश्विक रुख और कारोबारियों की मुनाफावसूली के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 7,400 रुपये घटकर 2.70 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि सोना 1,300 रुपये के नुकसान के साथ 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 7,400 रुपये या लगभग तीन प्रतिशत घटकर 2,70,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। इसका पिछला बंद स्तर 2,77,900 रुपये प्रति किलोग्राम था। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1300 रुपये या लगभग एक प्रतिशत



घटकर 162,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गया। पिछले बाजार सत्र में यह 1,64,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि यह गिरावट मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोरी के रुख और सप्ताह की शुरुआत में कीमतों के तीन हफ्ते के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद हल्की मुनाफावसूली की वजह से हुई। मजबूत डॉलर ने सर्राफा में निवेश की दिलचस्पी को और कम कर दिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर चांदी 1.91 डॉलर या 2.15 प्रतिशत टूटकर 87.28 डॉलर प्रति औंस रह गई, जबकि सोना थोड़ी बढ़त के साथ 5,176.21 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

## पात्र विनिर्माता-आयातकों को मार्च से मिलेगी सीमा शुल्क स्थगन सुविधा

नयी दिल्ली। राजस्व विभाग अगले महीने से पात्र विनिर्माता-आयातकों के लिए 30 दिन की सीमा शुल्क स्थगन सुविधा शुरू करेगा। इससे इन आयातकों को अपनी पूंजी का बेहतर प्रबंधन करने में मदद मिलेगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकरी दी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2026-27 के बजट में प्रस्ताव किया था कि पात्र विनिर्माता-आयातकों को वही सीमा शुल्क स्थगन सुविधा दी जाए जो अधिकृत आर्थिक संचालकों को उपलब्ध है। यह कदम ऐसे आयातकों को समय के साथ पूर्ण विकसित टियर-3 एईओ के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

# मिजोरम विधानसभा में 2026-27 के लिए 17,469.91 करोड़ रुपये का बजट पेश

आइजोल। मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने बृहस्पतिवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 17,469.91 करोड़ रुपये का बजट पेश किया जिसमें सामाजिक ढांचे को मजबूत करने, संपर्क सुविधा बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहन पर जोर दिया गया है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने चालू वित्त वर्ष के लिए 3,724.25 करोड़ रुपये की अनुपूरक अनुदान मांगें भी सदन में रखीं। दिसंबर 2023 में जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) पार्टी के सत्ता में आने के बाद यह राज्य सरकार का तीसरा बजट है। वित्त विभाग का भी प्रभार रखने वाले लालदुहोमा ने कहा कि सरकार किसानों की आजीविका सुधारने के लिए अपनी प्रमुख बाना काइह (हैंड होल्डिंग) योजना को जारी रखेगी। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए 350 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है, जिसमें से 150 करोड़ रुपये चिन्हित प्रमुख फसलों की खरीद के लिए निर्धारित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय करों में हिस्सेदारी के रूप में मिलने वाले 8,608.08 करोड़ रुपये सहित कुल राजस्व प्राप्तियां 17,469.91 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। वहीं, कुल व्यय 17,076.92 करोड़ रुपये आंका गया है।

# डब्ल्यूटीओ में भारत की आठवीं व्यापार नीति समीक्षा जुलाई में

नयी दिल्ली। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भारत की आठवीं व्यापार नीति समीक्षा इस साल जुलाई में होगी। इस दौरान सदस्य देशों की तरफ से भारत की व्यापार नीतियों की व्यापक समीक्षा की जाएगी। बृहस्पतिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि व्यापार नीतियों की इस समीक्षा से पहले भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने डब्ल्यूटीओ में भारत के डिजिटल कस्टम सुधारों और व्यापार सुगमता समझौते (टीएफए) के क्रियान्वयन को प्रस्तुत किया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य (सीमा शुल्क) सुरजीत भुजबल ने किया। इसके पहले, भारत की सातवीं व्यापार नीति समीक्षा जनवरी, 2021 में जिनेवा स्थित डब्ल्यूटीओ में की गई थी। सीबीआईसी और भारत के स्थायी मिशन ने 24 फरवरी को डब्ल्यूटीओ में विशेष व्यापार सुगमता सत्र आयोजित किए थे। इन सत्रों में करीब 40 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिससे भारत के अनुभव और बेहतर व्यवहार में व्यापक रुचि दिखाई दी। मंत्रालय ने कहा कि भारत ने डब्ल्यूटीओ के व्यापार सुगमता समझौते के तहत अपनी 100 प्रतिशत प्रतिबद्धताओं को तय समयसीमा के भीतर अधिसूचित कर दिया है। इसके बाद अब देश टीएफए प्लस उपायों की ओर बढ़ रहा है, जो राष्ट्रीय व्यापार सुगमता कार्ययोजना (एनटीएफएपी 3.0) के तहत न्यूनतम मानकों से आगे जाकर वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप सुधारों पर केंद्रित हैं। व्यापार सुगमता पर आयोजित सत्र के दौरान भारतीय सीमा शुल्क विभाग ने सम्पूर्ण-सरकार दृष्टिकोण पर जोर देते हुए चेहरा-रहित, संपर्क-रहित और कागज-रहित सीमा-शुल्क व्यवस्था बनाने के प्रयासों को रेखांकित किया। व्यापक डिजिटलीकरण और प्रक्रियाओं में सुधार से सीमापार व्यापार को सरल बनाने में मदद मिली है।

# गोयल ने अमेरिकी वाणिज्य मंत्री लुटनिक से की मुलाकात, व्यापार पर हुई चर्चा

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर से बृहस्पतिवार को मुलाकात की।

इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की गई। गोयल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर की मेजबानी की। हमारे बीच व्यापार और आर्थिक साझेदारी के विस्तार पर बेहद सार्थक चर्चा हुई। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देने की



प्रक्रिया में हैं जिससे इसकी अहमियत और बढ़ जाती है। दोनों पक्षों के मुख्य वार्ताकारों की इस सप्ताह वॉशिंगटन में समझौते के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देने के लिए मुलाकात होनी थी, लेकिन अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क आदेश को रद्द करने के बाद इसे स्थगित कर दिया गया। उच्चतम न्यायालय के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक शुल्क आदेश को निरस्त किए जाने के बाद, अमेरिका सरकार ने सभी देशों पर 150 दिन के लिए 10 प्रतिशत शुल्क लागू करने की घोषणा की। ट्रंप ने बाद में इसे बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने की भी घोषणा की लेकिन इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। गोयल ने मंगलवार को कहा था कि अमेरिका में शुल्क के मोर्चे पर स्थिति स्पष्ट होते ही भारत अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता फिर से शुरू करेगा। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के महत्वपूर्ण आर्थिक एजेंडा को बड़ा झटका देते हुए, अमेरिकी शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा कि ट्रंप के द्वारा विश्वभर के देशों पर लगाए गए शुल्क अवैध हैं।

## ग्लोबल एग्रोटेक 2026 के पहले दिन बी.एल. एग्रो ने प्रस्तुत की अपनी विविध क्षमताओं की विस्तृत श्रृंखला

लखनऊ। बी.एल. एग्रो ने गुरुवार को लखनऊ स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में शुरू हुए ग्लोबल एग्रोटेक 2026 प्रदर्शनी एवं सम्मेलन के पहले दिन अपनी विविध क्षमताओं की विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन किया। तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन ब्रजेश पाठक, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर कृषि क्षेत्र के रूपांतरण के लिए एकीकृत मंच पर वरिष्ठ नीति-निमार्ताओं, अंतरराष्ट्रीय राजनयिकों, शोध संस्थानों, उद्योग जगत के नेताओं और प्रगतिशील किसानों की सहभागिता रही। इस अवसर पर घनश्याम खंडेलवाल, चेयरमैन, बी.एल. एग्रो ने कहा कि तीन दिवसीय ग्लोबल एग्रोटेक देश के इतिहास में एक मील का पत्थर है। यह क्षेत्र भारतीय जीडीपी में सबसे बड़े योगदानकताओं में से एक है और आबादी के एक बड़े हिस्से को रोजगार प्रदान करता है। यह उद्योग वर्तमान में परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और इसलिए सभी हितधारकों को एक मंच पर लाकर भविष्य के लिए एक बड़ा कदम उठाने की जिम्मेदारी हम पर है।

## पेज एक का शेष

### बुकिंग के

उड़ानें रद्द होने के दौरान भी टिकट वापसी का मुद्दा प्रमुखता से सामने आया था। उस समय नागर विमानन मंत्रालय ने एयरलाइन कंपनियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर रिफंड करने का निर्देश दिया था। संशोधित नियम 24 फरवरी को जारी किए गए थे। अब एयरलाइंस को निर्देश दिया गया है कि वे यात्रियों को टिकट बुक करने के बाद 48 घंटे की अवधि के लिए लुक इन यानी उसे अद्यतन करने का विकल्प प्रदान करें। इस अवधि के दौरान यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के टिकट रद्द या संशोधित कर सकते हैं। लेकिन जिस संशोधित उड़ान के लिए टिकट लेना चाहते हैं, उसके लिए जो भी किराया बनता है यानी किराये में जो अंतर है, वह देना होगा। जब टिकट सीधे एयरलाइन की वेबसाइट के माध्यम से बुक किया जाता है, यह सुविधा उन उड़ानों के लिए उपलब्ध नहीं होगी जिनकी प्रस्थान तिथि घरेलू उड़ानों के मामलों में बुकिंग की तारीख से सात दिन से कम और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 15 दिन से कम है। बुकिंग समय के 48 घंटे बाद, यह विकल्प उपलब्ध नहीं होगा और यात्री को संशोधन के लिए टिकट रद्द कराने को लेकर संबंधित शुल्क का भुगतान करना होगा। डीजीसीए ने यह भी कहा है कि यदि यात्री द्वारा टिकट बुकिंग के 24 घंटे के भीतर नाम में किसी तरह की गलती बताई जाती है और टिकट सीधे एयरलाइन की वेबसाइट से बुक किया जाता है, तो उसी व्यक्ति के नाम में सुधार के लिए एयरलाइन को कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लेना चाहिए। नियामक के अनुसार, चिकित्सा आपात स्थिति के कारण टिकट रद्द होने की स्थिति में एयरलाइन कंपनी पैसा वापस कर सकती है या क्रेडिट विकल्प प्रदान कर सकती हैं।

### मानवता को

खरी साझेदारी को विशेष रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम तकनीक और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में सहयोग को नई गति प्रदान करने के लिए भारत-इजराइल महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों की साझेदारी की स्थापना की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि इजराइल में यूपीआई के उपयोग के लिए एक समझौता हो गया है। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खतरे का जिक्र करते हुए कहा कि भारत और इजराइल इस खतरे का एकजुट होकर सामना करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि भारत और इजराइल इस बात को लेकर पूरी तरह स्पष्ट हैं कि दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। किसी भी रूप में, किसी भी अभिव्यक्ति में, आतंकवाद को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि हम आतंकवाद और उसके समर्थकों का विरोध करने में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे हैं, और हम ऐसा करना जारी रखेंगे। भारत और इजराइल के बीच भारत-पश्चिम एशिया यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के कार्यान्वयन और आई2यू2 (भारत-इजराइल-यूएई-अमेरिका) के ढांचे के तहत सहयोग पर भी चर्चा हुई।

### योगी का

भारतीय समुदाय के साथ बड़े और उत्साहपूर्ण कार्यक्रम संपन्न हुए, जिन्होंने भारत और उत्तर प्रदेश के प्रति सकारात्मकता और विश्वास को और सुदृढ़ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पास पर्याप्त स्केल, बड़ा लैंड बैंक और निवेश को आकर्षित करने के लिए स्पष्ट सेक्टोरल पॉलिसियां हैं। राज्य में कानून-व्यवस्था की सुदृढ़ स्थिति और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था निवेशकों के विश्वास को मजबूत कर रही है। यदि 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू और 2.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव जमीनी धरातल पर उतरते हैं, तो 5 लाख से अधिक युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सिंगापुर और जापान की यह यात्रा केवल समझौतों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, स्किलिंग, औद्योगिक निवेश और रोजगार सृजन के माध्यम से उत्तर प्रदेश के विकास की नई दिशा तय करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दौरा उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक मील का पत्थर सिद्ध होगा।

### रणनीतिक साझेदारी

साझेदारी की स्पष्टता और विश्वास का प्रतीक बताया। उन्होंने यामानाशी प्रशासन और सभी संबंधित पक्षों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग साझा आर्थिक दृष्टि और सांस्कृतिक जुड़ाव पर आधारित है।

### धन शोधन

करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले से संबंधित है। इस जांच के तहत जनवरी में ईडी ने आरकॉम के पूर्व अध्यक्ष पुनीत गर्ग को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने पहले दावा किया था कि कथित तौर पर हेराफेरी की गई धनराशि को आरकॉम की कई विदेशी अनुषंगी कंपनियों और विदेशी संस्थाओं के माध्यम से डायवर्ट किया गया था। अंबानी और उनके समूह की विभिन्न कंपनियों पर ज्ण धोखाधड़ी के आरोप हैं। ईडी ने हाल ही में इन सभी मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। एसआईटी का गठन उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के बाद किया गया। ईडी ने बुधवार को धनशोधन रोधी कानून के तहत अनिल अंबानी के मुंबई स्थित आवास एबोड को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया था। इसकी कीमत 3,716 करोड़ रुपये बताई गई है। ईडी द्वारा शीर्ष अदालत को दी गई जानकारी के अनुसार, उसने अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) के खिलाफ बैंक ज्ण धोखाधड़ी और अन्य वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए धनशोधन के तीन मामले दर्ज किए हैं।

### जनगणना 2027

तैयार किया गया है और लगभग वास्तविक समय में इस प्रकिया पर नजर रखी जा सकती है। इस सॉफ्टवेयर की मदद से क्षेत्र में काम करने वाले 32 लाख कार्यकर्ता, गणनाकर्ता और पर्यवेक्षक हस्तचालित उपकरणों का उपयोग करके करोड़ों घरों से सूक्ष्म जनसांख्यिकीय, सामाजिक और आर्थिक डेटा प्राप्त कर सकेंगे। सीएमएमएस आर्किटेक्चर के माध्यम से डेटा को प्रसारित, एकत्रित और मान्य किया जा सकता है, जिससे संकलन और त्रुटि सुधार के लिए आवश्यक समय में काफी कमी आती है। भारत के रजिस्ट्रार जनरल मृत्युंजय कुमार नारायण ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को संबोधित एक परिपत्र में कहा, आगामी जनगणना 2027 में आंकड़ों के संग्रह और प्रसार की गुणवत्ता, दक्षता और समयबद्धता को बढ़ाने के लिए डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग किया जाएगा। आगामी जनगणना में, आंकड़े डिजिटल माध्यम से एकत्र किए जाएंगे, जो जनगणना प्रक्रिया के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी कदम होगा। प्राप्त परिपत्र की प्रति में कहा गया है कि सीएमएमएस जनगणना कार्यों के संपूर्ण प्रबंधन को सुगम बनाएगा, जिसमें विभिन्न स्तरों पर उपयोगकर्ताओं का निर्धारण, प्रशिक्षण मॉड्यूल का संचालन, हाउसलिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) का निर्माण और उसका विवरण तथा पर्यवेक्षी मंडलों का आवंटन, पर्यवेक्षी मंडलों और एचएलबी का आवंटन, गणनाकर्ताओं और पर्यवेक्षकों के नियुक्ति पत्र और पहचान पत्र जारी करना आदि शामिल हैं। परिपत्र में कहा गया है कि सीएमएमएस जनगणना के क्षेत्रीय परिचालन के संबंध में नियुक्तियों, प्रशिक्षण और लगभग वास्तविक समय की निगरानी को सुविधाजनक बनाने में मददगार होगा।

### बीबीडी यूनिवर्सिटी

जवानी चलती है, उस ओर जमाना चलता है अर्थात आज का युवा ही विकास की यात्रा तय करता है। आज नये-नये एमओयू के तहत लखनऊ भी ब्रह्मोस जैसे मिसाइल बनाकर रक्षा के क्षेत्र में नये आयाम रच रहा है। इसी कड़ी में छात्रों द्वारा बनाये गये उत्कर्ष-2026 के लोगो डिजाइन में विजयी छात्रों को पुरुस्कृत किया गया। इसके बाद विराज सागर दास ने मुख्य अतिथि नीरज सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इससे पूर्व बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने अपने संबोधन में उत्कर्ष-2026 के उद्घाटन समारोह में बीबीडी समूह की ओर से सभी अतिथियों, संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों और मीडिया बंधुओं का स्वागत किया। विशेष रूप से मुख्य अतिथि नीरज सिंह (उत्तर प्रदेश में फिक्की यंग लीडर्स फोरम के चेयरमैन) का अभिनंदन किया। उन्होंने बीबीडी यूनिवर्सिटी के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव को केवल प्रतिभा और सृजनात्मकता का मंच नहीं, बल्कि विरासत से विकास तक की प्रेरणादायी यात्रा का प्रतीक बताया। अपने संबोधन में नीरज सिंह के युवा नेतृत्व, कौशल विकास, रोजगार सृजन और 50,000 से अधिक युवाओं को विकसित भारत के एंबेसडर के रूप में जोड़ने के प्रयासों को सराहा और विद्यार्थियों को उनके समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। विराज सागर दास ने कहा कि इस वर्ष उत्कर्ष की थीम विरासत से विकास तक हमारे राष्ट्र और हमारे विश्वविद्यालय की यात्रा अत्यन्त सुदंरता से प्रस्तुत करता है। हमारी समृद्ध विरासत से हमारे असीमित भविष्य तक, भारत एक ऐसी सभ्यता है जिसने वेदों और उपनिषदों जैसे हमारे धर्म ग्रन्थों की ज्ञान परंपरा से लेकर नवाचार की भावना तक विश्व को कालजयी ज्ञान प्रदान किया है। नालंदा और तक्षशिला जैसे प्राचीन विश्वविद्यालयों से लेकर आज प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष के क्षेत्र में नेतृत्व तक भारत ने सदैव विश्व को यह दिखाया है कि विरासत और प्रगति साथ-साथ चल सकते है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत वैश्विक तकनीकी नवाचार का केंद्र बनकर उभर रहा है। हाल ही में भारत ने एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी की, जहां प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि हमें भारत में एआई का डिजाइन और विकास करना है तथा उसे विश्व तक पहुंचाना है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भारत का प्राचीन ज्ञान आधुनिक तकनीक और मानवता के बीच सेतु का कार्य करेगा और भारत विश्व के लिए एक जिम्मेदार एवं नैतिक भविष्य का निर्माण करेगा। यही विरासत से विकास तक की सच्ची भावना है और इस यात्रा का बीबीडी विश्वविद्यालय एक गौरवशाली उदाहरण है। मूल्यों, अनुशासन और उत्कृष्टता की सुदृढ़ नींव पर निर्मित, हमारे विश्वविद्यालय ने अनेक विद्यार्थियों के जीवन को सकारात्मक और उन्नतशील दिशा प्रदान की है। इस अवसर पर उत्कर्ष-2026 की पुरानी यादों पर आधारित एक वीडियो द्वारा बीबीडी की यात्रा के बारे में दिखाया गया। इसके बाद बीबीडी के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई जिसे देखकर उपस्थित दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूंज उठा। इस दौरान बीबीडी के छात्रों द्वारा टेक एक्सपो-2026 में 100 से अधिक मॉडल नई तकनीक एआई, सीसीएमएल पर आधारित बनाये गये मॉडलो को बीबीडी के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, वाइस प्रेंसीडेंट सोनाक्षी दास एवं डायरेक्टर, एडीजी स्कूल देवांशी दास द्वारा देखकर छात्रों की प्रशंसा एवं उत्साहवर्धन किया गया। उद्घाटन समारोह के समापन पर प्रो. एसएमके रिजवी, मुख्य संयोजक-उत्कर्ष-2026 ने कहा कि यह कार्यक्रम बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता की प्रेरणा से हुआ, उन्होंने तीन दिवसीय कार्यक्रम उत्कर्ष के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष हमारे छात्र कुछ नया करते है। इस अवसर पर उन्होंने सभी अतिथियों, निदेशक, डीन, फैकल्टी, स्टाफ एवं छात्रों के प्रति आभार एवं धन्यवाद प्रेषित किया।




# भारत ने जिम्बाब्वे को 72 रन से हराया

## भारत सेमीफाइनल से एक जीत दूर, अभिषेक-पंड्या ने फिफ्टी लगाई; साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंचा

एजेंसी

चेन्नई। भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 पहली जीत हासिल की है। टीम इंडिया ने गुरुवार के दूसरे मैच में जिम्बाब्वे को 72 रन से हराया। इसी के साथ सुपर-8 ग्रुप-1 से साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंच गई है। टीम इंडिया ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 256 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 184 रन ही बना सकी। भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के 8वें सुपर-8 मैच में जिम्बाब्वे को 257 रन का टारगेट दिया है। जवाब में जिम्बाब्वे ने 4 ओवर में बिना नुकसान के 25 रन बना लिए हैं। ब्रायन बेनेट और तदिवानाशे मारुमनी क्रीज पर हैं। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम इंडिया ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 256 रन बना डाले। यह टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है।

हाईएस्ट स्कोर का रिकॉर्ड 260 रन है, जो श्रीलंका ने 2007 में केन्या के खिलाफ बनाया था। अभिषेक शर्मा के 55, हार्दिक पंड्या के नाबाद 50 और तिलक वर्मा के नाबाद 44 रन के सहारे 256 रन का स्कोर बनाया। यह टीम इंडिया का टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा स्कोर भी है। पिछला रिकॉर्ड 218 रन का था। जोकि इंग्लैंड के खिलाफ 2007 में बना था। डरबन में खेले गए उस मैच में युवराज सिंह ने स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में लगातार 6 छक्के लगाए थे। जिम्बाब्वे के 4 गेंदबाजों को एक-एक विकेट मिला। क्या आप खुद को क्रिकेट के सुपर फैन मानते हैं? पूरे ळ20 वर्ल्ड कप टूनामेंट के दौरान दैनिक भास्कर के खास गेम 'सुपर ओवर' में रोज क्रिकेट से जुड़े 6 सवाल आपका क्रिकेट ज्ञान परखेंगे। जितनी जल्दी सही जवाब देंगे उतने ज्यादा रन बनेंगे। जितने ज्यादा रन बनेंगे, लीडरबोर्ड में उतना ही ऊपर आएंगे। तो रोज खेलिए और टूनामेंट का टॉप स्कोरर बनिए। अर्शदीप सिंह ने जिम्बाब्वे की पारी के पहले ओवर में महज 4 रन दिए हैं। उनके इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई। सभी रन सिंगल-डबल से बने। अर्शदीप सिंह ने जिम्बाब्वे की पारी के पहले ओवर में महज 4 रन दिए हैं। उनके इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई। सभी रन सिंगल-डबल से बने। भारतीय पारी के आखिरी ओवर में हार्दिक पंड्या ने छक्के से फिफ्टी पूरी की। ब्रैड इवांस की आखिरी बॉल पर पंड्या ने डीप स्क्वैयर लेग की दिशा में छक्का लगाया। पंड्या ने 23 बॉल पर फिफ्टी लगाई। इसी के साथ भारत ने टी-20 वर्ल्डकप के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। सबसे बड़ा स्कोर 260 रन है, जो



श्रीलंका ने 2007 में केन्या के खिलाफ बनाया था। 19वें ओवर में तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली है। पंड्या ने रिचर्ड नगारवा की पहली बॉल पर चौका लगाया। इसी चौके से उन्होंने तिलक के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप भी की। तिलक वर्मा ने ओवर की चौथी और पांचवीं बॉल पर छक्के लगाए। इस ओवर से 21 रन आए। 19वें ओवर में इंडिया ने टी-20 वर्ल्डकप के इतिहास में अपना सबसे बड़ा स्कोर बना लिया है। पिछला रिकॉर्ड 218 रन का था। जोकि इंग्लैंड के खिलाफ 2007 में बना था। डरबन में खेले गए उस मैच में युवराज सिंह ने स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में लगातार 6 छक्के लगाए थे। 17वें ओवर में भारत ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। तिलक वर्मा ने ब्रैड इवांस की चौथी बॉल पर एक्स्ट्रा कवर्स के ऊपर छक्का लगाया। इसी के साथ टीम इंडिया 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। 15वें ओवर की 5वीं बॉल पर भारत ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान सूर्यकुमार यादव 13 बॉल पर 33 रन बनाकर आउट हुए।

उन्हें रिचर्ड नगारवा ने ताशिंगा मुसेकिवा के हाथों कैच कराया। 13वें ओवर में भारत ने तीसरा विकेट गंवा दिया। अभिषेक शर्मा 30 गेंद पर 55 रन बनाकर कैच हो गए। उन्हें तिनोतेंदा मपोसा ने कप्तान सिकंदर रजा के हाथों कैच कराया। 12वें ओवर की 5वीं बॉल पर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को जीवनदान मिला। ब्रैड इवांस की बॉल पर ब्लेसिंग मुजरबानी से डीप बैकवर्ड स्क्वैयर लेग में कैच छूट गया। यहां सूर्या 12 रन पर खेल रहे थे। 11वें ओवर की पहली बॉल पर अभिषेक शर्मा ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने 26 बॉल पर हाफ सेंचुरी पूरी की। अभिषेक ने टी-20 वर्ल्डकप में पहला अर्धशतक लगाया। सिकंदर रजा के ओवर की चौथी बॉल पर ईशान किशन 38 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रिचर्ड नगारवा ने कैच किया। 10वें ओवर में भारत ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। ब्रायन बेनेट की पहली बॉल पर ताशिंगा मुसेकिवा ने ईशान किशन का कैच ड्रॉप किया। यहां सिंगल भी मिला। इसी सिंगल के साथ टीम इंडिया का स्कोर 100 रन तक पहुंच गया। ईशान किशन ने अभिषेक शर्मा के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप की। 9वें ओवर में अभिषेक शर्मा और ईशान किशन ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली है। उन्होंने सिकंदर रजा की 5वीं बॉल पर सिंगल लिया और साझेदारी का 50वां रन बनाया। टीम इंडिया ने 48 रन के स्कोर पर संजू सैमसन का विकेट गंवाया था। 7वें ओवर में सिकंदर रजा ने महज 4 रन दिए। उनके ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई और सभी रन सिंगल के जरिए बने। इस ओवर के बाद टीम का स्कोर 84/1 हो गया।

## जम्मू-कश्मीर को शीतकालीन खेलों के लिए नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मिलेगा

गुलमर्ग। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को कहा कि शीतकालीन खेलों को बढ़ावा देने के लिए जम्मू-कश्मीर में एक नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा और साथ ही घोषणा की कि खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के भविष्य के चरणों को 15 दिन तक बढ़ाया जाएगा। मांडविया ने इस साल के खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के दूसरे चरण के समापन समारोह पर यहां इस इलाके को मुख्य वैश्विक शीतकालीन खेल हब बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। गुलमर्ग गोल्फ कोर्स में अपने भाषण के दौरान मांडविया ने कहा, कश्मीर की जमीं में बहुत संभावनाएं है। यहां एक नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा। आने वाले



समय में गुलमर्ग शीतकालीन खेलों का वैश्विक हब होगा। उन्होंने कहा, अब शीतकालीन खेल सिर्फ चार दिन तक सीमित नहीं रहेंगे। पर्यटन को जोड़कर हम 15 दिन लंबे शीतकालीन खेल आयोजित करेंगे जिसमें फिट इंडिया महोत्सव , सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा कई स्पर्धाएं शामिल होंगी।

## भारत ने स्वीडिश क्लब एनस्केडे आईके डैम के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला



नयी दिल्ली। भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम ने स्वीडन के लिडिंगो स्थित बोसन नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर में स्वीडिश क्लब एनस्केडे आईके डैम के खिलाफ एक मैत्री मैच 1-1 से ड्रॉ खेला। बुधवार रात को खेले गए इस मैच में सिबानी देवी नोंगमेइकापम ने 44वें मिनट में भारत को बढ़त दिलाई। एनस्केडे ने 88वें मिनट में स्कोर बराबर किया। भारत की अंडर-20 टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडर्सन ने टैबी एफके के खिलाफ पिछले मैच में 4-0 से जीत दर्ज करने वाली टीम के शुरुआती एकादश में आठ बदलाव किए। इससे पहले भारतीय टीम को हैमरबी आईएफ से 0-6 से हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम शनिवार को कार्लबर्ग्स बीके के खिलाफ एक और मैत्री मैच खेलेगी। यह दौरा इस साल के आखिर में थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप की तैयारियों का हिस्सा है।

## संक्षेप

### सैंटनर जैसा कप्तान आपको अभेद्यमहसूस कराता है : रचिन

कोलंबो। न्यूजीलैंड के आलराउंडर रचिन रविंद्र ने टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में अपनी टीम की श्रीलंका पर 61 रन से जीत के बाद अपने कप्तान मिचेल सैंटनर की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह अपने साथी खिलाड़ियों के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह हैं और उन्हें दमदार महसूस कराने का तरीका ढूंढ लेते हैं। रविंद्र ने इस मैच में 32 रन बनाए और 19 रन देकर चार विकेट भी लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। कप्तान सैंटनर की 26 गेंदों पर खेली गई 47 रन की पारी से न्यूजीलैंड 84 रन पर छह विकेट गंवाने के बावजूद सात विकेट पर 168 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में श्रीलंका आठ विकेट पर 107 रन ही बना सका। रविंद्र ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम सभी जानते हैं कि सैंटनर कितने शांत स्वभाव के हैं, लेकिन उनका सोचने का तरीका भी कमाल का है, जैसे कि किस छोर से कौन सी गेंद फेंकनी है। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वह अच्छा प्रदर्शन करके आगे बढ़कर नेतृत्व करते हैं।

### हम हालात का जल्दी अंदाजा नहीं लगा पाए : शाई होप

अहमदाबाद। वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने दक्षिण अफ्रीका से टी20 विश्व कप सुपर आठ मैच में बृहस्पतिवार को मिली नौ विकेट की हार के बाद स्वीकार किया कि हालात का जल्दी अंदाजा नहीं लगा पाने और रणनीति पर अमल नहीं कर पाने की वजह से उनकी टीम को भारी कीमत चुकानी पड़ी।

होप ने कहा कि नतीजा वैसा नहीं था जैसा टीम चाहती थी लेकिन उन्होंने कहा कि यह हालात में किसी बड़े बदलाव से बजाय रणनीति पर अमल करने पर ही निर्भर करता है क्योंकि यह अहमदाबाद में उनका पहला मैच था। होप ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, आप कई बातों पर चर्चा कर सकते हैं लेकिन मुझे लगता है कि यह हमेशा रणनीति पर अमल करने पर निर्भर करता है। कभी-कभी जब आप उतनी जल्दी ढल नहीं पाते और अंदाजा नहीं लगा पाते जितनी जल्दी आप चाहते हैं तो आप खुद को मुश्किल में पाते हैं। होप ने पिच को अच्छा करार देते हुए कहा कि इसने उन्हें दक्षिण अफ्रीका की परिस्थितियों की याद दिलाई।

## क्रिकेट तंत्र को मजबूत व पर्यटन को बढ़ावा दे रही एसए20 लीग

नयी दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा आईसीसी टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन का श्रेय काफी हद तक घरेलू टी20 लीग एसए20 को भी जाता है जिसने देश में क्रिकेट के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के अलावा रोजगार के अवसर पैदा किए और पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है।

जनवरी 2023 में शुरू हुई इस लीग के चार सत्र के दौरान ही दक्षिण अफ्रीकी टीम ने क्रिकेट के मैदान पर कई शानदार नतीजे हासिल किए जिसमें आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में पहुंचना और 2025 में ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीतना भी शामिल है। भारत और श्रीलंका में चल रहे मौजूदा आईसीसी टी20 विश्व कप में भी दक्षिण अफ्रीका की टीम अब तक अजेय है। इस लीग ने देश के क्रिकेट ढांचे को ही मजबूत नहीं किया है बल्कि देश में रोजगार के नए अवसर पैदा करने के अलावा पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है। इस लीग की सभी छह टीम एमआई केपटाउन, पार्ल रॉयल्स, जोबर्ग सुपरकिंग्स, डरबन सुपर जाइंट्स,




प्रिटोरिया कैपिटल्स और सनराइजर्स ईस्टर्न केप के मालिक भारतीय हैं और ऐसे में लीग की नजरें स्थानीय पर्यटकों के अलावा भारतीय पर्यटकों पर भी टिकी हैं। अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए मशहूर केपटाउन और वेस्टर्न केप की पर्यटन, उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने वाली आधिकारिक एजेंसी वेसग्रो ने भी एसए20 की लोकप्रियता को भुनाकर पर्यटकों को आकर्षित करने की योजना बनाई है। वेसग्रो की कार्यकारी मुख्य पर्यटन अधिकारी जूलिया लोव ने अपनी योजनाओं को साझा करते हुए बताया, हम अभी डेस्टिनेशन मार्केटिंग अभियान में व्यस्त हैं। हम अलग-अलग चीजों के फिल्मांकन के व्यस्त हैं और इसमें क्रिकेट भी एक है।

## रणजी फाइनल : जम्मू- कश्मीर बेहतर स्थिति में

एजेंसी

हुबली। जम्मू-कश्मीर ने तेज गेंदबाज औकिब नबी की धारदार गेंदबाजी से कर्नाटक के शीर्ष क्रम को ध्वस्त करते हुए बृहस्पतिवार को यहां तीसरे दिन मयंक अग्रवाल के नाबाद शतक के बावजूद पहली पारी में मेजबान टीम का स्कोर पांच विकेट पर 220 रन करके अपना पलड़ा भारी रखा। दिन का खेल खत्म होने पर अग्रवाल 130 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि विकेटकीपर कृतिक कृष्णा 27 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। कर्नाटक की टीम अब भी पहली पारी के आधार पर मेहमान टीम से 364 रन पीछे है। नबी ने जम्मू-कश्मीर के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए 14 ओवर में 32 रन देकर तीन विकेट चटकाए। जम्मू-कश्मीर ने इससे पहले शुभम पुंडीर के 121 रन की मदद से अपने पहले रणजी फाइनल में पहली पारी में



584 रन का बड़ा स्कोर बनाया। क्वार्टर फाइनल में मध्य प्रदेश के खिलाफ 12 विकेट चटकाने वाले 28 साल के नबी ने पूरे सत्र में टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया और मौजूदा सत्र में उनके विकेटों की संख्या 58 हो गई है जो उत्तराखंड के स्पिनर मयंक मिश्रा के 59 विकेट से सिर्फ एक कम है।

भारतीय टीम में जगह बनाने का दावा पेश कर रहे नबी ने लोकेश राहुल (13) को जल्दी आउट करके कर्नाटक को बड़ा झटका दिया। नबी ने देर से मिली मूवमेंट से भारत के टेस्ट स्टार राहुल को पूरी तरह से चौंका दिया और गेंद बल्ले के किनारे से लगकर विकेटकीपर कन्हैया वधावन के हाथों में चली गई। मैदानी अंपायर रोहन पंडित ने उन्हें आउट नहीं दिया लेकिन डीआरएस लेने पर उन्हें अपना फैसला बदलना पड़ा। नबी ने दूसरे सत्र में दो गेंद पर दो विकेट लेकर जम्मू-कश्मीर को मजबूत स्थिति में पहुंचाया जबकि उससे पहले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सुनील कुमार ने कर्नाटक के कप्तान देवदत्त पडिक्कल (11) को आउट किया। पडिक्कल ने अच्छा फुटवर्क नहीं दिखाया और सुनील की गेंद पर स्लिप में अब्दुल समद को कैच दे बैठे। दो विकेट गिरने के बावजूद अग्रवाल ने कुछ आकर्षक शॉट खेले।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला जीवंत रखने के लिए बल्लेबाजी में सुधार करना होगा भारत को

होबार्ट। मौजूदा विश्व चैंपियन भारत को पहले मैच में बुरी तरह हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की वनडे श्रृंखला को अगर जीवंत रखना है तो उसे शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। टी20 श्रृंखला 2-1 से जीतने के बाद भारतीय टीम वनडे श्रृंखला की अच्छी शुरुआत नहीं कर पाई और ब्रिस्बेन में खेले गए पहले मैच में छह विकेट से हार गई। भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कभी भी द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं जीती है। इस प्रारूप में इन दोनों देशों के बीच खेली गई श्रृंखलाओं में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा है। दोनों टीमों के बीच अभी तक 11 द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला खेली गई हैं जिनमें सभी में ऑस्ट्रेलिया ने जीत हासिल की। इनमें 2024 में 3-0 से और सितंबर 2025 में 2-1 से जीत भी शामिल है। लेकिन भारत 2025 में महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर मिली पांच विकेट की जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। वर्तमान श्रृंखला के पहले मैच में भारतीय बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया की चुनौती का सामना करने में नाकाम रहे और पूरी टीम केवल 214 रन पर आउट हो गई।

## पूर्व हॉकी खिलाड़ी फारूक मैरिकन का निधन

सिंगापुर। सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व हॉकी खिलाड़ी और मैनेजर फारूक मैरिकन अली का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। वह 80 बरस के थे। देश के खेल समुदाय ने अली के निधन पर दुख जताया जो हॉकी को जीते थे और अपने खिलाड़ियों का बहुत ख्याल रखते थे। फारूक के परिवार में 68 साल की पत्नी जैसिंटा एरियोला और 42 साल की बेटी शाईन मैरिकन हैं। द स्ट्रेट्स टाइम्स की एक खबर के मुताबिक उनके परिवार ने मौत का कारण नहीं बताया। दिग्गज पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ फारूक डिफेंडर की भूमिका में खेलते थे और 1968 से 1971 तक राष्ट्रीय टीम के लिए खेले। उन्होंने 1982 से 2000 के दशक तक सिंगापुर की पुरुष टीम के मेनेजर की भूमिका निभाई। इस समाचार पत्र से जुड़े रहे पूर्व पत्रकार हकीकत राय ने कहा कि फारूक हमेशा अपने जानने वाले लोगों के साथ दरियादिल रहते थे और वह अपने खिलाड़ियों की बहुत परवाह करते थे। राय ने कहा, फारूक इस खेल के अच्छे जानकार थे। वह क्लब और राष्ट्रीय स्तर पर खेले। उन्हें खेल और नवीनतम ट्रेनिंग तरीकों की गहरी समझ थी।

## दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराया

एजेंसी

अहमदाबाद। दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान एडेन मारक्रम (नाबाद 82 रन) के अर्धशतक के साथ उनकी दो साझेदारियों से बृहस्पतिवार को यहां सुपर आठ के मैच में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराकर जीत का सिलसिला जारी रखते हुए आईसीसी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली। दक्षिण अफ्रीका ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद बल्लेबाजी में भी कमाल किया। टीम ने अपनी बेहतरीन रणनीति की बदौलत जीत की लय जारी रखी। यह उनकी लगातार छठी जीत थी जिससे उन्होंने टूर्नामेंट में वेस्टइंडीज के अजेय क्रम पर लगाम लगाई।

दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज पर जीत से दो अहम अंक जुटाए जिससे मेजबान भारत की अब क्वालीफिकेशन की उम्मीदें मजबूत हो गई हैं। दक्षिण अफ्रीका से मिली हार से भारत की उम्मीदों को झटका लगा था। इस हार से कैरेबियाई टीम के नेट रन रेट पर असर पड़ा जो 5.350 से घटकर 1.791 हो गया। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने पहले दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज के बल्लेबाजी क्रम को झकझोरा जिसने




निचले क्रम के बल्लेबाज रोमारियो शेफर्ड (नाबाद 52) और जेसन होल्डर (49) के बीच रिकॉर्ड साझेदारी की बदौलत वापसी करते हुए आठ विकेट पर 176 रन बनाए।

फिर दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान मारक्रम (46 गेंद, सात चौके, चार छक्के) के अर्धशतक और क्विंटन डिकॉक (47 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 7.5 ओवर में 95 रन की भागीदारी और रेयान रिकलटन (नाबाद 45 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 गेंद में 82 रन की अटूट साझेदारी से 16.1 ओवर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका ने पावरप्ले के छह ओवर में 69 रन बनाकर वेस्टइंडीज के गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने नियंत्रण बनाए रखा। मारक्रम और डिकॉक ने तेज गेंदबाजों और स्पिनर दोनों पर आराम से रन जुटाकर शानदार साझेदारी की।

डिकॉक ने 24 गेंद की अपनी पारी में चार छक्के और इतने ही चौके लगाए। लेकिन वह लांग ऑन पर जेसन होल्डर को कैच देकर आउट हो गए। मारक्रम ने गुडाकेश मोती की गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। रिकलटन क्रीज पर उतरे और उन्होंने मारक्रम का अच्छा साथ निभाया। मारक्रम ने जेसन होल्डर की गेंद पर सीधा चौका लगाकर मैच स्टाइल से खत्म किया। इससे पहले पिछले मैच में जिम्बाब्वे पर शानदार जीत दर्ज करने वाली वेस्टइंडीज ने सात ओवर के अंदर 60 रन में पांच विकेट गंवा दिए थे।

इसमें दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबाडा (22 रन देकर दो विकेट) और लुंगी एनगिडी (30 रन देकर तीन विकेट) ने वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया। वेस्टइंडीज का स्कोर एक समय सात विकेट पर 83 रन था लेकिन शेफर्ड (37 गेंद, तीन चौके, चार छक्के) और होल्डर (31 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) ने मिलकर आठवें विकेट के लिए 57 गेंद में 89 रन की रिकॉर्ड साझेदारी करके टीम को इस स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने स्पिनर केशव महाराज से शुरूआत कराई लेकिन कप्तान शाई होप (16) ने शुरू में ही जोश दिखाते हुए दो छक्के और एक चौका लगा दिया। दूसरे छोर पर ब्रैंडन किंग (21 रन) ने मार्को यानसेन के बाउंड्री लगाई जिससे वेस्टइंडीज ने दो ओवर में 29 रन बना लिए।

## न्यूजीलैंड व इंग्लैंड होंगे आमने-सामने

एजेंसी

कोलंबो। अपने स्पिनरों के दम पर पिछले मैच में श्रीलंका पर बड़ी जीत दर्ज करने वाला न्यूजीलैंड शुक्रवार को यहां टी20 विश्व कप के सुपर आठ के मैच में इंग्लैंड के खिलाफ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर सेमीफाइनल में जगह सुरक्षित करने की कोशिश करेगा। इंग्लैंड पहले ही अपने दोनों मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुका है लेकिन यह मैच उसके लिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम का भी फैसला होगा।

श्रीलंका के खिलाफ 61 रन की बड़ी जीत से न्यूजीलैंड सेमीफाइनल के करीब पहुंच गया है क्योंकि इससे उसका नेट रन रेट अच्छा हो गया है। न्यूजीलैंड का नेट रन रेट प्लस 3.050 है और उसे अगले मैच में बस यह सुनिश्चित करना है कि अगर वह इंग्लैंड से पराजित हो भी जाता है तो हार का अंतर न्यूनतम हो। इंग्लैंड से हार के बाद पाकिस्तान का नेट रन रेट माइनस 0.461 हो गया है। उसे नेट रन रेट में न्यूजीलैंड से आगे निकलने के लिए कीवी टीम की करारी हार के लिए दुआ करनी होगी और साथ ही सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में श्रीलंका को बड़े अंतर से हराना होगा। लेकिन



न्यूजीलैंड ने यह साबित कर दिया है कि वह श्रीलंका के खिलाफ छह स्पिनरों के साथ खेलने में सहज था जिसके दम पर उसने बड़े अंतर से जीत हासिल की। इस मैच में न्यूजीलैंड के स्पिनरों और इंग्लैंड के बल्लेबाजों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। पाकिस्तान के खिलाफ शतक बनाने वाले कप्तान हैरी ब्रूक और ऑलराउंडर विल जैक्स दोनों ने ही साइम अयूब, मोहम्मद नवाज और शादाब खान जैसे स्पिनरों के सामने सहज प्रदर्शन किया।

लेकिन अब उनके सामने न्यूजीलैंड की कड़ी चुनौती है, जिसके स्पिनर मिचेल सैंटनर, रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स और कोल मैककॉन्ची पाल्लेकल की तुलना में प्रेमदासा स्टेडियम की अधिक चिपचिपी पिच पर बहुत उपयोगी साबित हो सकते हैं। ब्रूक अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन अनुभवी जोस बटलर को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया है। बटलर की अच्छी शुरुआत से इंग्लैंड निश्चित रूप से बेहतर स्थिति में आ जाएगा। दूसरी ओर जैक्स की ऑफ स्पिन और लियाम डॉसन की बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी भी उतनी ही चुनौतीपूर्ण हो सकती है।

प्रेमदासा की पिच पर अगर स्पिनर गेंदबाजी कर रहे हों तो 165 से 175 के बीच का कोई भी स्कोर जीत के लिए पर्याप्त हो सकता है। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रविंद्र ने श्रीलंका के खिलाफ बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद कहा कि भले ही उनका स्पिन आक्रमण मजबूत है लेकिन इंग्लैंड को कम करके आंकना गलती होगी। रविंद्र ने कहा, इस तरह के मुकाबले में खेलने के लिए हमेशा आत्मविश्वास बना रहता है, विशेषकर जब हमें पता होता है कि पिच कैसी होगी। लेकिन मुझे लगता है कि किसी भी समय इंग्लैंड को कम करके आंकना मूर्खता होगी। उन्होंने कहा निश्चित रूप से उनकी टीम काफी अच्छी है। उनके गेंदबाज अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं और उनके पास बल्लेबाजी क्रम में नीचे तक विश्व स्तरीय बल्लेबाज हैं।

